E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित


# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 185 | गुवाहाटी | शनिवार, 3 फरवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सत्यमेव जयते
असम सरकार

## असम में बुनियादी ढांचे के विकास की ऊर्ध्वगामी यात्रा



## ₹11,600 करोड़


रुपए की
बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

मुख्य अतिथि
**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



### परियोजनाएं

### उद्घाटन



विश्वनाथ चारिआली से गोहपुर तक
**चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग**
**₹ 1,451 करोड़**

भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित यह राष्ट्रीय राजमार्ग तेजपुर से ईटानगर तक एक वैकल्पिक सड़क सुविधा प्रदान करके यातायत व्यवस्था में सुधार करेगा।



डोलाबारी से जामुगुरी तक
**चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग**
**₹ 592 करोड़**

भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित यह राष्ट्रीय राजमार्ग तेजपुर शहर में यातायात भीड़ की समस्या समाधान करने के साथ असम के उत्तरी तट पर राजमार्गों की गुणवत्ता में सुधार करेगा।

### शिलान्यास

माँ कामाख्या प्रवेश कॉरिडोर (दिव्यलोक परियोजना)
तीर्थयात्रियों के लिए आवाजाही हेतु बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना तथा विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना
**₹498 करोड़**
पीएम-डिवाइन के तहत भारत सरकार की योजना

यूनिटी मॉल
देश के सभी राज्यों और असम के सभी जिलों के अनोखे संसाधनों के प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान करना
**₹297 करोड़**
भारत सरकार और असम सरकार की परियोजना

गुवाहाटी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल का अवसंरचना विकास
अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना
**₹3,250 करोड़**
असम सरकार की परियोजना

करीमगंज चिकित्सा महाविद्यालय
इस क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना
**₹578 करोड़**
असम सरकार की परियोजना

38 पुलों सहित 43 सड़कों का उन्नयन
यह असम के सड़क नेटवर्क में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा ताकि कोई भी गांव संपर्क से वंचित न रहे
**₹3,444 करोड़**
असम सरकार की परियोजना

चंद्रपुर स्टेडियम
उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल स्टेडियम सहित अंतरराष्ट्रीय मानक सुविधाएं प्रदान करना
**₹300 करोड़**
असम सरकार की परियोजना

लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, गुवाहाटी को जोड़ने वाली सड़क का चौड़ीकरण
सड़कों का परिसर बढ़ाकर यातायात की भीड़ को कम करना
**₹358 करोड़**
भारत सरकार और असम सरकार की परियोजना

नेहरू स्टेडियम का विकास
खेल प्रेमियों के लिए विश्व स्तरीय फीफा मानदंड फुटबॉल स्टेडियम उपलब्ध कराना
असम सरकार की परियोजना
**₹832 करोड़**

पशु चिकित्सा महाविद्यालय खेल का मैदान, खानापाड़ा | 4 फरवरी 2024 | सुबह 11:30 बजे | सीधा प्रसारण DD NEWS

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रचारित
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

असम वार्ता सब्सक्राइब करने के लिए 7636834943 पर Assam लिखकर व्हाट्सएप्प करें
-- Janasanyog /D/17245/23/3-Feb-24

# मेरे मुद्दा उठाने के बाद राहुल गांधी का बॉडी डबल चुपचाप चला गया : हिमंत विश्व शर्मा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल किया गया बॉडी-डबल उनके द्वारा जनता के सामने मुद्दा उठाने के बाद चुपचाप गुवाहाटी से चला गया। यहां पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि हमने अपनी यात्रा के दौरान राहुल द्वारा इस्तेमाल किए गए बॉडी डबल की पहचान कर ली है। असम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्धारित यात्रा समाप्त होने के बाद मैं सार्वजनिक डोमेन के सामने तथ्य पेश करूंगा। उनके मुताबिक, असम में यात्रा के दौरान राहुल भीड़ का उत्साह नहीं बढ़ा रहे थे, बल्कि उनके बॉडी डबल लोगों के साथ चल रहे थे और उनका अभिवादन कर रहे थे। शर्मा ने दावा किया कि मेरे द्वारा मुद्दा उठाने के बाद, राहुल का बॉडी डबल चुपचाप गुवाहाटी हवाई अड्डे से निकल गया और दिल्ली चला गया। वह व्यक्ति यात्रा के बाद के हिस्से में राहुल के साथ नहीं था। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को स्थानीय प्रशासन द्वारा यातायात में व्यवधान का हवाला देते हुए गुवाहाटी शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं दिए जाने के बाद असम पुलिस ने कथित तौर पर भीड़ को हिंसा भड़काने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया। बाद में राहुल ने भाजपा के नेतृत्व वाली असम सरकार को उनके खिलाफ *जितना संभव हो उतने मामले* दर्ज करने की चुनौती दी। कांग्रेस नेता ने शर्मा को देश का *सबसे भ्रष्ट सीएम* कहा और जमीन व सुपारी कारोबार से संबंधित कई आरोप लगाए। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं पता कि शर्मा को यह धारणा कहां से मिली कि वह पुलिस शिकायतें दर्ज करके मुझे डरा सकते हैं। जितने मामले दर्ज कर सकते हैं, दर्ज करें। मैं आपसे डरने वाला नहीं हूं, 25 मामले और दर्ज करें। मैं भाजपा-आरएसएस से नहीं डरता।

## डिगबोई में जंगली हाथी के हमले में एक की मौत

**तिनसुकिया ( हिंस )।** जिले के डिगबोई हल्दीबाड़ी में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पवित्र फूकन के रूप में की गई है। आज सुबह घर के परिसर में घुसकर उपद्रव कर रहे हाथी का पीछा करते समय युवक पर हाथी ने हमला कर दिया, जिसमें युवक की मौत हो गई। हाथी पिछले कुछ दिनों से पूरे इलाके में उपद्रव मचा रहा है। युवक की मौत के बाद लोग उत्तेजित हो गये। खबर पाकर वन विभाग के पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने अपना रोष जताया। वन विभाग की टीम को रोककर लोगों ने अपना गुस्सा प्रकट किया। लोगों का कहना है कि वन विभाग को हाथियों के खतरे की सूचना देने के बाद भी वन विभाग ने ध्यान नहीं दिया। डिगबोई वन परिक्षेत्र अधिकारी सुमी देवरी के मौके पर नहीं पहुंचने से लोगों में आक्रोश है।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद




**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में लगातार हथियार और गोला-बारूद बरामद किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में मणिपुर पुलिस, मणिपुर राइफल्स, असम राइफल्स, बीएसएफ तथा भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे हैं। अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान एक 12जी शॉटगन, एक मैगजीन के साथ .22 स्वचालित राइफल, नौ सिंगल बैरल राइफल, मैगजीन के साथ एक देश निर्मित 9 मिमी पिस्तौल, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार बम, छह इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार बम लोडर, एक केनवुड रेडियो सेट, दस 12 बोर राउंड तथा पांच 9 मिमी राउंड चुराचांदपुर जिले से बरामद की गईं। घाटी तथा भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित विभिन्न जिलों में सुरक्षा बल सघन छापामारी अभियान चला रहे हैं।

## एसएसबी ने छत की सिलिंग सामग्री से भरे वाहन को किया जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**कोकराझाड़ ( हिंस/विभास )।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सीमा चौकी दादगिरी की टीम द्वारा बीती रात अंतर्राष्ट्रीय भारत-भूटान सीमा स्तंभ 169/5 के नजदीक तलाशी के दौरान एक वाहन को रोका। तलाशी के दौरान एक महिन्द्रा इंटरा वाहन (एएस-26एसी-0639) को संदेहात्मक तौर पर रोककर वाहन चालक से पूछताछ की गयी। स्पष्ट जानकारी एवं कागजात नहीं मिलने के बाद वाहन की तलाशी ली गई। वाहन से छत सिलिंग सामग्री (जिप्सम बोर्ड-120 पीस, पेरिमगरेटर-100 पीस एवं पॉप-05 पीस) वाहन से बरामद किया गया। वाहन से बरामद सामग्री को अवैध रूप से भारत से भूटान ले जाया जा रहा था। जब्त की गई अवैध सामग्री एवं वाहन तथा संदिग्ध व्यक्ति को लैंड कस्टम ऑफिस हातीचर को अग्रिम कार्यवाही हेतु एसएसबी ने सौंप दिया।

## श्रीश्री अश्वक्लान्त देवालय प्रबंधन समिति ने राज्यपाल से की मुलाकात

### श्रीश्री महाविष्णु यज्ञ की तैयारी शुरू

**गुवाहाटी ( हिंस )।** तीसरी बार श्रीश्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन विष्णुतीर्थ श्रीश्री अश्वक्लान्त देवालय में किया जा रहा है। 15 मार्च से तीन दिनों तक महाविष्णु यज्ञ आयोजित होगा। देवालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष लखेश्वर शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप शर्मा, पत्रकार मुकुटेश्वर गोस्वामी, हेमंत कुमार शर्मा और अखिल भट्टाचार्य आज सुबह 11 बजे राजभवन पहुंचे और राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को श्रीश्री अश्वक्लान्त देवालय में चल रहे निर्माण कार्य के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने देवालय प्रबंध समिति द्वारा आयोजित श्रीश्री विष्णु महायज्ञ में भाग लेने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया। श्रीश्री विष्णु महायज्ञ परिचालन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्म शर्मा और रिनिकी भुइयां शर्मा मुख्य संरक्षक, मुख्यमंत्री के विशेष ड्यूटी अधिकारी हेमंत




चौधरी, अध्यक्ष और देवालय प्रबंध समिति के लखेश्वर शर्मा को सचिव के रूप में शामिल कर एक मजबूत कमेटी बनाई गई है। 15 मार्च को धर्म ध्वज फहराने के साथ महाविष्णु यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद विशाल धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा। तीन दिनों तक कीर्तन, शंख, घंटी की ध्वनि के नाम का जाप करने से मंदिर में आध्यात्मिक माहौल बनेगा और धर्मालोचनी सभा का आयोजन किया जाएगा, भारत के विभिन्न प्रांतों से संतों की उपस्थिति रहेगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत देवालय परिसर में सामीन, अशोक, रुद्राक्ष, चंदन और बरगद के पेड़ों के पौधे लगाए जाएंगे। प्रतिदिन श्रद्धालुओं को भोग वितरित किया जाएगा। असम सहित भारत के विभिन्न हिस्सों से आने वाले संत और श्रद्धालु महायज्ञ में भाग लेंगे। 17 मार्च को 51 हजार आहुति के साथ तीसरे महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

## हेल नदी में अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव मिला

**कोकराझाड़( हिंस )।** फकीराग्राम के हेल नदी में आज एक महिला का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। कोकराझाड़ जिले के फकिराग्राम थाना अंतर्गत हेल नदी में मिले महिला के शव की पहचान नहीं हो पायी है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी फकीराग्राम पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए कोकराझाड़ जिला अस्पताल में भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर शव की शिनाख्त में जुटी हुई है।



## हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिला के बिलासीपाड़ा में अवैध हथियारों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि सापटग्राम पुलिस ने हथियारबंद युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से 7.65 एमएम की पिस्तौल, 4 जिंदा कारतूस के साथ एक लग्जरी गाड़ी (एएस-17ई-8171) बरामद किया है। गिरफ्तार हथियारबंद युवक की पहचान निल्सन अली के रूप में हुई है। निल्सन अली का घर बिलासीपाड़ा के टिलापाड़ा में है।

## बाल विवाह के आरोपी को 20 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रुपए का जुर्माना

**चिरांग ( हिंस )।** चिरांग जिला के काजलगांव सत्र न्यायाधीश की विशेष अदालत ने आज बाल विवाह के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सत्र न्यायाधीश चंद्रांशु चतुर्वेदी की अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपित को 20 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में, जब असम सरकार ने राज्य भर में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया था तो उसी कड़ी में सिदली पुलिस स्टेशन के गरुभाषा पुलिस चौकी के अंतर्गत जुइलगा गांव निवासी सैमुअल हासदा के पुत्र प्रबिशन हासदा (22) को बाल विवाह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। काजलगांव के सत्र न्यायाधीश की विशेष अदालत ने प्रोबिसन हासदा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत अदालत में आरोपपत्र दाखिल करने के एक साल के भीतर ही यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया। फैसले में अतिरिक्त एक वर्ष के लिए 10 हजार रुपए के अवैतनिक कारावास का उल्लेख किया गया। लोक अभियोजक नंदिता बसुमतारी ने सुनवाई के दौरान पीड़ति की ओर से अदालत में बहस की।

## धुबड़ी में दस जुआरी गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिलांतर्गत चापर इलाके से पुलिस ने 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया है कि पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने चापर बाजार के शिंगारपाक में छापा मारा। छापेमारी में 10 जुआरियों गिरफ्तार किया गया। मौके से जुए के सामान के साथ 51 हजार रुपए नकद जब्त किए गए। गिरफ्तार जुआरियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत मं जेल भेज दिया गया।

## होजाई की तेलीबस्ती में *आनंद निकेतन वृद्धा आश्रम* का होगा निर्माण

### समाजसेवी सजल कांति देव ने दी तीन बीघा जमीन




**होजाई ( विभास )।** होजाई के तेलीबस्ती में असाहय बुजुर्गों को आसरा प्रदान करने के उद्देश्य से एक वृद्धा आश्रम का निर्माण का काम जल्द ही प्रारंभ होने वाला है। उक्त वृद्धा आश्रम का नाम *आनंद निकेतन वृद्धा आश्रम* होगा। उक्त वृद्धा आश्रम के एक न्यासी दिलीप दे ने हमारे संवाददाता को आज जानकारी देते हुए बताया प्रवीण समाजसेवी सेजल कांति देव के यथक प्रयासों से होजाई आंचल में वृद्धा आश्रम का कार्य प्रारंभ होने वाला है। दे ने बताया की सजल कांति देव ने अपनी तीन बीघा जमीन उक्त कार्य हेतु दान में दी है। इस वृद्धा आश्रम के निर्माण हेतु बुधवार को एक सभा का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में होजाई के विधायक रामकृष्ण घोष उपस्थित हुऐ। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण घोष ने उक्त मानव सेवा के कार्य हेतु जमकर प्रशंसा की व सबों को आश्वासन दिया कि उक्त नेक कार्य हेतु सरकारी सहायता हेतु वे पुरजोर प्रयास करेंगे। सभा में श्यामल दुलाल रक्षित ने कहा कि उक्त कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए वे कम है। उन्होंने आगे कहा कि हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे की जितने भी सहायता हो सके हम करेंगे। उल्लेखयोग्य है, उक्त वृद्धा आश्रम के मुख्य नियासी है सजल कांति देव व नियासी- श्यामल दुलाल रक्षित, विकाश दे, श्यामसुंदर साहा, श्यालेंद्र देवनाथ, अरुण देवनाथ, दिलीप दे, मोनी दे है। होजाई वासियों ने उक्त कार्य की जमकर प्रशंसा की।

## मणिपुर पुलिस ने 250 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 250 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 194 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 216 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 141 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

## केवि, खानापाड़ा के 10वीं के छात्र रितुपर्णा रॉय वीरगाथा अवार्ड से सम्मानित




**गुवाहाटी।** केंद्रीय विद्यालय खानापाड़ा गुवाहाटी के 10वीं के छात्र रितुपर्णा रॉय को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के द्वारा वीरगाथा सम्मान दिया गया। ज्ञात है कि हमारे देश के अनजान स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा को भारत के जन जन तक पहुंचाने के लिए पिछले तीन वर्षों से वीर गाथा के द्वारा पूरे भारत के स्कूलों में एक कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें कविता, कला, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन के द्वारा उन वीर सपूतों को याद किया जाता है जिनके बारे में आज की पीढ़ी अनजान है इस वर्ष भी पूरे भारत के 2 लाख 42 हजार 834 स्कूलों के 1 करोड़ 36 लाख 87 हजार 581 छात्रों ने वर्चुअली तथा फिजिकली भाग लिया, जिसमें 168 इंटरेक्टिव सेशन के बाद पूरे भारत से 100 छात्रों का अंतिम चयन किया गया। जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के द्वारा पदक एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया, इन 100 छात्रों में केंद्रीय विद्यालय खानापाड़ा गुवाहाटी के 10वीं के छात्र तथा गुवाहाटी महानगर के वशिष्ठ पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक रंजन रॉय एवं ममता रॉय के सुपुत्र रितुपर्णा रॉय भी हैं , इस उपलब्धि को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय खानापाड़ा में आज प्रिंसिपल , एवं अन्य अध्यापकों के साथ ही स्कूल के सभी छात्रों ने आज रितुपर्णा रॉय के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया।

## समावेशी शिक्षा पर पांच दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ




**विश्वनाथ ( विभास )।** समग्र शिक्षा, बिश्वनाथ द्वारा समावेशी शिक्षा पर माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज बिश्वनाथ कॉमर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुरू हुआ। प्रशिक्षण सत्र का औपचारिक उद्घाटन विश्वनाथ अतिरिक्त जिला आयुक्त (शिक्षा) व समग्र शिक्षा अभियान के विश्वनाथ जिला मिशन समन्वयक ध्रुवज्योति दास ने किया। बेदव्रत बोरा, डीपीओ (जिला कार्यक्रम अधिकारी) ने प्रशिक्षण अवधि के उद्देश्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में बिश्वनाथ जिले के बिश्वनाथ, बिहाली और छयदुवार शिक्षा प्रखंड के अधीन विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के कुल एक सौ पचास शिक्षकों ने भाग लिया। यह उल्लेख जाता है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 फरवरी को समाप्त होगा।

## आईएलिवेट ने आठगांव गौशाला में लाइव बूथ का किया अनावरण

### आईएलिवेट के साथ एलिवेटर के अंतर का अनुभव करें : नीलेश श्यामसुखा

**गुवाहाटी ( विभास )।** सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक अभूतपूर्व पहल करते हुए आईएलिवेट ने आज आठगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला प्रांगण में अपने एक विशाल और अद्वितीय समीचीन केंद्र आईएलिवेट लाइव बूथ का अनावरण किया। पूर्वोत्तर के प्रतिष्ठित उद्योगपति तथा जानेमाने समाजसेवी कैलाश लोहिया ने आज आईएलिवेट के निदेशक और युवा उद्यमी नीलेश श्यामसुखा सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आईएलिवेट लाइव बूथ (अनुभव केंद्र) का आधिकारिक उद्घाटन किया। पूर्वोत्तर में सबसे बड़े में से एक के रूप में स्थापित आईएलिवेट वहां पहुंचने वाले आगंतुकों के लिए एलिवेटर अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर बोलते हुए नीलेश श्यामसुखा ने कहा कि एक नए युग में कदम रखते हुए, आईएलिवेट लाइव बूथ हमारी नवीनतम पेशकश- होम एलिवेटर्स- द जीरो पिट को




पेश करते हुए रोमांचित है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी तरह का पहला लांच है। विलासिता और पहुंच को बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ, हमारे होम एलिवेटर अत्याधुनिक तकनीक और परिष्कृत डिजाइन का प्रतीक हैं। श्री श्यामसुखा ने कहा कि पूर्व भारत के केंद्र से आने वाला, आईएलिवेट देशभर में धूम मचाने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी यात्रा गुवाहाटी से शुरू हुई है, लेकिन हमारी दृष्टि क्षेत्रीय सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई है। हम पूर्वोत्तर की उत्कृष्टता को पूरे देश के घरों और व्यवसायों में लाने के लिए उत्साहित हैं। सामान्य से परे डिजाइनर एलिवेटरों के संग्रह से प्रतिष्ठित, आईएलिवेट आपको उन नवाचारों को देखने के लिए आमंत्रित करता है जो अपेक्षाओं से कई गुणा अधिक हैं। पहले कभी न देखे गए चयन का अनावरण करते हुए, हमारा लाइव बूथ सभी उपस्थित लोगों के लिए एक व्यापक अनुभव का वादा करता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अन्वेषण करें और उन एलिवेटरों से मंत्रमुग्ध हो जाएं जो सौंदर्यशास्त्र और कार्यक्षमता को फिर से परिभाषित करते हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर के सभी लोगों से लिफ्ट की दुनिया के भविष्य को देखने के लिए 2 से 4 फरवरी तक आठगांव श्री गौहाटी गौशाला का दौरा करने का आग्रह किया। आईएलिवेट आपको इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है, क्योंकि हम जीवन स्तर को ऊपर उठाते हैं और उद्योग के लिए एक नया मानदंड स्थापित करते हैं।

शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 185 | गुवाहाटी | शनिवार, 3 फरवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को अमेरिका ने दी मंजूरी पेज 4
नारी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के अनेक कार्य हुए : योगी पेज 5
पाकिस्तान के खटारा विमानों से यात्रियों की जान को खतरा, नए एयरपोर्ट का विरोध शुरू पेज 7
सर्जिकल स्ट्राइक की हिम्मत है, लेकिन पाकिस्तान से टेबल पर बात करने... पेज 8

## प्रधानमंत्री मोदी गुवाहाटी में आज

### *11 हजार 599 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन*



**गुवाहाटी (हि.स)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम गुवाहाटी पहुंचेंगे। वे शनिवार रात को ही राज्यिक अतिथिशाला में भाजपा कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करेंगे। रविवार को अतिथिशाला में विश्राम कर रविवार को कई सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अपने इस प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 11 हजार 599 करोड़ रुपए लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने यहां लोक सेवा भवन में पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह 11.30 बजे राजधानी के खानापाड़ा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय खेल मैदान पर एक सरकारी समारोह को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी केंद्र तथा राज्य सरकार के कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें पीएम डिवाइन योजना के तहत 498 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से प्रस्तावित कामाख्या कॉरिडोर की आधारशिला भी शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बन रहे नए टर्मिनल से गरल होते हुए धारापुर तिनाली तक की छह लाइन सड़क तथा वहां से गुवाहाटी आनेवाली एक विशेष फ्लाईओवर का भी शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री असम माला प्रथम के तहत तैयार हुई सड़कों का उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री असम माला द्वितीय के तहत तीन हजार 444 करोड़ रुपए की लागत से राज्य में बनने वाली नई 45 सड़कों का शिलान्यास करेंगे। यह सड़कें साउथ ईस्ट इकोनामिक कॉरिडोर का काम करेंगी। इनके अलावा प्रधानमंत्री नेहरू स्टेडियम परिसर में 831 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले फीफा स्तर के फुटबॉल ग्राउंड की आधारशिला रखेंगे, जो पूर्वी भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम होगा। डॉ शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री चंद्रपुर में प्रस्तावित मल्टी फैसिलिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स का भी आधारशिला रखेंगे। -शेष पृष्ठ आठ पर

## विकसित भारत बनाने में मोबिलिटी सेक्टर निभाएगा अहम भूमिका : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की अपनी पुरानी बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि आज का भारत 2047 तक *विकसित भारत* बनाने के लिए आगे बढ़ रहा है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मोबिलिटी सेक्टर अहम भूमिका निभाने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लाल किला की प्राचीर से कहा था कि यही समय, सही समय है। ये शब्द मैंने देश के लोगों की क्षमता को देखते हुए कहे थे। आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। आज का भारत भविष्य की नीतियों को ध्यान में रखते हुए नई नीतियां बना रहा है और इसमें निश्चित तौर पर मोबिलिटी सेक्टर के लिए विशेष जगह है। कल जो बजट पेश हुआ है आप उसमें भी इसका विजन देख पाते होंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत में बड़ी संख्या में नियो मिडिल क्साल बना है। जिसकी अपनी आशा है, अपनी आकांक्षाएं हैं। दूसरी ओर, आज भारत में मिडिल क्लास का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। मिडिल क्लास की इनकम भी बढ़ रही है। पीएम ने आगे कहा कि साल 2014 के पहले पिछले दस सालों में भारत में 12 करोड़ के आसपास -शेष पृष्ठ आठ पर

### ट्रक-टैक्सी ड्राइवरों के लिए बनेंगे आधुनिक विश्राम गृह

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों को बीच सफर में आराम देने के लिए सभी राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर नई सुविधाओं वाले आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाएंगे। योजना के पहले चरण में एक हजार आधुनिक विश्राम गृह तैयार किये जाएंगे। वह यहां भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 के उद्घाटन सत्र को -शेष पृष्ठ आठ पर

## सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान कई तरह के हथियार जब्त



**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़प लगातार जारी है। इस झड़प में अब तक कई लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है। वहीं, मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने राज्य के पहाड़ी और घाटी के जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है और हथियार जब्त किए हैं। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र पर कब्जा किया गया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने एनएच-37 और एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं को -शेष पृष्ठ आठ पर

## बजट सत्र में बहुविवाह पर प्रतिबंध वाला विधेयक : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी।** जहां एक तरफ उत्तराखंड सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी कर रही है वहीं असम सरकार बहुविवाह पर लगाम लगाने वाले विधेयक की चर्चाओं को लेकर सुर्खियों में हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि असम सरकार विधानसभा के आगामी बजट सत्र के दौरान राज्य में बहुविवाह को खत्म करने के लिए एक विधेयक पेश करेगी। उन्होंने कहा कि विधेयक के मसौदे की फिलहाल कानून विभाग द्वारा जांच की जा रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हम राज्य में बहुविवाह को रोकने के लिए एक कानून लाने के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो जांच के लिए कानून विभाग के पास है। साथ समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बोलते हुए हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हम इस पर विचार कर रहे हैं। साथ ही कहा कि उनकी सरकार उत्तराखंड में लागू होने वाले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का इंतजार कर रही है। -शेष पृष्ठ आठ पर

पूर्वाঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

*हेमंत सोरेन को झटका*

## गिरफ्तारी वाली याचिका पर सुनवाई से एससी ने किया इनकार



**नई दिल्ली।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद अब झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने गिरफ्तारी के खिलाफ डाली गई याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सोरेन से पूछा कि आप हाई कोर्ट क्यों नहीं जाते? सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह मामला एक मुख्यमंत्री से -शेष पृष्ठ आठ पर

## असम में भी समान नागरिक संहिता, लेकिन अपना मॉडल : सीएम




**गुवाहाटी।** समान नागरिक संहिता को उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में लागू करने के लिए काम जारी है। वहीं, इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो हम असम में भी समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हालांकि, इसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हम असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अधिनियम तैयार कर रहे हैं और राज्य का कानून विभाग इसकी जांच कर रहा है। हम उत्तराखंड के विकास पर भी करीब से नजर रख रहे हैं। यदि 5 फरवरी को उत्तराखंड में यूसीसी बिल रखा जाएगा तो क्या हम संपूर्ण यूसीसी लागू करने की स्थिति में होंगे, हम इसे भी देख रहे हैं। हमारा विधानसभा सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा, इसलिए हमारे पास अभी कुछ समय है। उन्होंने कहा कि हम देखने की कोशिश कर रहे हैं कि इसे पूर्वोत्तर राज्य में पूरी तरह से लागू किया जा सकता है या नहीं। उसके बाद हम कोई फैसला ले सकेंगे। आपको बता दें कि उत्तराखंड की धामी सरकार के द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी मसौदा रिपोर्ट सौंप दी है। इसके बाद ही असम सीएम शर्मा की प्रतिक्रिया सामने आई है। शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अधिनियम तैयार कर रही है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार यूसीसी को लागू करेगी, लेकिन आदिवासी आबादी को इसके दायरे से दूर रखेगी। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड और गुजरात पहले -शेष पृष्ठ आठ पर

### एक साल के बच्चे को आवारा कुत्तों ने उतारा मौत के घाट

**हैदराबाद।** हैदराबाद के शमशाबाद में कुत्तों ने झूंड में एक बच्ची को नोंच-नोंचकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार देर रात हुई, जब बच्चे के पिता और परिवार के अन्य सदस्य शमशाबाद में अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर बच्चा झोपड़ी से बाहर कैसे आया। एक व्यक्ति ने सड़क पर मृत पड़े बच्चे के आसपास लगभग छह कुत्तों को -शेष पृष्ठ आठ पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## चंपई सोरेन झारखंड के नए मुख्यमंत्री राजभवन में ली पद की शपथ



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने आज झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने रांची के राजभवन में झारखंड कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। राजभवन के दरबाल हॉल में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। चंपई सोरेन झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री होंगे। चंपई को 10 दिनों के अंदर बहुमत साबित करना होगा। वहीं राज्य में रघुवर दास को छोड़कर कोई मुख्यमंत्री अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। वैसे अलग-अलग अवधियों को जोड़कर सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अर्जुन मुंडा के नाम दर्ज है। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। उससे पहले चंपई सोरेन ने राज्यपाल से जल्द से जल्द सरकार बनाने के उनके दावे को स्वीकार करने का आग्रह किया था, क्योंकि राज्य में *भ्रम* की -शेष पृष्ठ आठ पर

### ज्ञानवापी : अब सुप्रीम कोर्ट जाएगा जमीयत

**वाराणसी।** देश में मुसलमानों की सबसे बड़ी जमात जमीयत उलमा-ए-हिंद ने ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के तरफ से दिल्ली में अपनी बात रखी। जिसमें जमीयत के पदाधिकारियों ने कहा है कि वह मामले को सुप्रीम कोर्ट में लेकर जाएंगे। साथ ही आरोप लगाया कि कोर्ट का फैसला पूरी तरह से गलत है। हमारा पक्ष सुना नहीं गया। जमीयत के पदाधिकारियों ने आगे कहा कि आजादी के बाद अब तक मुसलमान किस तरह की मुश्किल में घिरा है।

## ज्ञानवापी परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई जुमे की नमाज



**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज संपन्न हो गई। मस्जिद परिसर के तहखाने में बुधवार को अदालत के आदेश से पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस प्रशासन को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रशासन ने मस्जिद में ज्यादा भीड़ होने के बाद नमाजियों को दूसरी मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए कहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आज पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा नमाजी ज्ञानवापी में नमाज पढ़ने पहुंचे। अदालत के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर शुक्रवार को जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था। नमाज अदा करने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ज्ञानवापी परिसर के बाहर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, आयुक्त कौशल राज शर्मा और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन उपस्थित रहे।


सुप्रभात
*सभी प्रकार के भय से बदनामी का भय सबसे बड़ा होता है।*
– आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### मुंबई में सीरियल बम ब्लास्ट की धमकी पुलिस सतर्क

**मुंबई (हि.स.)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में किसी शख्स ने फोन कर कहा कि शहर में छह जगह बम लगाए गए हैं। यह बम सिलसिलेवार फटेंगे। इसके बाद इस व्यक्ति ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले की तलाश की जा रही है।

## गुजरात में पीएम मोदी के नाम पर चलेंगी योजनाएं




**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार का वर्ष 2024-2025 के लिए 3 लाख 32 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक बजट वित्तमंत्री कनुभाई देसाई ने पेश किया। 9821 करोड़ रुपए के सरप्लस बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर नमो लक्ष्मी, नमो सरस्वती तथा नमोश्री योजना शुरु की गई है। सरकार का बजट मोदी विजन के अनुरूप गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों देश में जीवाईएएन अर्थात ज्ञान का उल्लेख करते हुए गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति का उल्लेख किया था। गुजरात सरकार ने इस मंत्र को अपने विकसित गुजरात 2047 के विजन से जोड़ते हुए अपने 3 लाख 32 हजार करोड़ रुपए के बजट में प्रावधान किए। वित्तमंत्री ने बताया सरकार ने शिक्षा पर सर्वाधिक 55114 करोड़ रुपए तथा स्वास्थ्य पर 20100 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है। राज्य में 8 हजार नई आंगनबाड़ी खोली जाएगी तथा 20 हजार को आईटी सुविधा युक्त कर स्मार्ट आंगनवाड़ी बनाई जाएगी। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव जे पी गुप्ता ने बताया कि गत वर्ष से इस साल का बजट 31444 करोड़ रुपए अधिक है, बजट में वार्षिक बढोतरी 11 फीसदी से अधिक है। गुजरात लगातार दस साल से सरप्लस बजट देने वाला राज्य बन गया है। गुप्ता ने बताया कि राज्य का सकल घरेलू उत्पादन 24 लाख करोड़ रुपए है, सरकार इसका 27 फीसदी तक कर्ज ले सकती है लेकिन राज्य ने अभी तक 15 प्रतिशत ही कर्जा लिया है।

## 300 में से 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस पार्टी 300 में से 40 सीट भी जीत पाएगी या नहीं। कांग्रेस पहले जहां-जहां जीतती थी, अब वहां भी हारती जा रही है। मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को किस बात का इतना अंहकार है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। सीएम ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं जीते। आप राजस्थान में भी चुनाव नहीं जीते। अगर आप में हिम्मत है तो इलाहाबाद में जाकर जीतकर दिखाओ, वाराणसी में जीतकर दिखाओ। हम भी देखें आपमें कितनी हिम्मत है। ममता ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा बंगाल में आई थी।

### नैरोबी में भीषण विस्फोट, तीन मरे, 200 से अधिक घायल

**नैरोबी।** कीनिया की राजधानी नैरोबी में शुक्रवार तड़के गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट होने से कई मकान एवं गोदाम जल गए और इसके कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। सरकार के प्रवक्ता इसाक मावौरा ने बताया कि अधिकतर लोग देर रात उस समय अपने घरों के ही अंदर थे, जब उनमें आग लगी। अज्ञात पंजीकरण संख्या वाले और गैस सिलेंडर ले -शेष पृष्ठ आठ पर

# भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को अमेरिका ने दी मंजूरी



**वाशिंगटन, (हि. स.)।** भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय रिश्तों की ताजा कड़ी में एक और रक्षा सौदे को अंतिम मंजूरी मिली है। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दे दी। इससे समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिये वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भारत की क्षमता को बढ़ेगी। इस ड्रोन सौदे की घोषणा जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान की गई थी। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने यहां एक बयान में कहा, विदेश विभाग ने 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर एमक्यू-9बी एयरक्राफ्ट और संबंधित उपकरणों को भारत सरकार को बेचने को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने कहा कि उसने बृहस्पतिवार को कांग्रेस को इस संभावित बिक्री के बारे में सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण दे दिया है। एजेंसी ने कहा, इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत के रणनीतिक संबंधों को मजबूती मिलेगी और हिंद-प्रशांत तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्र में आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसने कहा, प्रस्तावित बिक्री से परिचालन के समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्त को सक्षम बनाकर वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की भारत की क्षमता में सुधार होगा। भारत अपने सशस्त्र बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर, लंबे समय तक संचालिल होने वाले ड्रोन खरीद रहा है।

तीन अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत, भारत को 31 अत्याधुनिक ड्रोन (यूएवी) मिलेंगे। उनमें से 15 सी-गार्जियन ड्रोन नौसेना को मिलेंगे, जबकि थलसेना और वायुसेना को आठ-आठ स्काई-गार्डियन ड्रोन मिलेंगे। डीएससीए ने इस बात की सराहना कि भारत ने अपनी सेना के आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।

इसने कहा कि भारत को इन सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। रक्षा क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स सिस्टम (जीए) से ड्रोन की खरीद होगी। इससे पूर्व विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित ड्रोन सौदे की घोषणा की गई थी, जिसमें क्षेत्र में सैन्य सहयोग और द्विपक्षीय रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण संभावना है। मिलर भारतीय मीडिया में आयी इस खबर को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे कि बाइडन प्रशासन ने एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की जांच होने तक भारत को सशस्त्र ड्रोन की बिक्री पर रोक लगा दी है।

# डीके सुरेश के द. भारत के बयान का मुद्दा राज्यसभा में उठा, खड़गे बोले- ऐसा बयान स्वीकार्य नहीं




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में शुक्रवार को कर्नाटक से सांसद डीके सुरेश के कथित दक्षिण भारत के लिए अलग देश की मांग से जुड़े एक बयान का मुद्दा उठाया गया, जिस पर नेता सदन पीयूष गोयल और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बयान दिया। सभापति की अनुमति से पीयूष गोयल ने सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने पर इस मुद्दे को उठाया। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री के भाई हैं और दूसरे सदन के सांसद हैं। कांग्रेस की सोच विभाजनकारी है और उसकी कार्यपद्धति इसका उदाहरण रही है। उन्होंने कहा कि सदन में चुने जाने पर हम संविधान और देश की अखंडता बनाए रखने की शपथ लेते हैं। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि दूसरे सदन के नेता हैं और उन्होंने स्वयं ऐसा कहा है कि उनका बयान यह नहीं था। सभापति जगदीप धनखड़ ने मामले को गंभीर बताया और कहा कि सदन को एकजुट होकर इस तरह के बयान की निंदा करनी चाहिए। खड़गे ने भी स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस तरह का बयान किसी भी पार्टी के नेता का क्यों न हो, हम उसकी निंदा करते हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश एक है। कांग्रेस नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी है।

# भारत-पाकिस्तान सीमा के पास वायु सेना 17 फरवरी को करेगी 'वायु शक्ति' अभ्यास

**- दो घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास में वायु सेना दिखाएगी भारत की युद्धक क्षमता**
**- पहली बार राफेल लड़ाकू विमान देश के भीतर ऑपरेशनल अभ्यास में हिस्सा लेगा**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज राजस्थान में 17 फरवरी को वायु शक्ति अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म भाग लेंगे। लड़ाकू विमान राफेल और प्रचंड हेलीकॉप्टर पहली बार देश के भीतर होने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर का भी पहली बार इस अभ्यास में इस्तेमाल किया जायेगा। भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हम इस अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। राफेल लड़ाकू जेट और अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे। यह अभ्यास 1954 से चल रहा है और हम इस अभ्यास में लक्ष्य पर सटीक बमबारी करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत में निर्मित एलसीए तेजस और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर भी इस अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि दो घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास के दौरान एक से दो किमी. के दायरे में लगभग 40-50 टन आयुध गिराएंगे। अभ्यास के दौरान सेना रुद्र हेलीकॉप्टर से हथियार दागेगी और सेना के अल्ट्रा लाइट होवित्जर को चिनूक हेलीकॉप्टर के नीचे लटका कर प्रदर्शित किया जाएगा। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर भी पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेगी। इस अभ्यास में 120 से अधिक हवाई संपत्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म होंगे। वायु सेना के उप प्रमुख ने बताया कि हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों में राफेल की मीका मिसाइल और एलसीए तेजस से आर-73 मिसाइलें दागी जाएंगी। यह प्रति तीन वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला त्रैवार्षिक अभ्यास है। इसका उद्देश्य पूर्ण स्पेक्ट्रम संचालन के लिए भारतीय वायुसेना की क्षमता का प्रदर्शन और विमान एवं हेलीकॉप्टर, परिवहन विमान एवं मानव रहित हवाई वाहनों की भागीदारी प्रदर्शित करना है। वायु शक्ति का अंतिम संस्करण फरवरी 2019 में आयोजित किया गया था। इसके बाद 2022 में 07 मार्च को जैसलमेर के पोकरण रेंज में होने वाला अभ्यास रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के चलते स्थगित कर दिया गया था।

# भाजपा ने की 'आप' के प्रदर्शन को विफल करने की कोशिश - गोपाल राय



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा ने वोटों की चोरी करके दिनदहाड़े लोकतंत्र की हत्या की और फर्जी तरीके से अपने मेयर को निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा का काला चिट्ठा खुलकर सबके सामने आ गया है कि भाजपा अलग-अलग तरीके से लोकतंत्र की हत्या करने का अभियान चला रही है। जिस तरह से वीडियो में भाजपा के लिए काम कर रहा चुनाव अधिकारी पकड़ा गया। उससे यह पता चलता है कि भाजपा अपनी सरकार बनाने, चुनाव जीतने और अपना मेयर बनाने के लिए किसी भी हद तक जाकर लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू हो चुकी है। इस अलोकतांत्रिक कार्य के बाद लोगों के मन में भाजपा को लेकर जो सवाल और शंकाएं उठ रहे थे, वह सब सच साबित होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से पुलिस फोर्स को आम आदमी पार्टी के कार्यालय में बिठा दिया, उससे ऐसा लग रहा है कि यह आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन नहीं, बल्कि पुलिस का प्रदर्शन चल रहा है। भाजपा की स्थिति यह है कि हम चोरी भी करेंगे और आपको बोलने भी नहीं देंगे। हर तरफ से आवाज को कुचलने की कोशिश हो रही है। दिल्ली में जगह-जगह पर हजारों कार्यकताओं को रोका जा चुका है। राजौरी गार्डन, जनकपुरी, बिजवासन, कृष्णा नगर के विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को हाउस अरेस्ट किया जा चुका है। वहीं, एमसीडी में आम आदमी पार्टी के डिप्टी मेयर समेत हरि नगर, लक्ष्मी नगर, आरके पुरम, बादली, मोती नगर, त्रिनगर, तिमारपुर, सीमापुरी के पार्षद हाउस अरेस्ट हो चुके हैं। चारों तरफ पुलिस आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं को ढूंढ रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वालों को रोकने के लिए पुलिस ने दिल्ली के चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स को लगा दिया गया है। पुलिस ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस के अधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं है कि यह हाउस अरेस्ट क्यों किया जा रहा है, जगह-जगह गिरफ्तारियां क्यों की जा रही है। बीजेपी मुख्यालय पर हम पहली बार प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पर पहली बार कार्यक्रम नहीं हो रहा है, लेकिन फिर भी बीजेपी को इतना डर क्यों लग रहा है। क्योंकि, चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी के लोकतंत्र की हत्या करने का षड्यंत्र सब लोगों के सामने एक्सपोज हो गया है। अब भाजपा डर रही है कि ये सच कहीं देशभर के लोगों के सामने न आ जाए, इसलिए प्रदर्शन को रोकने की कोशिश कर रही है। हालांकि, इससे पहले यह सवाल देश की जनता के मन में उठ चुका था, जब महाराष्ट्र में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिरा करके, विधायकों को डरा-धमका कर, खरीद कर और लोकतंत्र की हत्या करके भाजपा खुद की सरकार बनाई थी। बिहार में भी दबाव में लेकर सत्ता पलट दिया गया। झारखंड में गिरफ्तारी के बाद बहुमत का पत्र राज्यपाल को सौंपने के बावजूद भी सरकार शपथ का इंतजार करती रही। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा विपक्ष की सरकार और विपक्ष के नेताओं को खत्म करने की कोशिश कर रही है, उनको गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है और जहां नए चुनाव हो रहे हैं, वहां जीतने के लिए हथकंडे अपना रही है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आप पार्टी और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के पास 20 पार्षद थे, लेकिन फिर भी वह चुनाव हार गई। वहीं, जिनके पास बहुमत नहीं था, वह पार्टी जीत गई। जिस तरह का खेल बीजेपी खेल रही है, यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक काला अध्याय लिखा जा रहा है और जनता इसको कभी माफ नहीं करेगी। पुलिस से निवेदन करते हैं कि इस गैरकानूनी कार्रवाई के लिए स्पष्टीकरण दिया जाए और जिन नेताओं को गिरफ्तार किया गया है उनको छोड़ा जाए। पुलिस का काम कानून व्यवस्था को मेंटेन करना है, अराजकता फैलाना नहीं है। लेकिन पुलिस आम आदमी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं को अराजकता फैलाने के लिए उकसा रही है।

# दो दिनों बाद हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की ममता ने की निंदा




**कोलकाता, (हि.स.)।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के दो दिनों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को उन्होंने माइक्रो ब्लॉग साइट एक्स पर पोस्ट किया- मैं शक्तिशाली आदिवासी नेता हेमंत सोरेन की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती हूं। भाजपा समर्थित केंद्रीय एजेंसियों की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई से एक लोकप्रिय निर्वाचित सरकार को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश की बू आ रही है। ममता ने लिखा, "वे मेरे करीबी दोस्त हैं और मैं इस कठिन समय में लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित होकर, उसके साथ अटूट रूप से खड़े रहने की कसम खाती हूं। झारखंड के लोग इसका जवाब देंगे और इस महत्वपूर्ण लड़ाई में विजयी होंगे!" उल्लेखनीय है कि बुधवार को सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी से पहले शाम के समय राजभवन जाकर उन्होंने इस्तीफा दिया था।

# आतंकी फंडिंग मामले में श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर एसआईए की छापेमारी




**श्रीनगर, (हि.स.)।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि एसआईए श्रीनगर में दो स्थानों सैदापोरा ईदगाह और अहमदनगर इलाके में छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एजेंसी तीन स्थानों पर तलाशी ले रही है। यह मामला आय को अवैध रूप से जुटाने, जमा करने और लॉन्ड्रिंग करने से संबंधित है, जिसका उपयोग बाद में अलगाववाद और उग्रवाद सहित गैरकानूनी गतिविधियों में किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि गहन जांच के बाद एफआईआर संख्या 08/2023 के तहत एसआईए कश्मीर में मामला दर्ज किया गया था और मामले की आगे की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि दो साल से भी कम समय के भीतर 85 करोड़ रुपये की राशि अवैध रूप से जुटाई और लूटी गई थी।


# भारत की संस्कृति में ही निसर्ग समाया है: मुख्यमंत्री



**इंदौर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में ही निसर्ग समाहित है लेकिन समय के साथ हम इसे भूलते जा रहे हैं। यह तालाब पहले पेयजल के उपयोग में आता था, लेकिन समय के साथ परिवर्तन होते गए। आधुनिक जीवन में कचरा यहां बढ़ता गया लेकिन इन्हें बचाने की जरूरत है। अब यह रामसर साइट हो गया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को देश के स्वच्छतम शहर इंदौर के दो तालाब सिरपुर और यशवंत सागर पर इस वर्ष के विश्व वेटलैंड दिवस पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे और रामसर सचिवालय की महासचिव डॉ. मुसौंदा मुंबा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहीं। आयोजन में देश की सभी 75 वेटलैंड साइट के प्रतिनिधि, प्राधिकरणों के अधिकारी, विज्ञानी सहित 200 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। उन्होंने तालाब का निरीक्षण किया और यहां चल रही अलग-अलग परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पर्यावरण एवं वन मंत्री नागर सिंह चौहान, पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रामसर सचिवालय की महासचिव डॉ. मुसौंदा मुंबा ने अपने संबोधन की शुरूआत में नमस्ते से करते हुए कहा कि वह पहली बार भारत आकर बहुत खुश हैं। भारत सरकार को बधाई कि यहां 80 रामसर साइट्स हो गई हैं। वर्ष 1982 में यहां केवल दो रामसर साइट्स थी। अभी हम कुछ और रामसर साइट्स पर काम कर रहे हैं। अन्य देशों को भारत से सीखना चाहिए। इंदौर में सिरपुर तालाब और यशवंत सागर पर जा चुकी हूं। इसका इतिहास बताता है कि यहां के महाराजाओं ने कितनी दूरदर्शिता से काम किया था। मैं उन सभी को सराहना चाहती हूं। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कुछ साल पहले तक सिरपुर तालाब पर खड़े रहने की इच्छा नहीं होती थी। इसके आसपास अतिक्रमण था लेकिन अब महापौर के नेतृत्व में यहां की स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि कुएं, तालाब हमारे संस्कार का हिस्सा है। इनका संरक्षण करना चाहिए। हमें जनभागीदारी से इस जगह का संरक्षण करना चाहिए। सभी संकल्प लें कि इसे संवारें, संरक्षण करें और प्रदूषण मुक्त बनाएं।

# मेघवाल ने केजरीवाल के समन पर कहा- 'कानून से ऊपर कोई नहीं है'




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज पांचवें समन पर भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं होंगे। इस पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन पर केंद्रीयमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है-"कानून से ऊपर कोई नहीं है...। हमारे संविधान निमार्ताओं ने कानून का शासन तय किया है...।" भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स हैंडल पर कहा है, " चोर की दाढ़ी में तिनका नहीं होता तो अरविंद केजरीवाल चले जाते...। वे बार-बार वही पुराना राग अलापते हैं कि हम करेंगे मिलकर भ्रष्टाचार और कार्रवाई होगी। इस राजनीतिक हलचल पर भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि केजरीवाल ने पांचवीं बार ईडी के समन को नजरअंदाज किया है। सिरसा ने कहा है, " क्योंकि वो जानते हैं कि उनके खिलाफ शराब घोटाले में इतने पुख्ता सबूत है कि वो पक्का जेल जाएंगे।" भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है, "आप के सीनियर नेता ने मुझे बताया है कि केजरीवाल पहले अपनी धर्मपत्नी को मुख्यमंत्री बनाएंगे और फिर ईडी के पास जाएंगे। खुद को कट्टर ईमानदार कहने वाले केजरीवाल सत्ता के मोह के चलते किसी भी हद तक गिर सकते हैं।"

# प्रदर्शन करने पहुंचे आप नेताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी का दिल्ली भाजपा मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन चल रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान पार्टी ऑफिस पहुंच चुके हैं। दोनों नेता भाजपा दफ्तर के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं प्रदर्शन में शामिल होने आ रहे कई आप के विधायक व नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, धरने में शामिल होने जा रहे हरियाणा आम आदमी पार्टी अध्यक्ष सुशील गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने सुशील गुप्ता को दिल्ली में उनके घर से हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार दिल्ली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर से अब तक 25 आम आदमी पार्टी कार्यकताओं को हिरासत में लिया है। ये सभी पंजाब और हरियाणा के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता हैं।

पुलिस को शक है कि वे आज पार्टी के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले थे। इसके अलावा कुछ अन्य कर्मियों को भी रोका गया है। पुलिस का कहना है कि जिन लोगों को बॉर्डर पर हिरासत में लिया गया है, उन्हें सत्यापन के बाद जाने की अनुमति दी जाएगी। बॉर्डर पर वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है। वहीं इस मामले में आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय का कहना है चंडीगढ़ में जिस तरह से भारतीय बेनकाब हुई है और जिस तरह से उन्होंने साजिश रची है, हम आज उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले, उनकी पार्टी के विधायकों और पार्षदों को नजरबंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि उसका असली चेहरा जनता के सामने उजागर हो।

# मुख्यमंत्री धामी को समिति ने सौंपा यूसीसी का ड्राफ्ट, मुख्यमंत्री ने कहा- उत्तराखंड के लिए आज का दिन शुभ है



**देहरादून, (हि.स.)।** देहरादून के न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष रंजना देसाई की मौजूदगी में समिति के सदस्यों ने ड्राफ्ट सौंप दिया। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति में दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल और सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ शामिल थे। कमेटी द्वारा ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड के लिए शुभ दिन है। इस दिन का पूरे देश को लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वादों के अनुसार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर आगे बढ़ते हुए काम किया है। यूसीसी से कुरीतियां और कुप्रथाएं अपराध बनेंगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने समिति से रिपोर्ट प्राप्त कर राज्य की जनता एवं राज्य सरकार की ओर से समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समिति के सदस्यों का यह योगदान राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदस्यीय कमेटी की ओर से दो उप समितियां बनाई गईं। माणा गांव से लेकर 43 स्थानों पर संवाद हुआ। वेब पोर्टल लांच किया गया। इसके साथ ही 02 लाख 33 हजार लोगों ने विचार दिया। राज्य के 10 प्रतिशत लोगों ने राय रखी। अभी तक 72 बैठकें हुई हैं। दिल्ली से लेकर विभिन्न स्थानों पर समिति ने जाकर विशेष लोगों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शुभ दिन आज आ गया। वादों के अनुरूप आज काम आगे बढ़ गया है। उत्तराखंड में आज ऐसा काम हुआ है जिसको लेकर देश को इंतजार था। हमारी सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन और विधिक परीक्षण कर यथाशीघ्र उत्तराखंड राज्य के लिए समान नागरिक संहिता कानून का प्रारूप तैयार कर संबंधित विधेयक को आगामी विधानसभा के विशेष सत्र में रखेगी। सरकार शीघ्र ही इस ऐतिहासिक कानून को देवभूमि में लागू कर जनता से किये गये वादे को पूर्ण करने में सफल होगी। विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व राज्य की जनता से भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। इस घोषणा का भारी बहुमत से स्वागत किया गया। परिणामस्वरूप राज्य में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार गठित हुई। वादे के मुताबिक पुष्कर सिंह धामी सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया गया और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की। समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली, समाजसेवी मनु गौड़, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह व दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल को सम्मिलित किया गया। 22 अगस्त 2022 को दो उप समितियों का गठन किया गया, जिसमें से एक उपसमिति का कार्य "संहिता" का प्रारूप तैयार करने का था, दूसरी उपसमिति का कार्य प्रदेश के निवासियों से सुझाव आमंत्रित करने के साथ ही संवाद स्थापित करना था। समिति ने देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किये। इस दौरान कुल 43 जनसंवाद कार्यक्रम किये गये और प्रवासी उत्तराखंडी भाई-बहनों के साथ 14 जून 2023 को नई दिल्ली में चर्चा के साथ ही संवाद कार्यक्रम पूर्ण किया गया। समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए समाज के हर वर्ग से सुझाव आमंत्रित करने में तकनीक का सहारा भी लिया। इसके लिये 08 सितम्बर 2022 को एक वेब पोर्टल लांच करने के साथ ही राज्य के सभी नागरिकों से एसएमएस और व्हाट्सअप मैसेज से सुझाव आमंत्रित किये गये। समिति को विभिन्न माध्यमों से दो लाख बत्तीस हजार नौ सौ इकसठ सुझाव प्राप्त हुए। जो कि प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत परिवारों के बराबर है। लगभग 10 हजार लोगों से संवाद एवं प्राप्त लगभग 02 लाख 33 हजार सुझावों का अध्ययन करने के लिए समिति की 72 बैठकें आहूत की गई और रिकॉर्ड समय में उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शुक्रवार को रिपोर्ट मुख्यमंत्री धामी को उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, समान नागरिक संहिता के सदस्य सचिव अजय मिश्रा एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# भाजपा अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है : अखिलेश यादव



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शुक्रवार को 2024-25 सत्र का शुभारंभ हंगामे के साथ शुरू हुआ। सदन में नेता प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने प्रदर्शन किया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी अभी मुझे मिली है और मैं आपको ब्रेकिंग न्यूज दे रहा हूं। अखिलेश ने कहा कि एक सांसद को छोड़कर उस्की भी सीट बदलने जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी से त्रस्त युवा भाजपा को हराएंगे। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल के बावजूद महंगाई और बेरोजगारी कम नहीं हुई। किसानों को किए वादे अधूरे हैं। किसानों को सबसे ज्यादा बीजेपी ने दुखी किया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का शुक्रवार से 2024-25 को लेकर सत्र का शुभारंभ किया जा रहा है। इसमें यूपी का बजट घोषित करने के साथ-साथ कई अहम निर्णय लिए जाने हैं। विधानसभा सत्र 12 फरवरी तक चलेगा। सदन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक दिन पूर्व सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। सभी दलों के नेताओं ने भरोसा दिया था कि सदन का सत्र सुचारू रूप से चलाए जाने में अपना-अपना सहयोग देंगे। इसके बावजूद सदन की कार्यवाही से पूर्व सदन में प्रतिपक्ष की भूमिका में सपा दल के विधायकों द्वारा हंगामा शुरू कर दिया। सपा सदस्यों ने आसमान छूती महंगाई बेरोजगारी, भर्तियों में हो रही धांधली, जातीय जनगणना और रसातल में गयी उप्र की बदहाल कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया।

# नारी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के अनेक कार्य हुए : योगी

## -महिलाओं को विधानसभा या संसद में पहुंचने से कोई रोक नहीं पायेगा



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी गरिमा के लिए उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के अनेक कार्य हुए हैं। हर योजना के केन्द्र में देश की आधी आबादी रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में अनेक अभियान चले। उन अभियानों के केन्द्र में जाति मत मजहब नहीं था। सम्पूर्ण समाज की संतुष्टि के लिये योजनाएं बनीं।

गरीबों के लिए,किसानों के लिए महिलाओं और नौजवानों के लिए जो योजनाएं बनीं आज वे योजनाएं रामराज्य का आधार बन रही हैं। देश में चार करोड़ गरीबों के आवास बने। देश के अंदर स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ शौचालय बने। हर घर नल से स्वच्छ जल भी पहुंच रहा है। पीएम स्वामित्व योजना के तहत मकान का मालिकाना हक भी मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा या संसद में पहुंचने से रोक नहीं पायेगा। यह केवल घोषणा नहीं वास्तविकता बनती जा रही है। यही तो भारतीय संस्कृति कहती है। जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया अयोध्या धाम की ओर आकर्षित कर रही है। 500 वर्षों के उपरांत तपस्या और साधना के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। यह समारोह केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह ही नहीं लोकआस्था एवं भारत के पुराने गौरव की पुनःप्रतिष्ठा का एक अभियान है। योगी आदित्यनाथ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि महिला स्वयं सेवी सहायता समूह के माध्यम से पहली बार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर फोकस किया गया है। ठेला, खोमचा व रेड़ी लगाने वालों को ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जनधन से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के केन्द्र में देश की आधी आबादी रही है। कार्यशाला को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर सहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अभियान की टोली व जिला अभियान की टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

# वाराणसी में भारतीय अन्तरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण की बैठक, अफसरों को दिशा-निर्देश



**वाराणसी, (हि.स.)।** रविदास घाट व नमो घाट पर कैटामारन इलेक्ट्रिक जलयान के चार्जिंग स्टेशन के निर्माण कार्य को लेकर शुक्रवार को भारतीय अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के अफसरों ने बैठक की। वाराणसी परिक्षेत्र के कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यों के प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने बताया गया कि इलेक्ट्रिक कैटामारन संचालन के लिए विभिन्न कार्य गतिमान हैं। जिसमें जेटी के लिए स्टील पांटून, बैट्री चार्जिंग यूनिट्स के लिए आधारशिला,शेड फैब्रिकेशन, मीटिंग रूम के लिए बिजली विभाग ट्रांसफार्मर, एचटी केबल तथा एलटी केबल को भूमिगत बना रहा है। मंडलायुक्त ने कार्य में धीमी प्रगति पर नगरीय विद्युत वितरण खण्ड, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने कार्य को कल शाम तक पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि कैटामारन इलेक्ट्रिक जलयान का आगमन गत माह वाराणसी में हो चुका है। जिसको जल्द ही पर्यटकों के लिए संचालित किया जायेगा। बैठक में रविदास घाट, रामनगर स्थित किला घाट तथा राजघाट के किनारे पर सुविधा पार्क बनने की प्रगति की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने रविदास पार्क या ऊपरी क्षेत्र में बनाने तथा राजघाट पर स्थित रैम्प के पास सुविधा पार्क बनाने के लिए निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने रामनगर पर बनने वाले सुविधा पार्क के लिए वर्तमान में यूपीपीसीएल के द्वारा निमार्णाधीन घाट के हिसाब से ही प्रोजेक्ट तैयार करने को निर्देशित किया। बैठक में अन्तर-देशीय परिवहन, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल तथा बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमपी की मल्होत्रा एंड कंपनी लिफ्टर मशीनों के जरिए यूपी से हो रही बालू चोरी

**बांदा, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में अवैध बालू खनन के लिए चर्चा में रहने वाले मल्होत्रा एंड कंपनी के गुर्गे बंदूकों की दम पर अब यूपी के क्षेत्र में घुसकर बालू चोरी कर रहे हैं। यह दबंग नदी की बीच धारा में रात के अंधेरे में 6 से 7 लिफ्टर मशीन लगाते हैं और करीब 40 फीट गहराई से बालू निकालकर पाइप के जरिए डंप करते हैं और यही डंप बालू ट्रैकों में लोड कर बेची जाती है। जबकि जिस इलाके से बालू चोरी की जा रही है, वहां पहले से ही यूपी में बालू खनन का पट्टा हो गया है। जिसने इस मामले में जिला अधिकारी बांदा से शिकायत की है। मे. ए के सिंह कांन्ट्रेक्टर कालू कुंआ बांदा के अरुण कुमार सिंह ने इस मसले में जिला अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि ग्राम कोलावल रायपुर तहसील नरैनी जिला बांदा की खंड संख्या दो, गाटा संख्या- 721, 722, 723 रकवा 49.42 एकड़ का 6 माह की अवधि के लिए पट्टा मेरे नाम स्वीकृत हुआ है। टेंडर बोली का 50 फीसदी मेरे द्वारा जमा कर दिया गया है। अब केवल एनओसी जारी होना बाकी है। अरुण सिंह के मुताबिक उक्त आवंटित क्षेत्र व उसके सामने व अगल-बगल से नदी में कई असलहाधारी व्यक्तियों को लगाकर दबंग माफियाओं द्वारा नदी में दर्जनों प्रतिबंधित लिफ्टर मशीनें लगाकर मध्य प्रदेश के मौजा कदैला जिला छतरपुर मध्य प्रदेश की सीमा में बालू इकट्ठा करके मशीनों से लोडिंग कर ट्रैकों से भेजी जा रही है।

इस बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त अवैध खनन मल्होत्रा ठेकेदार की संरक्षण में मुकेश गौतम ग्राम गोयरा जिला छतरपुर मध्य प्रदेश व पप्पू गर्ग निवासी ग्राम रामपुर जिला छतरपुर मध्य प्रदेश तथा बिरजू आदि दबंग व्यक्तियों द्वारा कई असलहाधारी व्यक्तियों को साथ लेकर अवैध रूप से कराया जाता है। उक्त सभी अवैध बालू लदे ओवरलोडिंग ट्रक ग्राम सेवढा निहालपुर तहसील नरैनी जिला बांदा के पुल से प्रवेश करते हैं।

# ज्ञानवापी मंदिर में पूजा के विरोध में बंद का लखनऊ में दिखा असर

**लखनऊ, (हि.स.)।** वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर में पूजा कार्य का विरोध कर रहे अंजुमन इन्ते जामिया मसाजिद की ओर से घोषित उत्तर प्रदेश बंद का लखनऊ में थोड़ा असर दिखा। कुछ व्यापारी संगठनों ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश बंद का समर्थन करते हुए दुकानों को बंद कराया। ठाकुरगंज, चौक, अकबरी गेट, सआदतगंज, अमीनाबाद सहित तमाम स्थानों पर सुबह से अपराह्न एक बजे तक बाजार क्षेत्र की अधिकांश दुकानें बंद रही। ज्ञानवापी मंदिर में पूजा की अनुमति से अंजुमन इन्ते जामिया मसाजिद वाराणसी के पदाधिकारी ने नाखुश हो कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम व्यापारियों से अपनी दुकानों को बंद करने का आह्वान किया। लखनऊ में बड़े आवासीय क्षेत्रों को छोड़ दिया जाये तो इसका असर मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों के बाजारों पर रहा। शहर की बड़ी मीट, बिरयानी, कपड़ों, जूतों, बर्तनों की दुकानें बंद मिलीं। बारुदखाना में बिरयानी का धंधा करने वाले कलीम ने कहा कि दुकानें बंद करने से उनका खुद का नुकसान होता है। बावजूद इसके व्यापारी भाईयों के अपील पर और अंजुमन इन्ते जामिया मसाजिद वाराणसी के आह्वान पर दुकान आज बंध रखी है। लखनऊ में और साथियों से भी दुकानों और धंधे को बंद रखने के लिए कहा गया था। मेडिकल के अपने दुकानदार भाईयों ने भी दुकानें बंद रखी हैं। लखनऊ में दुकानों के बंद के दौरान यूपी पुलिस के तमाम अधिकारी सड़क पर निगरानी रखते हुए मिले। पुलिस अधिकारियों के साथ स्थानीय थानों के पुलिसकर्मी सुरक्षा इंतजाम को सम्भाले हुए थे। मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों के तिराहों, चौराहों पर पुलिसकर्मियों ने पूरी तरह से सख्ती बरतते हुए मोर्चा सम्भाले रखा। उल्लेखनीय है कि ज्ञानवापी मामले को लेकर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेश में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। सभी मस्जिदों पर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। सोशल मीडिया पर रखी जा रही विशेष निगरानी रखी जा रही थी।

# चंपाई सोरेन ने 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने शुक्रवार दोपहर 12:21 बजे राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राज्य के छठे मुख्यमंत्री के रूप में राजभवन के दरबार हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद के विधायक सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की शपथ ली। अब नव मनोनीत मुख्यमंत्री को दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करना होगा। राजभवन के दरबार हॉल में बैठे सभी लोगों ने पहले राष्ट्रगान गाया। इसके बाद राज्यपाल की अनुमति से शपथ समारोह शुरू हुआ। इसके पूर्व चंपाई आज सुबह शिबू सोरेन से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह शपथ लेने से पहले गुरुजी और माताजी का आशीर्वाद लेने गए थे। उन्होंने शिबू सोरेन और रूपी सोरेन दोनों को अपना आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि वे शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में शामिल हुए थे। वे उनके गुरु हैं। इसलिए आशीर्वाद लेने गए थे। दरअसल, जमीन घोटाले मामले में बुधवार को ईडी ने पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया। इसके बाद शाम को हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। फिर गठबंधन के विधायकों ने चंपाई सोरेन को अपना नेता चुना। गुरुवार रात 11:00 गठबंधन और झामुमो के नेता चंपाई सोरेन, कांग्रेस के आलमगीर आलम, राजद के सत्यानंद भोक्ता, वाम दल के विनोद सिंह और प्रदीप यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। साथ ही 43 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। देर रात राजभवन ने गठबंधन के नेता चंपाई सोरेन को राज्य का कार्यवाहक मुख्यमंत्री मनोनीत किया और शपथ ग्रहण करने का आमंत्रण दिया। राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करने को कहा है। बताया जाता है कि शपथ ग्रहण के बाद विशेष सत्र बुलाया जाएगा। विशेष सत्र पांच जनवरी को संभावित है। इसी दिन बहुमत साबित कर लिया जाएगा। फ्लोर टेस्ट के बाद राज्य में दो उप मुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की भी संभावना है। इनमें कांग्रेस से आलमगीर आलम और झामुमो से बसंत सोरेन के नाम की चर्चा है।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पांच दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी



**रांची (झारखंड), (हि.स.)।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। रिमांड की अवधि आज से शुरू होगी। इससे पहले गुरुवार को ईडी ने हेमंत से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड का आग्रह किया था। एक घंटा 32 मिनट की बहस के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की थी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने और ईडी की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। दरअसल, बड़गाड़ी अंचल में 8.46 एकड़ जमीन कब्जा करने के मामले में हेमंत सोरेन आरोपित हैं। इस मामले में ईडी ने राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य के खिलाफ ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया गया है। पहले इस मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया था।

# आरोपी को पकड़ने की जगह नोटों को बीनने लगे जब पुलिस वाले, हुए सस्पेंड



**रामगढ़ (ईएमएस)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध रूप से कोयला ले जा रहे एक मोटरसाइकिल सवार को जब पुलिस ने पकड़ा तब आरोपी हवा में नोट उड़ाने लगा। ये देखकर पुलिसकर्मी आरोपी को छोड़कर सड़क पर बिखरे नोटों को चुनने लगे। घटना का वीडियो सामने आने के बाद रिश्वत लेने के आरोप में 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया। सड़क से पैसा चुनने के आरोप में एक एएसआई को निलंबित किया है। ये सभी वीडियो में रिश्वत के रूप में सड़क पर फेंके गए नोटों को उठाते दिख रहे थे। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था जिसके बाद रामगढ़ जिला पुलिस मुख्यालय ने इसकी जांच के आदेश दिए थे। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा, हमने उस वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें गश्त ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मी अवैध रूप से कोयला ले जा रहे एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा रिश्वत के रूप में सड़क पर फेंके गए पैसे उठाते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए गए हैं।

# युवा भागीदारी महिला किसान एवं श्रमिकों के लिए निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा : मृणाल कामेश



**सहरसा, (हि.स.)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार प्रवेश करने पर बिहार के युवाओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला।कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवाओं के न्याय को लेकर लगातार केंद्र की मोदी सरकार पर आक्रामक रवैया अपनाये हुए है। ये बातें शुक्रवार को यहां बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मृणाल कामेश ने कही। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश के 1लाख 50 हजार जवानों को अग्निवीर योजना लाकर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का काम किया। राहुल गांधी ने उन जवानों को न्याय दिलाने हेतु जय जवान कैम्पन लांच किया। साथ ही देश में बढ़ रहे बेरोजगारी को लेकर बेरोजगार युवाओं को न्याय दिलाने की बात कही।भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो मणिपुर से महाराष्ट्र की ओर चल रही है उसमे मुख्य तौर पे युवा न्याय, भागीदारी न्याय ,नारी न्याय ,किसान न्याय, श्रमिक न्याय दिलाना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मृणाल कामेश हजारो युवाओं के साथ यात्रा के बिहार प्रवेश करने पर राहुल गांधी जी का जोरदार स्वागत किया।इस यात्रा में किशनगंज अररिया पूर्णिया कटिहार में प्रदेश के हजारो युवाओं के साथ चलने का काम किया। युवाओं के इस उत्साह को देखते हुए राहुल गांधी ने युवाओं से मिलकर प्रोत्साहित करने का काम किया। इस क्रम में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मृणाल कामेश ने राहुल गांधी पूरे यात्रा की बधाई दी और संकल्प लिया कि राहुल गांधी की इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अपने नेता राहुल गांधी जी के साथ तब तक चलने का काम करेंगे जब तक सभी वर्गों के लोगो न्याय नहीं मिल जाता। मृणाल कामेश ने कहा बिहार के लाखो लोगों ने इस यात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और भारत जोड़ न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाया। इस यात्रा को मिल रहे आपार जनसमर्थन से विरोधी खेमा डरा और सहमा हुआ है। बिहार यात्रा के दूसरे फेज में औरंगाबाद कैमुर भभुआ सासाराम अपने साथ हजारों युवाओं के साथ शामिल होंगे।

# वित्त रहित शिक्षा कर्मियों ने कुलसचिव से की मुलाकात



**भागलपुर, (हि.स.)।** भागलपुर एवं बांका जिला के वित्त रहित शिक्षा कर्मियों और डिग्री स्तर के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नए कुलसचिव तिलकामांझी विश्वविद्यालय भागलपुर को माल्यार्पण एवं बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ वर्ष 2013 और 16 का जो अनुदान राशि 21 कॉलेज का लंबित है, उसको जल्द कॉलेज के खाते पर भेजने के लिए अनुरोध किया गया। कुलसचिव ने पूरा भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही अनुदान का फाइल मंगवा कर कॉलेज के खाते पर भेजने के लिए सर्वप्रथम ट्रेजरी भेजने का काम करूंगा। इस दौरान कुलसचिव ने संघ संगठन के सदस्यों के साथ बैठकर वित्त रहित शिक्षा नीति के बारे में समझने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मैं जहां था वहां कुछ डिग्री कॉलेज के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि रहा करते थे। इसलिए मैं वित्त रहित के दर्द को भली भांति समझता हूं। इसलिए आप लोगों को कुछ कहना नहीं पड़ेगा। जब भी आप लोगों की समस्या होगी कॉलेज में हमसे बेधड़क मिलने का प्रयास करेंगे। मैं 24 घंटे आप लोगों से मिलने के लिए हाजिर रहूंगा। मौके पर डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष वित्त रहित अनुदानित शिक्षक कर्मचारी संघ भागलपुर, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा, इतिहास विभाग के डॉक्टर अंजनी पाठक, ताड़र कॉलेज ताड़र के डॉ विमल चंद्र राय, डॉ जयशंकर ठाकुर, एस्डीएम ए कॉलेज धोरैया के राजीव यादव आदि मौजूद थे।

# एडीएम ने रजौली के 7 इंटर परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, कदाचारियों पर कार्रवाई



**नवादा (हि स)।** नवादा के अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद ने शुक्रवार को इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान रजौली के 7 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया। उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा का दावा किया है। नवादा जिले में 37 परीक्षा केंद्रों पर इंटर परीक्षा शुरू हुई। चंद्रशेखर आजाद नवादा जिले के रजौली परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में कमियो को देखकर केंद्र अधीक्षक तथा तैनात दंडाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ताकि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराया जाए । उन्होंने कहा कि नवादा नगर के साथही वारिसलीगंज, हिसुआ तथा रजौली अनुमंडल मुख्यालय में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। ताकि परीक्षार्थियों को परेशानियों का सामना करना ना पड़े। उन्होंने कहा कि कदाचार में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो प्राथमिक की दर्ज कर वैसे लोगों को जेल की भी हवा खिलाई जाएगी। परीक्षा केंद्र के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थापक की गई है। जहां अधिकारी बैठकर परीक्षा केंद्रीय की निगरानी कर रहे हैं। एडीएम ने कहा कि सभी केंद्रों पर बेहतर निगरानी की व्यवस्था की गई है। कई लोगो को गिरफ्तार कर जुमार्ना भी वसूले गए हैं।

# सर्वोच्च न्यायालय में एक मार्च को होगी सहरसा में एम्स अस्पताल निर्माण की सुनवाई : प्रवीण आनंद



**सहरसा, (हि.स.)।** कोशी वासियों के लिए खुशखबरी यह है कि सर्वोच्च न्यायालय में विद्वान अधिवक्तागण के तर्क संगत एवं लोकहित की वास्तविकता को जानकर न्यायसंगत बहस को सुनकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर लिया है। कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष विनोद कुमार झा अधिवक्ता एवं मोर्चा के प्रधान संरक्षक पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद द्वारा लाखों कोशी वासियों के स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षार्थ के साथ ही कोशी प्रमंडल के चहुंमुखी विकास हेतु सर्वोच्च न्यायालय में याचिका संख्या 810/2024 द्वारा सहरसा में देश का सबसे बड़ा महाअस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बने विशेष अनुमति याचिका दायर किया गया है। इसके साथ ही सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, निदेशक पीएमएसएसवाई भारत सरकार, संयुक्त सचिव पीएमएसएसवाई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार,प्रधान सचिव द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, बिहार सरकार, जिला पदाधिकारी, सहरसा, सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहरसा तथा अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार, को नोटिस कर 1 मार्च को जवाब देने का आदेश दिया है कि बिहार में दूसरे एम्स के निर्माण हेतु सहरसा सहित राज्य की कौन सा भूमि उपयुक्त है। जो एम्स के मानक को पूरा करती है। इस आदेश से सहरसा में एम्स की भूमि का निरीक्षण होने की संभावना बढ़ गई है और यहाँ की भूमि एम्स मानक को पूरा करती है, क्योंकि एम्स निर्माण संघर्ष समिति के लगातार प्रयास से हीं जिला पदाधिकारी ने एम्स मानक हेतु सभी गाईडलाईन को देखकर ही अपने पत्रांक 1525 दिनांक 26 अगस्त 2017 को एम्स मानक के अनुसार 217 एकड 74 डिसमिल भूमि भेजी थी। कोशी वासियों को उसी दिन से सहरसा में एम्स बनने की आस जगी है ।

संपादकीया

# देशव्यापी कोशिश से रुकेंगे सड़क हादसे

**भारत** दुनिया में सड़क हादसों की दृष्टि से बहुत बुरी स्थिति में माना जाता है। हर साल होने वाले साढ़े चार लाख से अधिक सड़क हादसों में प्रति वर्ष डेढ़ लाख से अधिक लोग मारे जाते हैं। वहीं घायलों का आंकड़ा भी साढ़े चार लाख से अधिक है। उसमें उन लोगों की संख्या भी अच्छी-खासी है जो जीवनपर्यंत अपंगता का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्य से हादसों में मरने व घायल होने वाले लोगों में कामगार व युवा आबादी की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य के जाने के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। इस भयावह संकट के मद्देनजर एक कारगर व रचनात्मक पहल पंजाब सरकार की ओर से हुई है। पंजाब सरकार ने हर साल सड़क हादसों में मरने वाले लगभग चार हजार लोगों की जान बचाने के लिये कदम उठाया है। पंजाब की पांच हजार पांच सौ किमी सड़कों पर हादसों को टालने के लिये 144 अत्याधुनिक वाहन तैनात करने का फैसला किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने राज्य के बारह जिलों के लिये निगरानी करने वाले 129 हाईटैक वाहनों को हरी झंडी दिखायी। दरअसल, इन वाहनों से उन लोगों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा, जो नियम-कानून तोड़कर हादसों को अंजाम देते हैं। दरअसल, दुर्घटनाओं के मूल में अनियंत्रित गति और नशे में तेज वाहन चलाना ही होता है। इन तैनात वाहनों में स्पीड गन, अल्कोमीटर, मेडिकल किट,ई-चालान मशीन व एआई आधारित स्मार्ट प्रणाली लगी होगी। जो अनियंत्रित यातायात को नियंत्रित करने में सहायक होंगे। दरअसल, एक फरवरी से तैनात होने वाली सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम हर जिले की रोड से जुड़ने वाले राजमार्गों पर इंटरसेप्ट करेगी। दरअसल, हर तीस किलोमीटर पर तैनात इन वाहनों में एक प्रशिक्षित टीम तैनात रहेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि किसी भी दुर्घटना होने पर ये अत्याधुनिक वाहन घटना स्थल पर पहुंचेंगे और घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाएंगे। निश्चित रूप से सड़क हादसों को रोकने की दिशा में पंजाब की आप सरकार की यह सार्थक पहल है। इस कार्य को संवेदनशील ढंग से संचालित किये जाने के लिये पूर्व ओलंपियन गगन अजीत सिंह को सड़क सुरक्षा फोर्स का एसएसपी नियुक्त किया गया है। निस्संदेह, इस तरह की पहल करने वाला पंजाब देश का अग्रणी राज्य है। यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि कीमती जानें बचाने का यह मेरा सपना साकार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सांसद के रूप में भी मान संसद में सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा अकसर उठाते रहे हैं। इसी सोच के चलते इस अभिनव योजना को अंजाम दिया जा सका। निस्संदेह, हम अकसर सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों को गिनती के रूप में देखते हैं। जिस परिवार का सदस्य बेमौत मारा जाता है उसके दर्द को महसूस नहीं करते। यह विडंबना है कि अकसर लोग दूसरों की लापरवाही से मारे जाते हैं, जिसमें उनका कोई कसूर नहीं होता है। वे न चाहते हुए भी परिवार को जीवन भर का दुख दे जाते हैं। बहरहाल, राज्य शासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क सुरक्षा फोर्स मुस्तैदी से काम करे और उस लीक को तोड़े जिसके लिये अब तक पुलिस की आलोचना सुस्ती के लिये की जाती है। तभी राज्य में हर रोज सड़क दुर्घटना में मरने वाले चौदह लोगों का अनमोल जीवन बचाया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये भर्ती किये गए करीब तेरह सौ पुलिसकर्मी अपने कैरियर की शुरुआत जिंदगियां बचाकर शानदार ढंग से करेंगे। दरअसल, मौजूदा 432 पुलिसकर्मियों के साथ आठ घंटे की ड्यूटी में ये सुरक्षाकर्मी 24 घंटे अत्याधुनिक वाहनों में तैनात रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा फोर्स के लिये नये भर्ती जवानों को पुलिस प्रशिक्षण अकादमी कपूरथला में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उत्साहवर्धक बात यह है कि वाहन चालकों में 90 महिला पुलिसकर्मी हैं। हालांकि, पंजाब सरकार ने एक लंबी तैयारी के बाद इस सड़क सुरक्षा योजना को अंजाम दिया है, लेकिन शासन की ओर से सभी पहलुओं पर नजर रखकर इसे अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

> दुर्भाग्य से हादसों में मरने व घायल होने वाले लोगों में कामगार व युवा आबादी की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य के जाने के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। इस भयावह संकट के मद्देनजर एक कारगर व रचनात्मक पहल पंजाब सरकार की ओर से हुई है। पंजाब सरकार ने हर साल सड़क हादसों में मरने वाले लगभग चार हजार लोगों की जान बचाने के लिये कदम उठाया है। पंजाब की पांच हजार पांच सौ किमी सड़कों पर हादसों को टालने के लिये 144 अत्याधुनिक वाहन तैनात करने का फैसला किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने राज्य के बारह जिलों के लिये निगरानी करने वाले 129 हाईटैक वाहनों को हरी झंडी दिखायी। दरअसल, इन वाहनों से उन लोगों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा, जो नियम-कानून तोड़कर हादसों को अंजाम देते हैं। दरअसल, दुर्घटनाओं के मूल में अनियंत्रित गति और नशे में तेज वाहन चलाना ही होता है।

बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो

# 'सूचना' जैसी निर्दयी मां कब तक रहेंगी समाज में...!

ऋतुपर्ण दवे

> पति-पत्नी के रिश्तों में तल्खी आना असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। तमाम घटनाओं से यही समझ आता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया।

**कोई** मां भला कैसे निर्दयी हो सकती है? क्रूर हो सकती है? कैसे अपने जिगर के टुकड़े को बैग में पैक कर सड़क रास्ते लंबे सफर पर बेखौफ निकल सकती है? इसके जवाब मनोचिकित्सकों के पास अपने-अपने ढंग के और अलग भी हो सकते हैं। लेकिन गोवा में एक आम नहीं बल्कि बेहद खास वो मां जिसने देश-दुनिया को अपनी सफलता से आकर्षित किया और निर्दयता और क्रूरता की सारी हदें पार कर जाए तो हैरानी होती है। गोवा में जघन्य हत्याकांड ने जहां हर किसी को झकझोरा, वहीं कई सवाल भी खड़े कर दिए। बेहद पढ़ी-लिखी मां जिसे दुनिया आदर्श समझती थी, वही अपराधी निकले? सवाल यकीनन कचोटने वाला है। लेकिन जवाब आसान भी नहीं है।

पति-पत्नी के रिश्तों में तल्खी आना असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। तमाम घटनाओं से यही समझ आता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया। लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है।

रास्ते भर चुप्पी और सामान्य हाव-भाव बनाए रखना। बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो। इस मां की सारी करतूत बेहद हैरतअंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल स्टाफ को संदेह हुआ, वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे है? शक और कमरे में मिले सबूतों की बिना पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है।कैब ठिकाने के बजाय सीधा थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है। इस तरह एक बेमिसाल महिला के हाथों हुए क्रूरतम हत्याकांड से हर कोई सन्न रह जाता है। न जाने कितनी निर्दयी माताओं की कैसी-कैसी क्रूरतम वारदात सुनी और देखी हैं।





एआई के जरिए 'माइंडफुल एआई लैब' से कृत्रिम आदर्श और नैतिकता का आधुनिक पाठ पढ़ाने वाली सूचना सेठ ने कैसा घटिया माइंड गेम खेला जिससे हर कोई स्तब्ध है। उसके अनैतिक कारनामे की जितनी भी निंदा की जाए कम है और कठोर से कठोर सजा भी नाकाफी है। कोई अपढ़, ठेठ गंवई, दकियानूसी होता तो थोड़ा समझ भी आता। लेकिन एक पढ़ी-लिखी असाधारण महिला जिसकी बेहद तगड़ी प्रोफाइल हो। एक कंपनी की सीईओ और हार्वर्ड की रिसर्च फेलो हो। जिसका नाम-2021 की एआई एथिक्स में टॉप 100 ब्रिलियंट महिलाओं में शुमार हो। जिसने दो साल बर्कमैन क्लेन सेंटर में एक सहयोगी का काम किया और बोस्टन, मैसाचुसेट्स में एआई तथा रिस्पॉन्सिबल मशीन लर्निंग में भी अपना योगदान दिया। बैंगलुरु की प्रतिष्ठित कंपनी में डेटा साइंटिस्ट का काम कर चुकी हो जिसने दो पेटेंट भी दाखिल किए हों। जिसके पास कलकत्ता यूनिवर्सिटी की भौतिक शास्त्र की स्पेशलाइजेशन की डिग्री हो और जो वहां की 2008 की टॉपर हो, वो ऐसा करे तो हैरानी की हदें भी पार होना स्वाभाविक है।

पश्चिम बंगाल की सूचना सेठ के पति वेंकट रमन बड़े इंडोनेशियाई कारोबारी हैं। 2010 में दोनों ने प्रेम विवाह किया लेकिन जल्द ही रिश्ते बिगड़ गए। तल्खी बढ़ते-बढ़ते अदालत की चौखट तक जा पहुंची जो आखिरी मुकाम पर है। अदालत ने हर रविवार को बेटे को पिता से मिलने की इजाजत दी। यही सूचना सेठ को नागवार गुजरी। उसके एआई पैटर्न के ब्रेन ने जबरदस्त चाल चली। कत्ल से पहले बेटे से बेंगलुरु में मिलने का संदेश देकर पति को गुमराह किया और खुद बेटे को लेकर गोवा आ गई। बेटा पिता से न मिल सके, इस प्रतिशोध में सूचना धधक रही थी। एक सक्षम एन्टरप्रेन्योर होकर भी पति से ढाई लाख रुपये हर माह गुजारा भत्ता भी चाहती थी। शायद सूचना बेहद प्रतिभाशाली होकर भी अकेलेपन का शिकार थी और खुद के बुद्धिमान होने का भ्रम पाले घृणित आपराधिक विकृति के गिरफ्त में जकड़ चुकी थी।

बेटे की हत्या का उसे कोई पश्चाताप नहीं है। बेटे का कुसूर बस इतना था कि उसकी शक्ल पिता से मिलती थी जो सूचना को सालता था। कैसी विकृत सोच थी? नासमझ मां में भी ममता होती है। जानवर तक संतान को बचाने को खूंखार हो जाते हैं। उसमें ईर्ष्या, द्वेष की कैसी-कैसी विकृत मानसिकता पनपी जिसका उदाहरण सामने है। आखिर समाज किस दिशा में जा रहा है? अकेलापन, आपसी मेलजोल की कमी, बिखरता समाज और हाथ में सिमटे मोबाइल से एकाकी बनता जीवन, सामाजिक ताना-बाना बिखेर लोगों को लोगों से अलग कर रहा है। एक वो जमाना था जब संयुक्त परिवार शान थे। गांवों में सांझा चूल्हा जलता जिसमें सबका खाना साथ पकता।

रोज का हंसना, मिलना, उठना, बैठना और सबके सुख-दुख में बराबरी से शरीक होना, किसी मुसीबत या अनबन पर मिल जुलकर हल निकालने से कभी अकेलापन, डिप्रेशन या असुरक्षा की भावना महसूस नहीं होती थी।आज तरक्की के बीच वो समाज है जिसमें टूटते संयुक्त परिवार की जगह अकेले परिवार हैं जो दिखावे का झूठा मुलम्मा ओढ़ रिश्तों की अहमियत को दरकिनार कर दिनों दिन बेहद खोखले होकर टूटते जा रहा हैं। यही वजह है जो बड़े और हाई प्रोफाइल भी घटिया से घटिया कांड कर बैठते हैं। काश कुछ वक्त टीवी, मोबाइल के स्क्रीन के अलावा घर, परिवार, समाज के लिए भी निकाला जाता जिससे इंसान को इंसान से जोड़े रखने वाली कड़ियां बिखरने न पातीं। इस दिशा में सबको सोचना होगा और रास्ता निकालना ही होगा। कितना अच्छा होता कि गोवा कांड की सूचना समाज के लिए आखिरी होती।

दृष्टि कोण

# तुलसी को तुलसीदास बनाने वाली विस्मृत

**गोस्वामी** तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे महान महाकाव्य की रचना करके हर घर में सरल भाषा में राम नाम पहुंचा दिया। गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए एक महाकवि ने लिखा : सुरतिय, नरतिय, नागतिय अस चाहती सब कोय, गोद लिए हुलसी फिरें तुलसी सो सुत होय।। अर्थात देवता, मानव आदि सभी वर्णों, जातियों की महिलाएं बड़ी प्रसन्नता के साथ गोद में अपने-अपने बालक को लेकर अर्थात जन्म देने की प्रक्रिया पूरी करते हुए बहुत हुलसित रहती हैं, क्योंकि सबकी यही चाह होती है कि तुलसी जैसा पुत्र हो। यहां हुलसी का अर्थ प्रसन्न भी है और हुलसी तुलसीदास जी की माता का नाम भी है। सभी माताएं तुलसी जैसा पुत्र पाने की अभिलाषा के साथ ही हर्षित होकर गर्भ धारण करतीं, प्रसव पीड़ा सहतीं और योग्य संतान पाकर हर्षित होती। हर मां तुलसीदास जी जैसी संतान पाकर बहुत ज्यादा गौरवान्वित अनुभव करतीं, पर तुलसी तो कई पैदा हुए, लेकिन गोस्वामी तुलसीदास तो एक ही बन सका और वह पूरे विश्व में जहां-जहां भारतीय समाज, सनातनी, हिंदू बसे हैं वहां तक रामचरितमानस घरों की शोभा बन चुका है और दैनिक जीवन में भी रामचरितमानस के दोहे, चौपाइयां गाता, दोहराता है। रघुकुल रीत सदा चला आई, प्राण जाई पर वचन न जाई। यह भारतीय जीवन का आदर्श बन गया, यद्यपि आज राजनीति में वचन का कोई महत्व नहीं रहा, पर राम जी में था, राम राज्य में था। हम भारतीय कृतज्ञ हैं। कृतज्ञता हमारे चरित्र, संस्कृति का स्वभाव है, प्रमुख गुण है, पर आज तक मैं यह नहीं समझ पाई कि जिस रत्नावली जी के कारण तुलसी तुलसीदास बन गए, उस रत्नावली को समाज और देश क्यों भूल गया। सभी जानते हैं कि तुलसीदास जी के माता-पिता ने उसे गंडमूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण त्याग दिया था। उसका पालन-पोषण पहले एक धाय द्वारा और बाद में गुरु के आश्रम में हुआ। गुरुजी से विद्या प्राप्त करने के पश्चात तुलसीदास जी ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया और रत्नावली उनकी अर्धांगिनी बनी। रत्नावली एक विदुषी थीं, जिनका जन्म सम्वत 1577 विक्रमी में जनपद कासगंज के सोरों शूकरक्षेत्र अन्तर्वेदी भागीरथी गंगा के पश्चिमी तटस्थ बदरिया (बदरिका/बदरी) नामक गांव में हुआ था। विदुषी रत्नावली के पिता का नाम पंडित दीनबंधु पाठक एवं माता दयावती थीं। विदुषी रत्नावली का पाणिग्रहण सम्वत 1589 विक्रमी में सोरों शूकरक्षेत्र निवासी पंडित आत्माराम शुक्ल के पुत्र पंडित तुलसीदास जी के साथ हुआ। सम्वत 1604 विक्रमी में जब रत्नावली मात्र 27 वर्ष की ही थीं, तब एक बार तुलसीदास जी रत्नावली के मायके ही उसके पास पहुंच गए। आज के युग में यह असाधारण नहीं लगता। निश्चित ही उस युग में इसे उचित नहीं माना जाता होगा। विदुषी रत्नावली ने अपने पति से कहा : लाज न आवत आपको, दौरे आयहु साथ। धिक-धिक ऐसे प्रेम को, कहा कहौं मैं नाथ॥ अस्थि चर्म मय देह मम तामे जैसी प्रीति। तैसी जौ श्री राम महं होति न तौ भवभीति॥ इस घटना से तुलसीदास जी की मानो अंतर्चेतना एक नई चमक से भर गई और उसी समय तुलसीदास घर से वाराणसी पहुंच गए। उन्हें श्री नरहरिदास जैसे महान गुरु मिल गए और लौह पारस संयोग से तुलसी तुलसीदास बने। युगों युगों के लिए अमर हो गए। हर घर पहुंच गए। तुलसीदास जी के मंदिर बने। उनकी आरती हो रही है। वैष्णव परंपरा के अनुसार ही भोग भी लगते हैं और भक्ति का वरदान भी तुलसीदास जी से ही मांगा जा रहा है। तुलसीदास का हनुमान चालीसा हर श्रद्धालु के लिए रक्षा कवच है, पर एक यक्ष प्रश्न है : उसका उत्तर मिलना तो दूर, उसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। हम शेष सनातन जी को याद करते हैं, नरहरिदास जी को प्रणाम करते हैं जिन्होंने तुलसी को विद्या दी और तुलसीदास ने रामचरितमानस, विनय पत्रिका, दोहावली जैसे महान ग्रंथों की रचना की, पर रत्नावली को क्यों याद नहीं किया जाता। वास्तविक गुरु तो रत्नावली है। रत्नावली अगर पति को राम भक्ति की याद न करवाती और अपने शरीर को हड्डी मांस का संयोग कहकर ही तुलसीदास को रघुनाथ से प्रीति का संदेश न देती तो तुलसी तुलसीदास कैसे बनते। क्यों यह कहा जाता कि हर मां हुलसित फिरे, क्योंकि तुलसीदास जैसा पुत्र चाहती है। यह संभवतः अपने देश का एक स्वभाव हो गया।

कुछ अलग

# सहज न्याय की राह

**यह** सुखद ही है कि देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। यह सुखद संकेत सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम से मिला, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के सात दशक बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। हालांकि, सरकार दावा कर रही है कि इस दिशा में क्षमता निर्माण और कानूनों के न्यायपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन के लिये सरकारी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद नये कानूनों के उपयोग व सीमाओं से आम लोगों को अवगत कराना जरूरी है। निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिये न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है। जिस ओर 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा भी कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने के लिये न्यायपालिका की क्षमता का विस्तार जरूरी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस मौके स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टियों के मुद्दे की ओर भी ध्यान खींचा। साथ ही उन्होंने वंचित समाज के लोगों को न्यायिक व्यवस्था में प्रतिनिधित्व दिये जाने की जरूरत बतायी। हालांकि, देश की शीर्ष न्यायिक व्यवस्था में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पर्याप्त नहीं है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि जिला न्यायपालिका में महिलाओं की 36 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित हुई है। जो कालांतर में शीर्ष स्तर पर लैंगिक समानता की राह बनाएगी। बहरहाल, राजग सरकार ने न्यायिक प्रणाली के प्रति भरोसा जगाने के लिये कई बदलावकारी फैसले लिये हैं। जिनमें जन विश्वास बिल का प्रधानमंत्री ने बार-बार जिक्र किया है। कहा जा रहा है कि इससे भविष्य में भारतीय न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम हो सकेगा। बीते साल केंद्रीय कैबिनेट ने जन विश्वास विधेयक में संसदीय समिति द्वारा दिए गए सुझावों को मंजूरी प्रदान की थी। दरअसल, जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2023 को जीवन व कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने वाला बताया जा रहा है। इसके अंतर्गत 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन करके छोटी गलतियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 19 मंत्रालयों से जुड़े अधिनियमों के प्रावधानों में संशोधन की बात कही गई है। संसद की संयुक्त समिति ने विधायी और विधि मामलों के विभागों के अलावा 19 मंत्रालयों से प्रावधानों को हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की थी। दरअसल, संसदीय समिति ने केंद्र सरकार को कारोबार तथा जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये जन विश्वास विधेयक की तर्ज पर छोटे मामलों को अपराध की सूची से बाहर निकालने का सुझाव दिया था। जिसके लिये राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को प्रोत्साहन देने का सुझाव भी दिया था।

देश दुनीया से

# चुनावों से पहले ही खरगे के बयानों से कांग्रेस की हताशा झलकने लगी है

> भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए।

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है। कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इंकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरूद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक्ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया' का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी?



अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी। बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया।

आप का नजरीया

# टूटे न जीवन की डोर

**जब** 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में देश के करोड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम व वर्चुअल संवाद के जरिये प्रधानमंत्री परीक्षा भय से मुक्त होने की बात कर रहे थे, देश के कई भागों से छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही थीं। जाहिर है अभिभावक व शिक्षक इन बच्चों के मानसिक द्वंद्व व वास्तविक दिक्कतों को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसके चलते इन बच्चों को मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प नजर आ रहा है। निश्चित रूप से परीक्षा का भय इस कदर बच्चों पर हावी है कि उन्हें लगने लगता है कि परीक्षा में असफलता के बाद जीवन में कुछ शेष नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस संबोधन में इन तमाम चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने गहरी बात कही कि– 'बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं।' यह एक हकीकत है कि अपने जीवन में शैक्षिक व रोजगारपरक लक्ष्यों को हासिल न कर पाने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर व इंजीनियर बनने की उम्मीद पाल बैठते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए यह नहीं सोचते कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं और हमारी उम्मीदों का बोझ वे किस सीमा तक बर्दाश्त कर पाएंगे। संगरूर में मेरिटोरियस स्कूल के हॉस्टल से एक छात्र के पिता को फोन जाता है कि तुम्हारे बच्चे के नंबर कम आए हैं। उसे हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। इसके तीन घंटे बाद खबर आई कि छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां इस फोन करने वाले शिक्षक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि उसने ऐसा संवेदनहीन व्यवहार क्यों किया। क्या नंबर कम आने के लिये छात्र को हॉस्टल से निकाल देना समस्या का समाधान है? यह दबाव अभिभावकों पर बना तो छात्र तनाव में आ गया। क्या उन कारणों की पड़ताल नहीं की जानी चाहिए थी जिसकी वजह से छात्र के नंबर कम आए? नये दौर में संक्रमणकाल से गुजर रहे छात्रों को समझने में क्या शिक्षक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं? वहीं दूसरी ओर कोचिंग बाजार का गढ़ बन चुके कोटा में छात्रों की आत्महत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। कोटा से फिर एक संभावना के अस्त होने की खबर आ रही है। वहां से बुरी खबर आई कि सोमवार को जेईई व नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 साल की निहारिका ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले लिखे पत्र में उसने लिखा- 'मम्मी-पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती, इसलिए सुसाइड कर रही हूं। आई एम लूजर, यही लास्ट ऑप्शन है।' जाहिर है बच्ची इतनी भयाक्रांत थी कि परीक्षा से पहले ही आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। जाहिर है इस फैसले में परिवार की उम्मीदों का बोझ ही शामिल होगा, जिसके चलते परीक्षा की विफलता को उसने जीवन का अंत मान लिया। आखिर क्यों मां-बाप बच्चों के साथ ऐसा सहज संवाद नहीं बना पाते कि इस आत्मघाती फैसले से पहले वह किसी तरह का विमर्श उनके साथ कर सके? क्यों हम बच्चों के सामने ऐसे हालात पैदा कर देते हैं कि उन्हें लगता है कि परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए तो जीवन ही खत्म हो जाएगा? प्रश्न यह भी है कि उम्मीदों का कब्रगाह बनते कोटा भेजने से पहले क्या अभिभावकों ने सोचा है कि क्या जेईई में निकलना निहारिका का पैशन भी है? हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। ईश्वर उसे किसी निश्चित लक्ष्य के लिये रचता है।




# पाकिस्तान के खटारा विमानों से यात्रियों की जान को खतरा,नए एयरपोर्ट का विरोध शुरु

**पेशावर।**

पाकिस्तान में अधिकांश विमान खटारा हो चुके हैं। उसके पास नए विमान खरीदने के पैसे भी नहीं है। हालत इतनी ज्यादा खराब है कि पाकिस्तान की अदालत को इस मामले में स्वत: संज्ञान लेना पड़ा। दूसरा मामला एक एयर पोर्ट का है। निर्माणाधीन इस एयर पोर्ट से लोग खतरा महसूस कर रहे है। इसके विरोध में खड़े लोगों का कहना है कि आस पास की रिहायशी बस्तियों के लोगों का जीना दूभर हो जाएगा।गिलगित हवाई अड्डे के लिए पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की उड़ान संचालित करने के लिए खराब विमानों का उपयोग कर रहा है उससे उनके जीवन को गंभीर खतरे में डाल रहा है। एक खास रिपोर्ट में इस संवेदनहीन और चौंकाने वाले मामले का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गिलगित बाल्टिस्तान के लोग लंबे समय से गिलगित सेक्टर में सेवा में लगाए गए आपदा-संभावित विमानों के बारे में शिकायत कर रहे हैं, जो अक्सर तकनीकी खराबी के कारण खड़े हो जाते हैं, जिससे हवाई अड्डों पर सामान्य देरी हो जाती है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने लगातार खराबी के बाद कई उड़ानों को रोक दिया है। सेक्टर में कम से कम दो विमान पहाड़ी इलाकों में दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। गिलगित और स्कर्दू से आने-जाने वाली पीआईए की उड़ानों के खिलाफ लोगों के पास काफी मुकदमे हैं। दोषपूर्ण विमानों के उपयोग के अलावा, एक और गंभीर शिकायत यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूलने की है। किराया समय, दूरी और एयरलाइन द्वारा प्रदान की गई सेवा की गुणवत्ता के अनुपात से अधिक था। किराया कराची से दुबई की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से अधिक था। इस तरह के अत्यधिक आरोप पीआईए के नागरिकों की सेवा के दावों पर सवाल उठाते हैं। सुप्रीम अपीलीय अदालत के न्यायाधीश सरदार मुहम्मद शमीम खान ने अब पीआईए से मार्ग पर विमानों के परिचालन जीवन और बार-बार खराब होने के कारणों पर एक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। 20 जुलाई, 2019 को गिलगित हवाई अड्डे पर उतरते समय एटीआर-42 विमान के रनवे से फिसल जाने के बाद पीआईए को 10.1398 मिलियन रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। पाकिस्तान के महालेखा परीक्षक ने अपनी 2021-22 रिपोर्ट में नुकसान के लिए पीआईए को जिम्मेदार ठहराया। पिछले सितंबर में, स्थानीय मुख्य न्यायाधीश शमीम खान ने शिकायतों पर स्वत: संज्ञान लिया था और एयरलाइंस और हवाईअड्डा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### बंधकों की रिहाई की डील पर संशय, हमास ने नहीं दी है अभी मंजूरी



**तेल अवीव ।** इजराइल और हमास के बीच बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत हो रही है। इस बातचीत में कतर, मिस्त्र और अमेरिका भी शामिल हैं। हाल ही में कतर ने एलान किया था कि हमास ने बंधकों को छोड़ने की डील के लिए हामी भर दी है, लेकिन अब लेबनान के एक मीडिया हाउस ने फलस्तीनी सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि अभी तक हमास ने डील पर कोई फैसला नहीं किया है और वह अभी इस पर विचार कर रहे हैं। इजराइल के मीडिया ने भी लेबनानी मीडिया की इन खबरों को रिपोर्ट किया है। कतर की तरफ से बयानबाजी में की गई जल्दबाजी लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कतर की तरफ से बयान जल्दबाजी में और गलत दिया गया। अभी तक हमास के नेतृत्व ने डील को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इजराइली मीडिया जानबूझकर डील फाइनल होने की बात चला रहा है ताकि बंधकों के परिजन, जो सरकार पर दबाव बना रहे हैं, उन्हें शांत रखा जा सके। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मजीद अल अंसारी ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा था कि इजराइल की तरफ से डील को मंजूरी मिल गई है और हमास की तरफ से भी शुरुआती सकारात्मक पुष्टि हुई है। हमास ने इजराइल पर खबरें लीक करने का लगाया आरोप हमास के एक अधिकारी ओसामा हमदान के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमास ने अभी तक अपने आधिकारिक जवाब पर अंतिम फैसला नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में हमदान के हवाले से लिखा गया है कि जब सब तैयारी हो जाएगी तो हम डील पर अपना जवाब दे देंगे, लेकिन अभी तक हमने कुछ फाइनल नहीं किया है और ना ही अभी तक कोई समझौता हुआ है। हमदान ने कहा कि इजराइली सरकार विपक्ष के दबाव से बचने के लिए जानबूझकर ऐसी खबरें लीक कर रही है और वह भ्रम फैला रहे हैं। बीती 7 अक्तूबर को हमास ने इजराइल की सीमा में घुसकर 1200 से अधिक इजराइली नागरिकों की हत्या कर दी थी। साथ ही 230 से ज्यादा इजराइली और अन्य विदेशी नागरिकों का अपहरण कर उन्हें बंधक बना लिया था। नवंबर में इजराइल और हमास के बीच अस्थायी युद्धविराम हुआ, जिसमें हुए समझौते के तहत 105 नागरिकों को हमास ने रिहा कर दिया। इनमें 81 इजराइली, 23 थाईलैंड के नागरिक एक फिलिपींस का नागरिक शामिल था। अभी भी 130 से ज्यादा लोग हमास की कैद में हैं। हालांकि आईडीएफ ने अपनी खुफिया रिपोर्ट्स के आधार पर दावा किया है कि बंधकों में 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

### ओहियो में भारतीय-अमेरिकी छात्र की मौत, एक हफ्ते में ऐसी तीसरी घटना



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। इस बार घटना ओहियो के सिनसिनाटी से सामने आई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ओहियो में भारतीय मूल के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। परिवार को इस बारे में बता दिया गया वाणिज्य दूतावास ने घटना के बारे में कोई और जानकारी दिए बिना बताया कि हम लगातार परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारत में बेनिगेरी के परिवार को इस बारे में बता दिया गया है। उम्मीद है कि उनके पिता के जल्द ही भारत से अमेरिका आएंगे। एक महीने में ऐसी चौथी घटना बता दें कि इस सप्ताह की शुरुआत में पर्ड्यू विश्वविद्यालय के छात्र नील आचार्य मृत पाए गए थे। आचार्य लापता थे। कुछ घंटों बाद विश्वविद्यालय परिसर में एक शव मिला और उसकी पहचान आचार्य के रूप में की गई। एक अन्य मामले में हरियाणा के पंचकुला के निवासी विवेक सैनी की 16 जनवरी को जॉर्जिया के लिथोनिया में एक बेघर व्यक्ति ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। विवेक जॉर्जिया के लिथोनिया में एमबीए कर रहे थे। इससे पहले एक अन्य भारतीय छात्र अकुल धवन जनवरी में इलिनोइस विश्वविद्यालय अर्बाना-शैंपेन (यूआईयूसी) के बाहर मृत पाए गए थे। 18 वर्षीय छात्र के शव के पोस्टमॉर्टम से पता चला कि उनकी मृत्यु हाइपोथर्मिया से हुई।

# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली, बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

**वॉशिंगटन ।**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे। साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

**निक्की हेली ने ट्रंप-बाइडन की उम्र पर साधा निशाना** - निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे निक्की हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते।

**ट्रंप से पिछड़ीं हेली** - निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी निक्की हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं। गौरतलब है कि अगर जो बाइडन और निक्की हेली के बीच राष्ट्रपति चुनाव की टक्कर होती है तो निक्की हेली, बाइडन से काफी आगे हैं। यही वजह है कि निक्की हेली और उनकी प्रचार टीम डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को उम्र के मुद्दे पर घेरने की कोशिश कर रही है। साथ ही वह प्रचार कर रहे हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में फिर से जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर नहीं होनी चाहिए, वरना इससे हिंसा भड़क सकती है। निक्की हेली ने एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान कहा कि 80 साल के दो नेता राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि ये सभी जानते हैं कि 80 साल की उम्र में इंसान की मानसिक क्षमता घटने लगती है। वहीं ट्रंप की प्रचार अभियान टीम का दावा है कि निक्की हेली के पास फंड की कमी है और वह जल्द ही चुनाव से अपना नाम वापस ले लेंगी।



### नाराज क्यों हैं यूरोप के किसान बेल्जियम की राजधानी में ट्रैक्टर्स से सड़कें की जाम, आगजनी

**ब्रूसेल्स ।** यूरोपीय देशों में इन दिनों किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और सड़कों पर उतरे हुए हैं। यूरोपीय यूनियन की बैठक हुई, जिसमें यूक्रेन को और आर्थिक मदद देने का एलान किया गया। वहीं बेल्जियम की राजधानी ब्रूसेल्स में किसान सड़कों पर उतरे और शहर की कई सड़कों को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी किसानों ने ट्रैक्टर्स से पूरे शहर में मार्च किया और इस दौरान सड़कों पर अंडे फेंके गए, जगह-जगह आगजनी हुई। क्यों प्रदर्शन कर रहे हैं किसान यूरोपीय देशों में किसान संगठन नाराज चल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें खेती के लिए अच्छे पैसे नहीं मिल रहे हैं। साथ ही उन पर टैक्स लादे जा रहे हैं। पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों ने उन्हें और परेशान कर दिया है। यूरोप के किसानों की ये भी शिकायत है कि उन्हें विदेश से कड़ी प्रतिस्पर्धा का भी सामना करना पड़ रहा है। खासकर यूक्रेन से आने वाले सस्ते आयात से उनकी परेशानी कई गुना बढ़ गई है। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोपीय देशों ने यूक्रेन से आने वाले कृषि आयात को कई छूट दी हैं, जिससे यूक्रेन समेत अन्य देशों से सस्ती कृषि उपज यूरोप के बाजारों में आ रही है, जिससे स्थानीय किसानों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है इससे वे नाराज हैं। बेल्जियम की राजधानी ब्रूसेल्स में करीब एक हजार ट्रैक्टर्स सड़कों पर उतरे। किसान यूरोपीय यूनियन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी परेशानी पर भी ध्यान दिया जाए और उनके लिए आर्थिक मदद का एलान किया जाए। गौरतलब है कि प्रदर्शन के बाद बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने भी किसानों की परेशानियों पर चिंता जाहिर की है और इस मुद्दे पर चर्चा की बात कही है। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं, उनमें कोशिश होनी चाहिए कि किसान बुरी तरह प्रभावित न हो। हाल के दिनों इटली, स्पेन, रोमानिया, पोलैंड, जर्मनी, पुर्तगाल और नीदरलैंड में भी किसानों ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। फ्रांस की सरकार ने किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उनके लिए आर्थिक मदद का एलान भी किया है।

# भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर को राहत, विमान में बच्ची के बगल में अश्लील हरकत करने का था आरोप



**वॉशिंगटन ।**

अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर को कोर्ट ने दोषी नहीं पाया है। उन पर विमान में 14 वर्षीय लड़की के बगल में अश्लील हरकत करने का आरोप था। रिपोर्ट के अनुसार, 33 वर्षीय डॉ. सुदीप्त मोहंती को बोस्टन की कोर्ट में तीन दिन की सुनवाई के बाद बरी कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, डॉ. सुदीप्त मोहंती बोस्टन में बेथ इजराइल डेकोनेस मेडिकल सेंटर के प्राथमिक देखभाल चिकित्सक हैं। उन पर मई 2022 में होनोलूलू से बोस्टन के लिए हवाईयन एयरलाइंस की उड़ान में अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने एक लिखित बयान में कहा कि मुझ पर ऐसा आरोप कैसे लगा यह अब तक मैं समझ नहीं पाया हूं। उस फ्लाइट में मेरी मंगेतर भी मेरे बगल में बैठी थी। हममें से कोई भी यह नहीं समझ पाया कि हमारे साथ ऐसा क्यों हुआ। मैंने एक चिकित्सक के रूप में दूसरों की देखभाल करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है और इन झूठे आरोपों से निपटने के दौरान मेरा पद छोड़ना हृदयविदारक रहा है। बताया गया कि नाबालिग ने उन पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। बच्ची का कहना था कि व्यक्ति ने खुद को गर्दन तक खुद को कंबल से ढका हुआ था। इसके बाद वह अश्लील हकत करने लगा। ऐसे में उसे कुछ ठीक नहीं लगा और वह पास की एक खाली सीट पर चली गई। विमान के बोस्टन में उतरने के बाद उसने अपने दादा-दादी को इस बारे में बताया और पुलिस से संपर्क किया।

**जॉर्जिया में मैकएचेर्न हाईस्कूल में गोलीबारी, दो घायल** - इस बीच जॉर्जिया में कोब काउंटी के मैकएचेर्न हाईस्कूल में गोलीबारी में दो लोगों घायल हुए हैं। कॉब काउंटी पुलिस ने बताया कि पीड़ित वहां के छात्र नहीं हैं। घटना कैंपस के पार्किंग में हुई और गोलीबारी में मैकएचेर्न के किसी भी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

**उत्तर कोरिया ने पश्चिमी तट से दागी कई क्रूज मिसाइलें** - दक्षिण कोरियाई सेना के हवाले से बताया गया है कि उत्तर कोरिया ने पश्चिमी तट से कई क्रूज मिसाइलें दागीं। यह इस साल ऐसी चौथी घटना है। जो इस साल का चौथा क्रूज मिसाइल प्रक्षेपण है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे पश्चिमी तट से उत्तर कोरिया की हरकत की खबर आई। मिसाइलों की संख्या के बारे में अभी जानकारी नहीं आई है।

# ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा का अधिकार मिलने पर हिंदू अमेरिकी संगठन खुश, बताया ऐतिहासिक फैसला



**वॉशिंगटन ।**

वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार दिया है, जिस पर अमेरिका के हिंदू संगठन ने खुशी जताई है। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका ने एक बयान जारी कर वाराणसी की अदालत के फैसले को ऐतिहासिक बताया। बयान में कहा गया कि विश्व हिंदू परिषद अमेरिका माननीय अदालत के फैसले की तारीफ करती है। इस ऐतिहासिक फैसले से हिंदुओं को वो अधिकार मिलेगा, जो उनसे नवंबर 1993 को छीन लिया गया था। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में अदालत के फैसले के बाद पूजा की गई। पूजा से आठ घंटे पहले ही अदालत ने इसकी मंजूरी दी थी। हालांकि मस्जिद कमेटी ने वाराणसी कोर्ट के फैसले पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। विश्व हिंदू परिषद ने की कोर्ट के फैसले की तारीफ विश्व हिंदू परिषद अमेरिका ने बयान में कहा यह मामला जमीन विवाद का है और यह किसी अल्पसंख्यक समूह से संघर्ष का मुद्दा नहीं है। हिंदू पक्ष द्वारा जो सबूत पेश किए, उनके आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनाया है, जो न्याय के सिद्धांतों के मुताबिक है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने अपने सर्वे में कई ऐसे तथ्यों का खुलासा किया, जिनसे पता चलता है कि ज्ञानवापी मस्जिद एक हिंदू मंदिर को तबाह करके बनाई गई है। विश्व हिंदू परिषद अमेरिका कोर्ट के फैसले की तारीफ करती है, जिसने सबूतों के आधार पर फैसला सुनाया है। अमेरिका के मुस्लिम संगठन ने की आलोचना वहीं इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने वाराणसी कोर्ट के फैसले की आलोचना की है। मुस्लिम काउंसिल ने बयान में कहा कि हम हमारे इतिहास और सभ्यता को मिटाने की किसी भी कोशिश के खिलाफ हैं। साथ ही हम धर्म की राजनीति के भी खिलाफ हैं। कोर्ट का फैसला भारत के 20 करोड़ मुस्लिमों के अधिकारों पर एक और हमला है।

# खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर के दोस्त के घर हुई फायरिंग, जांच में जुटी ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस

**ओंटारियो ।**

कनाडा में बीते साल जून में गोली मारकर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। अब हरदीप सिंह निज्जर के करीबी दोस्त के घर पर फायरिंग हुई है। इस फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया में सिमरनजीत सिंह के घर पर फायरिंग हुई।




### हमले में कई गोलियां चलाईं

ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा काउंसिल के प्रवक्ता ने बताया कि जिस घर पर फायरिंग हुई, वह हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। पुलिस ने पड़ोसियों और चश्मदीदों के बयान दर्ज किए हैं। घर के बाहर खड़ी कार पर कई गोलियां मारी गई हैं, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं घर पर भी कई गोलियां चलाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि अभी घटना की जांच चल रही है और घटना के पीछे की वजह का अभी खुलासा नहीं हुआ है। गुरुद्वारा काउंसिल के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह का कहना है कि इस गोलीबारी की घटना का हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड से कनेक्शन हो सकता है। इस गोलीबारी में सिमरनजीत सिंह की छह साल की बेटी बाल-बाल बच गई है। मोनिंदर ने दावा किया कि 26 जनवरी को वैंकुवर में भारत के वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक विरोध प्रदर्शन के आयोजन में मदद की थी। बीते साल जून में सरे में हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हरदीप सिंह निज्जर को भारत ने खालिस्तानी आतंकी घोषित किया हुआ था और वह भारत में वांछित था। हरदीप निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव आ गया था। दरअसल कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में दावा किया था कि हरदीप निज्जर की हत्या में भारत का हाथ हो सकता है। ट्रूडो ने भारत से जांच में सहयोग की अपील की थी। हालांकि भारत ने कनाडा के पीएम के दावों को नकार दिया था और उन्हें बेतुका बताया था।

# पाक चुनाव आयोग का फैसला, सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद तय समय पर ही होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद ।**

**पाकिस्तान में बढ़ती चुनाव संबंधी हिंसा और सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद तय समय पर ही चुनाव आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा और पाकिस्तान के कार्यवाहक आंतरिक मंत्री गोहर इजाज ने आठ फरवरी को ही चुनाव करवाने का एलान किया है।**



एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई थी। इसमें आंतरिक मंत्री, आंतरिक सचिव, मुख्य सचिव, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षकों के साथ-साथ खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सीईसी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, आठ फरवरी को समय पर चुनाव होगा। सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद, ईसीपी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि अशांति पैदा करने की कोशिश करने वालों से सेना सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों की मदद से निपटा जाएगा और किसी के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

### नाजुक कानून व्यवस्था पर जताई चिंता

राजा ने दोनों प्रांतों में नाजुक कानून व्यवस्था सहित ईसीपी के कार्यालय और राजनीतिक दलों पर हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इन हमलों से चुनावी प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी।

सुरक्षा बैठक के बाद कार्यवाहक आंतरिक मंत्री एजाज ने मीडिया को बताया कि खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों के बाद, चुनावों को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। चाहे कुछ भी हो जाए।

खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के मुख्य सचिवों ने बैठक में अपने प्रांतों में सुरक्षा स्थिति और आतंकवाद से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और लोगों को चुनाव में भाग लेने में मदद की।

### इमरान खान ने फिर से की इंट्रा-पार्टी चुनाव कराने की घोषणा

इधर, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी में अंतर-पार्टी चुनाव कराने की घोषणा की। इसके कुछ सप्ताह बाद देश की शीर्ष चुनावी संस्था ने इसके पहले प्रयास को रद्द कर दिया था, जिसके कारण 8 फरवरी के आम चुनावों से पहले पार्टी ने चुनाव चिन्ह क्रिकेट बैट खो दिया था।

गौरतलब है कि 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पाकिस्तान में कैद इमरान खान और उनकी पार्टी के सहयोगियों को कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह छीनने के अलावा, खुद खान और उनके वरिष्ठ सहयोगी शाह महमूद कुरेशी को कई मामलों में कारावास की सजा सुनाई गई है। और उनके नामांकन पत्र भी खारिज कर दिए गए।

# सर्जिकल स्ट्राइक की हिम्मत है, लेकिन पाकिस्तान से टेबल पर बात करने का साहस नहीं : मणिशंकर अय्यर

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन शुक्रवार को कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे को लेकर टेबल पर बातचीत होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भारत के पास सर्जिकल स्ट्राइक करने की हिम्मत है लेकिन पाकिस्तान से टेबल पर बात करने का साहस नहीं है। अय्यर ने कहा कि कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री परवेज मुशर्रफ से मेरी बात हुई थी। कश्मीर मामले के समाधान को लेकर उनके पास चार अहम सुझाव थे। ना जाने क्यों इस मुद्दे पर बैठकर बात नहीं हुई। अय्यर ने कहा कि मुझे भारत की पाकिस्तान को लेकर नीति समझ नहीं आ रही है। हम सर्जिकल स्ट्राइक कर सकते हैं लेकिन क्या हम टेबल पर बैठकर बात नहीं कर सकते हैं। उनसे रूबरू बात करने



की हिम्मत नहीं है। साल 2014 से 24 तक हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच किसी तरह की बातचीत नहीं हुई है। जब भारत पाकिस्तान से बात करेगा। तभी तो कोई हल निकलेगा।

फेस्टिवल के एक सत्र को संबोधित करते हुए अय्यर ने सोनिया गांधी और राजीव गांधी पर भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कब उन्हें लगा कि सोनिया गांधी नहीं चाहती कि मैं राजनीति में रहूं। मणिशंकर अय्यर ने कहा कि राजीव गांधी के साथ मैने लंबे वक्त तक काम किया था। उनको लेकर आम जनता के बीच काफी गलत धारणाएं थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर ने कहा कि कुछ लोगों ने मुझे सुझाव दिया था कि मैं अपनी आत्मकथा लिखूं। मैंने सोचा मेरी जिंदगी में ऐसी कौन सी उपलब्धियां रही हैं, जो लोग मुझे पढ़ना चाहेंगे। तब उस वक्त सोनिया गांधी ने मुझे कहा था कि नहीं तुम लिखो। तब मुझे पता चला था कि वह नहीं चाहती थीं कि मैं राजनीतिक जीवन में लगा रहूं। अय्यर ने कहा कि राजीव गांधी को लेकर देश में काफी गलतफहमी पैदा की गई है।

# हरियाणा में 14 जिलों के एडीसी और 30 शहरों के एसडीएम बदले

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शुक्रवार को प्रदेश में 22 आईएएस व 94 एचसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। बदले गए अधिकारियों में 14 जिलों के एडीसी, 30 शहरों के एसडीएम और 13 जिलों के सिटी मजिस्ट्रेट शामिल हैं। इसी तरह से कई जिला पालिका आयुक्त व जिला परिषद के सीईओ भी बदले हैं। लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग की ओर से अधिकारियों के तबादलों के निर्देश सरकार को दिए गए हैं। गृह जिलों, एक ही जगह तीन साल से अधिक कार्यरत अधिकारियों की बदली के अलावा उन अधिकारियों को फील्ड से हटाने के निर्देश दिया गया है, जिनके रिटायरमेंट नजदीक है। सरकार ने कॉन्फैड के एमडी सुजान सिंह को स्टेट ट्रांसपोर्ट का निदेशक बनाया गया है। डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ को पंचकूला व डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी को पलवल का एडीसी बनाया गया है। स्वप्न रविंद्रा पाटिल को नगर निगम फरीदाबाद का अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया है। साहिल गुप्ता अब जींद, डॉ. वैशाली शर्मा कुरुक्षेत्र, अखिल पिलानी करनाल, अनुपमा अंजलि रेवाड़ी व वैशाली सिंह रोहतक की एडीसी होंगी। डॉ. बलप्रीत सिंह को गुरुग्राम नगर निगम का अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया है। रेणु सोगन गुरुग्राम में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक होंगी। साथ ही, उन्हें गुरुग्राम में शहरी संपदा की निदेशक का भी कार्यभार सौंपा है। प्रदीप सिंह को नूंह, दीपक बाबूलाल कारवां को महेंद्रगढ़, पंकज को पानीपत, सी. जयश्रद्धा को कैथल, हर्षित कुमार को भिवानी व राहुल मोदी को फतेहाबाद का नया एडीसी लगाया है। इसी तरह से आईएएस सोनू भट्ट को साऊथ गुरुग्राम का एसडीम लगाया है। उन्हें श्रीमाता शीतला देवी श्राईन बोर्ड के सीईओ की भी जिम्मेदारी दी है। विवेक आर्य अब गोहाना के नए एसडीएम होंगे। उन्हें गोहाना शुगर मिल का एमडी भी लगाया है। यश जलुका को नारायणगढ़ का एसडीएम और यहां की शुगर मिल का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे आईएएस अधिकारी अश्विनी गुप्ता को एचएसआईआईडीसी का एडिशनल मैनेजिंग डायरेक्टर लगाया है। वीणा हुड्डा सोनीपत मेट्रोपोलिटन डेवलेपमेंट अथॉरिटी की एडिशनल सीईओ होंगी। गुरुग्राम में चीफ प्रोटोकॉल ऑफिसर वत्सल वशिष्ठ को मानवाधिकार आयोग का सचिव लगाया है। जगनिवास को गुरुग्राम में जिला परिषद का सीईओ तथा महावीर प्रसाद को महेंद्रगढ़ में जिला पालिका आयुक्त यानी डीएमसी लगाया है।

# अजय चौटाला ने जनसभाएं कर पार्टी कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**नारनौल ( हिंस )।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अब कम ही समय रह गया है, इसलिए जेजेपी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनाव तैयारियों में जुट जाए। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए जेजेपी को और मजबूती प्रदान करें। यह आह्वान जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को महेंद्रगढ़ हलके के विभिन्न गांवों में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डॉ. अजय सिंह चौटाला का फूल-मालाओं एवं पगड़ियां पहनाकर स्वागत किया। अजय चौटाला ने शुक्रवार को गांव सुरेहती पिलानियां, निंबी छाजियावास, खेड़की, नांगल हरनाथ, मालड़ा एवं बसई गांवों का दौरा किया। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि हमने 15 साल का बनवास काटा है और सत्ता से दूर रहे हैं, लेकिन



आप लोगों के प्यार, सहयोग एवं समर्थन के बल पर जींद की धरती से छह साल पहले जो बीज बोया था, उसके बलबूते पार्टी को दस सीटें मिलीं। इन दस सीटों के दम पर राज-काज में हिस्सेदारी निभाने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि पहले कोरोना महामारी तथा बाद में किसान आंदोलन के कारण लोगों के संपर्क में नहीं रह पाए थे। लेकिन अब जो समय बचा है, उसमें उस कमी को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का फर्ज बनता है कि वह पार्टी के लिए जी-तोड़ मेहनत करे और पार्टी के लिए पहले से ज्यादा बहुमत जुटाएं। अब भविष्य में लोकसभा व विधानसभा चुनाव होने हैं, इसके लिए हमारी पार्टी अपने स्तर पर पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में ही हरियाणा मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

# डोटासरा और राठौड के बीच नहीं रुकी बयानबाजी

**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच तीन दिन से जारी तल्ख बयानबाजी का दौर अब तेज हो गया है। राठौड़ और डोटासरा ने आधी रात से लेकर सुबह और दिन में एक्स पर एक-दूसरे पर तीखा हमला बोला। इससे पहले गुरुवार को भी दोनों नेता एक्स पर एक-दूसरे पर पलटवार करते रहे। राठौड़ ने डोटासरा की शैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें अहंकारी बताते हुए लिखा कि अगली बार और जीत गए तो मोदी के बनाए सिक्स लेन हाईवे से आगरा ले जाना पड़ेगा, यानी पागलखाने ले जाना पड़ेगा। उन्होंने डोटासरा पर तंज कसते हुए लिखा कि जरा होश की बात करो, अब यहां नाथी का बाड़ा नहीं। राठौड़ पर पलटवार करते हुए डोटासरा ने लिखा कि कौन कहां जाएगा और कौन कहां आएगा, ये वक्त का पहिया बताएगा। आपके बयानों के ओछेपन की मीनार में आगरा वाला अनुभव खूब झलक रहा है। अपने पे बात आए तो मर्यादा याद आए, औरों पर झूठे लांछन लगाएं तो सारी मर्यादा भूल जाएं। कीचड़ उछाल कर कीचड़ से कौन बचा है, मर्यादित रहना ही मर्यादा का उसूल सच्चा है। माफिया के *दाग* में कब तक ओढ़ोगे शराफत, फिर कहता हूं, आलोचना और आरोप के फर्क में रखो जरा नजाकर। डोटासरा ने लिखा कि जिन बच्चों ने दिन रात मेहनत कर आपकी सरकार के समय आरएएस परीक्षा पास की, उनकी मेहनत पर खिल्ली उड़ाकर झूठे आरोप तीन साल से लगा रहे हो, सिर्फ झूठा हल्ला मत मचाओ, दोनों जगह सरकार तुम्हारी, दिल खोलकर जांच करवाओ। गुरुवार रात रात 9:34 बजे राजेंद्र राठौड़ ने डोटासरा पर फिर पलटवार करते हुए लिखा कि हां, मैं मानता हूं लांछनबाजी में मैं क्या, कोई भी आपका मुकाबला कर ही नहीं सकता। इसलिए मुझे इस प्रतियोगिता में आपके साथ कभी भी शामिल नहीं समझें। आपकी यह *विशेषज्ञता* आपको ही मुबारक। आपको माफिया की याद अब आई? पांच साल में आपकी सरकार को क्या सन्निपात हो गया था? जारोली, कटारा, केसावत, राणावत सबने किया था जो भ्रष्टाचार, तब दागदारों की क्यों नहीं करवाई जांच, आरपीएससी की प्रतिष्ठा पर भी आई थी आंच। युवाओं के कलेजे में फंसी रही थी बेरोजगारी की फांस। मेहनत और प्रतिभा की खिल्ली किसने उड़ाई? राजस्थान का हर प्रतियोगी छात्र जानता है, सब कुछ सामने आएगा, बस धैर्य रखिए। राठौड़ ने लिखा कि जिन बच्चों ने दिन रात मेहनत कर परीक्षा पास की, दु:ख तो यही है कि वे तो बेचारे निराशा के घोर अंधेरे में डूब गए। उजाले किनके हिस्से आए और क्यों आए, यह पूरा प्रदेश आज जान रहा है। इसी कथित *मेहनत* और चार-चार अभ्यर्थियों के एक जैसे नंबर कैसे लाए जाएं, का ही *फॉर्मूला* तो वे सभी गरीब बेरोजगार पूछ रहे हैं जो पेपर लीक से ठगे गए हैं। और हां, जांच करवाने की यूं चुनौतियां देने से कोई अपराध खत्म नहीं होता। याद रखिए कि ए क्राइम नेवर डाइज, बी यू सो हाई, द लॉ इज अबाव यू। रात 11:59 बजे डोटासरा ने राठौड़ पर पलटवार करते हुए लिखा कि ये हिट एंड रन पॉलिटिक्स छोड़िए, अब विपक्ष में नहीं सरकार में हो आप। हाथ पर हाथ रखकर क्यों बैठे हो बेरंग, अगर है दम, तो करके दिखाओ आरपीएससी भंग, चाहे मर्जी जो लो एक्शन, पर बंद करो ये झूठा मिशन। किसानों के बच्चों पर ही छाती क्यों पीटते हैं स्वयंभू सीएम! दबाने का दौर बीत चुका है, हमारे बच्चे पढ़ेंगे भी और कामयाब बनेंगे भी। रात 12:22 बजे राजेंद्र राठौड़ ने डोटासरा पर जवाबी हमला बोलते हुए लिखा कि तुम्हारी और मेरी राहें अलग-अलग तो होनी ही हैं क्योंकि तुम जहां को जा रहे हो, मैं वहीं से आ रहा हूं। चार बार की जीत से ही अगर आपने स्वाभिमान और अहंकार के अंतर को भुला दिया, कहीं एक बार और जीत आए तो मोदी के बनाए सिक्स लेन हाईवे से आगरा ले जाना पड़ेगा। राठौड़ ने डोटासरा के लिए लिखा कि मुझे भी गर्व है कि आपसे दोगुनी बार जीतने के बाद भी विनम्रता अभी जीवंत है क्योंकि यह भाजपा है, छल प्रपंच का अखाड़ा नहीं। जरा होश की बात करो, अब यहां नाथी का बाड़ा नहीं। जो करा है, वो ही सर्टिफिकेट में भरा है, *मेहनत* से चार-चार अभ्यर्थियों के एक जैसे अंक लाने से पहले सोचना था कि नंबर तो थोड़े कम ज्यादा कर लेते। नहीं सोचा, चूक हुई, इसीलिए सर्टिफिकेट दिया गया है। इसका भी दोष दूसरों पर बच्चे सभी के पढ़ेंगे और कामयाब भी होंगे, बशर्ते पिछले दरवाजे से पास होने वाले *फॉर्मूला* बाजों से बच सके, *बशर्ते* किसी खुदगर्ज के *कलाम* उनकी राह के रोड़े ना बने। डोटासरा ने शुक्रवार सुबह 10:29 बजे राठौड़ पर फिर जवाबी हमला बोला। लिखा कि कौन कहां जाएगा और कौन कहां आएगा, ये वक्त का पहिया बताएगा। आपके बयानों के ओछेपन की मीनार में आगरा वाला अनुभव खूब झलक रहा है, बात करते हैं विनम्रता की। होती है जिनमें अदब और शिष्टता, वो दिखाते नहीं हीनता और निकृष्टता। राजनीतिक रूप से जिंदा होने की सीढ़ी कोई और ढूंढिए, राम राम।

# लोकसभा चुनावों से पहले वोटरों की संख्या में हुआ इजाफा

**जालंधर।** लोकसभा चुवानों को लेकर सभी पार्टियां जोरों से तैयारियां कर रही हैं। सिर्फ पार्टियां ही नहीं जनता भी पहले से अधिक जागरूक हो गई है, उन्हें अपने वोट के अधिकार का सही इस्तेमाल करने का पता चल रहा है। देश की सरकारों द्वारा भी वोटरों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाते रहते हैं। जिसमें छात्र-छात्राओं को वोटर बनाने हेतु प्रेरित करने व मतदाताओं को साक्षर करने, महिलाओं की मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विशेष प्रकार से प्रयत्न किए जाते हैं। इसी के परिणामस्वरूप 2019 के मुकाबले इस बार के लोकसभा चुनावों में वोटरों की सूची में इजाफा हुआ है। इस इजाफे में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या में ज्यादा वृद्धि हुई है। इसके साथ-साथ ट्रांस जेंडर की संख्या भी दोगुनी हूई है। बात अगर जालंधर की करें तो सिर्फ इस जिले में ही वोटरों की संख्या पिछले लोकसभा चुनावों के मुकाबले बढ़कर 21, 694 हो गई है और इनमें 12, 722 महिलाओं की संख्या है। इसके अलावा 2019 में जेंडर वोटर 20 थे जो बढ़कर 44 हो गए हैं।

# कांग्रेस चाहे यात्राएं चलाए या अभियान नहीं होगा कोई असर : राव नरबीर

**हिसार ( हिंस )।** राज्य के पूर्व मंत्री एवं कलस्टर प्रभारी राव नरबीर सिंह ने कहा है कि कांग्रेस चाहे कितनी ही यात्राएं निकाले व अभियान चलाए, लेकिन जनता का विश्वास अब कांग्रेस से उठ चुका है। देश व प्रदेश की जनता ने तीसरी बार केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की ठान ली है। वे शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पिछली बार से भी ज्यादा सीटों के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव द्वारा कांग्रेस में दम घुटने की बात पर उन्होंने कहा कि कैप्टन ने सच्चाई उजागर की है और ऐसे बहुत से नेता है, जिनका दम घुट रहा है। कांग्रेस व कुछ अन्य विपक्षी दल आए दिन सरकार के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाते रहते हैं लेकिन उन आरोपों का कोई जनाधार नहीं है और जनता सब जानती है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमें हर सीट पर कमल का फूल देखना है, जो चुनाव लड़ेगा, प्रत्याशी का नाम पार्टी हाईकमान समय पर तय कर लेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे देश को 146 कलस्टरों में बांटा है, जिसके तहत हरियाणा में तीन कलस्टर है और उनके से एक कलस्टर, जिसमें हिसार, सिरसा व रोहतक के वे प्रभारी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली डालना ही हमारा उद्देश्य है।

# नारनौल : असम में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में जवान संजय यादव शहीद

**नारनौल ( हिंस )।** नारनौल के संजय यादव असम में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से शहीद हो गए। शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव नूनी शेखपुरा में शुक्रवार को पहुंचा। जहां पर भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों की गुंज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहीद की अंतिम यात्रा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव और जिला प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार गजे सिंह मौजूद रहे। संजय यादव 2006 में 68वीं बटालियन सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने अनेक जगह पर तैनात रह कर डयूटी की। फिलहाल संजय यादव असम में डयूटी पर थे। 31 जनवरी को असम में हुए एक नक्सली हमले में संजय यादव को गोली लगी जिससे वे शहीद हो गए। संजय यादव का एक भाई पवन कुमार भी सीआरपीएफ में है। शहीद अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बेटियां छोड़ गया एक बेटी की उम्र ढाई साल और दूसरी की उम्र करीब 6 साल है। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। सीआरपीएफ की टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर और बंदूक से सलामी देकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। शहीद की इस अंतिम यात्रा में सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ एक का शेष

### प्रधानमंत्री मोदी...

इसके अलावा गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल 3250 करोड़ रुपए की बनने वाली एक नई यूनिट का भी शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री करीमगंज जिले के राताबाड़ी में प्रस्तावित 578 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करेंगे। वहीं, मणिराम देवान ट्रेड सेंटर के निकट 297 करोड़ रुपए की केंद्रीय पूंजी से प्रस्तावित सेंट्रल एंपोरियम का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने इस दौरे में 11 हजार 599 करोड़ रुपए लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों के कई सवालों के उत्तर दिए।

### विकसित भारत बनाने ...

गाड़ियों की बिक्री हुई थी, जबकि 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से ज्यादा गाड़ियों की बिक्री हो चुकी है। हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए एक के बाद एक इंजीनियरिंग मार्वेल तैयार कर रहे हैं। वो भी रिकॉर्ड समय में। पीएम ने कार्यक्रम में कहा कि अटल टनल से लेकर अटल सेतु तक भारत का ढांचागत विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है।

### ट्रक-टैक्सी ड्राइवरों ...

संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के दिग्गजों के बीच एक मानवीय पहलू की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि लाखों ड्राइवर भी मोबिलिटी सेक्टर का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। अक्सर ये ड्राइवर घंटों-घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं। इनके पास आराम का समय नहीं होता। ऐसी मुश्किल परिस्थिति में ये लोग सड़क हादसों का भी शिकार हो जाते हैं। ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवार की इस चिंता को हमारी सरकार भली भांति समझती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्राइवरों को बीच सफर में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना पर काम शुरू किया है। इस योजना के तहत सभी नेशनल हाइवे पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होगा। इन भवनों में ड्राइवरों के लिए भोजन, पीने का साफ पानी, शौचालय, पार्किंग और आराम करने की पूरी व्यवस्था होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के पहले चरण में देशभर में ऐसे एक हजार भवन बनाने की है। ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए बनाए गये ये भवन ड्राइवरों की ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ ट्रैवलिंग दोनों बढ़ाएंगे। इससे उनकी सेहत भी ठीक रहेगी और दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो ऑटोमोटिव क्षेत्र में भारत की शक्ति को शानदार ढंग से प्रदर्शित करता है। उन्होंने ऑटोमोटिव उद्योग को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और दिल्ली के लोगों से इस एक्सपो को देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज का भारत, 2047 तक विकसित बनने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में मोबिलिटी सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका है। मैंने लाल किले की प्राचीर से कहा कि यही समय, सही समय है। मैंने ये शब्द देश की जनता की क्षमता के कारण कहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मेरी पहली टर्म थी, उस समय मैंने एक ग्लोबल लेवल की मोबिलिटी कांफ्रेंस प्लान की थी। उस समय की आप चीजें देखेंगे कि बैटरी पर हमारा फोकस क्यों होना चाहिए, इलेक्ट्रिक व्हीकल की तरफ हमें कैसे जल्दी जाना चाहिए। इन विषयों पर विस्तार से वो समिट हुआ था। आज मैं अपनी दूसरी टर्म में देख रहा हूं कि खासी मात्रा में प्रगति हो रही है और मुझे विश्वास है कि तीसरी टर्म में भी यह तेजी से आगे बढ़ेगा। उद्योग जगत से बैटरी बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करने के लिए अनुसंधान एवं विकास को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की आर्थिक शक्ति बनने की कगार पर खड़ा है और मोबिलिटी सेक्टर इसमें अहम भूमिका निभाएगा।

### सुरक्षाबलों का तलाशी ...

ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही भी सुनिश्चित की है। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि एनएच-37 और एनएच-2 पर आवश्यक वस्तुओं के साथ क्रमश: 194 और 216 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। पुलिस ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए जाते हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में एक सुरक्षा काफिला प्रदान किया जाता है। पुलिस ने पोस्ट में कहा कि मणिपुर के पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में कुल 141 नाके/चेकपॉइंट लगाए गए थे और पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लंघन के सिलसिले में 250 लोगों को हिरासत में लिया। पिछले साल मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा तब भड़की थी, जब मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में कुकी और मैतेई समुदायों द्वारा आयोजित *आदिवासी एकजुटता मार्च* का आयोजन किया गया था। इससे इंफाल घाटी में मैतेई और पहाड़ी जिलों में नागा और कुकी सहित आदिवासियों के बीच तनाव पैदा हो गया। इसके बाद से राज्य में लगातार हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर तक हिंसा में 175 लोग मारे गए थे।

### बजट सत्र में ...

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बोलते हुए हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हम विधेयक को पहले समझेंगे और देखेंगे कि क्या हम इसे पूरी तरह से लागू कर सकते हैं। फिर हम उसके अनुसार आगे की ओर बढ़ेंगे। गौरतलब है कि असम विधानसभा का बजट सत्र पांच फरवरी से शुरू होने जा रहा है। अगले वित्त वर्ष का बजट 12 फरवरी को पेश किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा अपने फैसलों के लिए जाने जाते हैं। विगत कुछ दिनों पहले एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वदेशी समुदाय में बढ़ रहे धर्मांतरण को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा था कि भोले भाले स्वदेशी समुदायों के लोगों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आह्वान भी किया था। इससे निपटने के लिए उन्होंने अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को भी साझा किया था।

### गिरफ्तारी वाली याचिका ...

संबंधित है जिसे गिरफ्तार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि अदालतें सभी के लिए खुली हैं और उच्च न्यायालय संवैधानिक अदालत ही है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भूमि मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी याचिका के साथ झारखंड उच्च न्यायालय जाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। जेएमएम नेता हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका के कारण झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपनी याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर उन्हें *सुनियोजित साजिश* के तहत गिरफ्तार करने का आरोप लगाया था। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को अनुचित, मनमाना और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन घोषित करने का आग्रह किया था। सोरेन को 31 जनवरी को जमीन पर *अवैध* कब्जे और *भूमि माफिया* के साथ कथित संबंध से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार को रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### असम में भी समान ...

यूसीसी लाएंगे और असम उन विधेयकों में कुछ नए बदलाव कर अपने राज्य में लागू करेगा। हिमंत ने कहा कि मैं उत्तराखंड के यूसीसी विधेयक को देखने का इंतजार कर रहा हूं। जब यह एक बार यह पूरा हो जाएगा, हम वही कानून असम में भी लाएंगे। चूंकि हम बाल विवाह और बहुविवाह के खिलाफ काम कर रहे हैं, इसलिए इसमें कुछ बदलाव होंगे। असम में आदिवासी समुदाय को छूट दी जाएगी। शर्मा ने आगे कहा कि अगर यूसीसी विधेयक पर सार्वजनिक परामर्श 2-3 महीने में हो सकता है, तो इसे जल्द ही असम विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सब कुछ उत्तराखंड और गुजरात विधेयकों पर निर्भर करेगा, लेकिन असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा। उन्होंने कहा कि हम विधेयक की निगरानी करेंगे और देखेंगे कि क्या हम इसे पूरी तरह से लागू कर सकते हैं। हमारे पास इसकी जांच करने और उसके अनुसार आगे बढ़ने का समय है। असम विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा और 28 फरवरी को समाप्त होगा। अगले वित्त वर्ष का बजट 12 फरवरी को पेश किया जाएगा।

### एक साल के बच्चे ...

देखा और पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बच्चे के शरीर पर कई चोटों के निशान देखे। खबरों के मुताबिक, लड़के के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उनके बेटे की मौत कुत्तों के काटने से हुई चोटों के कारण हुई है। बच्चे के पिता ने कहा कि उन्होंने बच्चे को दूध पिलाया और सोने चले गए, उस समय तक सब कुछ ठीक था। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। बता दें कि इससे पहले भी कई बार ऐसे भयानक मामले सामने आ चुके है। हाल ही में हैदराबाद के मणिकोंडा इलाके में एक किशोर लड़के को आवारा कुत्तों ने घायल कर दिया था। हालांकि, समय रहते बच्चे और उसकी मां की जान बचा ली गई। इसके पहले प्रदीप नाम के 4 साल के बच्चे को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोंच-नोंच कर मार डाला, जिसके बाद ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने कई सख्त कदम उठाए, लेकिन वे अभी उसका कोई असर नहीं दिख रहा है।

### चंपई सोरेन झारखंड ...

स्थिति बनी हुई थी और प्रदेश में कोई मुख्यमंत्री नहीं था। यह स्थिति बुधवार को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद से राज्य में मुख्यमंत्री न होने की वजह से थी और इसके कारण राजनीतिक संकट गहरा गया था। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा कि चंपई सोरेन को अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। कांग्रेस राज्य में झामुमो-नीत गठबंधन की सहयोगी पार्टी है। वहीं इससे पहले चंपई सोरेन ने कहा था कि हम एकजुट हैं। हमारा गठबंधन मजबूत है, इसे कोई तोड़ नहीं सकता। आदिवासी नेता चंपई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री होंगे। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री होंगे। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले हैं। झामुमो सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्यानंद भोक्ता भी कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेंगे। झामुमो नीत गठबंधन में राजद भी शामिल है। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में गठबंधन के पास 47 विधायक हैं। इनमें झामुमो के 29, कांग्रेस के 17 और राजद के 1 सदस्य शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 26 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। इसके अलावा दो सदस्य निर्दलीय हैं और राकांपा तथा भाकपा (माले) के एक-एक विधायक हैं।

### नैरोबी में भीषण ...

जा रहे एक ट्रक में विस्फोट हो गया, जिससे भीषण आग लग गई। एक उड़ता हुआ गैस सिलेंडर *ओरिएंटल गोदाम* से टकराया, जिससे कपड़ों का यह गोदाम जलकर खाक हो गया। नैरोबी के पास एम्बाकासी के मराडी इलाके में रात करीब साढ़े 11 बजे लगी आग से कई अन्य वाहन और कारोबारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। कीनिया रेड क्रॉस ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। एम्बाकासी पुलिस प्रमुख वेस्ले किमेटो ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सरकार ने बताया कि 222 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कीनिया रेड क्रॉस ने बाद में बताया कि 270 से अधिक लोग घायल हुए हैं।




# औसत मासिक जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये होगा, राजस्व सचिव सीमा शुल्क पर ये बोले

**नई दिल्ली ।**
सरकार को उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने यह अनुमान जताया। बजट के बाद मल्होत्रा ने कहा कि स्टार्टअप के लिए एक बड़ा एलान किया गया है। 10 में सेतीन साल के लिए कर लाभ प्राप्त करने के लिए उनके स्थापना की तारीख की समयसीमा और एक साल बढ़ाकर 31 मार्च, 2025 कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि मोबाइल कलपुर्जों पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत करने का मकसद कर ढांचे को सरल बनाना, वर्गीकरण विवादों को कम करना तथा मोबाइल विनिर्माण में निवेश को और बढ़ावा देना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2024-25 के अंतरिम बजट भाषण में कहा था कि जीएसटी करदाता आधार के साथ-साथ मासिक राजस्व इसके लागू होने के बाद से दोगुना हो गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान माल व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह तीन महीने में 1.70 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा। औसत कर संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

2024-25 में जीएसटी संग्रह में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यदि चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये बना रहा तो अगले वित्त वर्ष में यह 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.80 से 1.85 लाख करोड़ रुपये मासिक संग्रह पर पहुंच सकता है। यह अगले वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह के लिए सामान्य बात होनी चाहिए। अगले वित्त वर्ष में, बजट में जीएसटी संग्रह 10.68 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है, जो 2023-24 के 9.57 लाख करोड़ रुपये से 11.6 प्रतिशत अधिक है। मोबाइल स्पेयर पार्ट्स के आयात पर शुल्क कटौती के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि इससे करीब 500 करोड़ रुपये का राजस्व प्रभावित होगा। सरकार ने इस संबंध में 30 जनवरी को नोटिफिकेशन जारी किया है। मल्होत्रा ने कहा, शुल्क में कटौती कराधान ढांचे और वर्गीकरण विवाद को सरल बनाती है क्योंकि कुछ मोबाइल पार्ट्स पर 15 फीसदी कर था, कुछ पर 10 फीसदी पर, कुछ मामलों में ओवरलैप थे, इसलिए विवादों से बचने के लिए हमने कर की दरों को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### चावल की कीमतों पर नियंत्रण के लिए चौकस, व्यापारियों को पोर्टल पर देनी होगी स्टॉक की जानकारी



**नई दिल्ली ।** सरकार ने एलान किया कि वह आम आदमी को राहत देने के लिए अगले हफ्ते से खुदरा बाजार में 29 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर भारत राइस ब्रांड के तहत चावल बेचेगी। सरकार की ओर से यह भी बताया गया है कि व्यापारियों को चावल के स्टॉक का खुलासा भी करने को कहा गया है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विभिन्न किस्मों के चावल निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नाफेड) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) के साथ-साथ खुदरा श्रृंखला केंद्रीय भंडार के माध्यम से खुदरा बाजार में सब्सिडी वाले भारत चावल (भारत राइस) को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी भारत राइस की बिक्री होगी। उन्होंने कहा कि भारत चावल अगले सप्ताह से बाजार में 5 किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध होगा। चोपड़ा ने कहा कि पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए पांच लाख टन चावल आवंटित किया है। सरकार पहले ही भारत आटा 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और भारत दाल (चना) 60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेच रही है। बाजार की अफवाहों को दूर करने का प्रयास करते हुए चोपड़ा ने कहा कि सरकार की चावल निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि कीमतें घटने तक प्रतिबंध जारी रहेंगे। चोपड़ा ने कहा कि मंत्रालय आदेश जारी कर रहा है, खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं को निर्देश दे रहा है कि वे हर पोर्टल पर चावल के स्टॉक का खुलासा करें। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार चावल का स्टॉक रखने की सीमा तय करेगी, प्रधान ने कहा कि कीमत नीचे लाने के लिए सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा है कि जरूरत पड़ी तो सरकार चावल के लिए स्टॉक सीमा तय करने पर विचार करेगी। सचिव ने कहा कि चावल को छोड़कर सभी आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें नियंत्रण में हैं। चावल की कीमतों पर नजर रखने के लिए खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और प्रोसेसर्स को सरकार की ओर से सलाह दी गई है कि वे विभिन्न श्रेणियों में अपने स्टॉक का खुलासा करें। चावल चाहे बासमती हो या गैर-बासमती या पारबोइल्ड व टूटे चावल, व्यापारियों को सरकार के पोर्टल पर इसका खुलसा करना पड़ेगा।

### भारत की सफलता का आधार बीते वर्षों में उठाए गए सुधारात्मक कदम, आईएमएफ प्रमुख ये बोलीं




**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति का आधार पिछले वर्षों में इसके सुधारों के लक्ष्यों पर टिके रहना है। उन्होंने कहा, भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चमकता सितारा रहा है और आगे भी रहेगा। हम 2024 में भारतीय विकास के अनुमानों को 6.5 प्रतिशत तक अपग्रेड कर रहे हैं। यह 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था के काफी मजबूत प्रदर्शन के कारण किया गया है। जॉर्जीवा ने कहा कि भारत की एक बहुत बड़ी बढ़त डिजिटल बुनियादी ढांचे, डिजिटल आईडी के साथ डिजिटल मोर्चे पर किया गया साहसिक कार्य और डिजिटल को भारत की ताकत बनाने के मामले में है। जिससे छोटे उद्यमियों को बाजारों में अपनी पहुंच बनाने का मौका मिलता है, जो वे पहले कर पाने में सक्षम नहीं थे। उन्होंने कहा, हम भारत में यह भी देख रहे हैं कि श्रम बाजारों में महिलाओं की भागीदारी अपर्याप्त है। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी ने भारतीय महिलाओं पर दांव लगाकर और अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी के लिए और गुंजाइश खोलकर सही किया है। आईएमएफ चीफ ने कहा कि कम से कम, भारत यह मानता है कि नवाचार ही भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मकता को चलाएगा। ऐसे में आरएंडडी में बहुत प्रभावी और कुशल निवेश किया जा रहा है। यह भविष्य के विकास के लिए एक बहुत ही मजबूत आधार तैयार करता है।

# व्यापारियों ने पेटीएम पर पाबंदियों का किया समर्थन, बोले- ग्राहकों की सुरक्षा सबसे जरूरी

**नई दिल्ली ।**
देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट बैंक पर लगाई गई पाबंदियों का समर्थन किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, इस मामले में व्यापारियों और पेटीएम ग्राहकों को सचेत होकर आरबीआई की पाबंदियों के प्रभाव को समझना जरूरी है। देश में डिजिटल पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ऐसी निगरानी आवश्यक है। वर्तमान में, फिनटेक सेक्टर में जिस प्रकार से बड़ी कंपनियां, नियमों एवं कानूनों की धता बता रही हैं, उनका उल्लंघन कर रही हैं, ऐसे में केंद्रीय बैंक का यह आदेश बाजार की अखंडता को मजबूत करता है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पर लगाई गई पाबंदियां, व्यापारियों एवं ग्राहकों के हित में हैं। रिजर्व बैंक का यह कड़ा निगरानी वाला कदम, देश में सभी के द्वारा नियम और विनियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह एक्शन प्रधानमंत्री मोदी के उस दृष्टिकोण की स्पष्टता को जाहिर करता है, जिसमें कहा गया है कि नियम न मानने वाला चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।




प्रवीन खंडेलवाल के अलावा कैट के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष विपिन आहूजा ने कहा, फिनटेक इकोसिस्टम में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व बैंक एवं सरकार प्रतिबद्ध है। वित्तीय क्षेत्र की अखंडता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए ऐसी निगरानी आवश्यक है। खासतौर पर ऐसे लोगों के लिए, जो कानून का पालन न करने के आदी हैं। कैट के पदाधिकारियों के अनुसार, रिजर्व बैंक का यह कदम एक निगरानीय हस्तक्षेप है। उपभोक्ताओं की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी। डिजिटल वित्तीय प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए आरबीआई के इस निर्णय को एक प्रोएक्टिव कदम के रूप में देखा जा रहा है।

मौजूदा परिस्थितियों में केंद्रीय बैंक का यह आदेश, बाजार की अखंडता को मजबूत करता है। पेटीएम पर प्रतिबंध, बड़ी कंपनियों के बीच जवाबदेही की आवश्यकता को हाइलाइट करता है। ग्राहकों को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो, रिजर्व बैंक ने इसलिए 29 तारीख तक का समय तय किया है। खंडेलवाल ने कहा, पेटीएम के मामले में स्पष्टता की कमी ने लोगों की चिंता बढ़ाई है। इससे यह प्रतीत होता है कि नियामक संरचनाओं में हर समय अधिक स्पष्टता की आवश्यकता है। ऐसा हस्तक्षेप उपयोगकर्ताओं को अधिक सशक्त बनाता है। उपभोक्ता सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इसे प्राप्त करने में निगरानीय पर्यवेक्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिजर्व बैंक का यह आदेश उन सभी बड़ी कंपनियों के लिए एक चेतावनी है कि वे अपने ग्राहकों के साथ कोई खेल न खेलें। अगर वे ऐसा कुछ करती हैं तो उन्हें कड़ी कार्रवाई के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन ओसीएल ने अपने बयान में कहा है कि पेटीएम पेमेंट बैंक, सभी नियमों का पालन करेगा। इस दिशा में आरबीआई के निर्देशों पर तेजी से काम हो रहा है। बहुत जल्द, वन97 कम्युनिकेशन, पेटीएम पेमेंट्स बैंक के साथ नहीं, बल्कि दूसरे बैंकों की मदद से काम करेगा। कंपनी द्वारा थर्ड पार्टी बैंकों के साथ अपने मौजूदा संबंधों का विस्तार किया जाएगा। ऐसे में पेटीएम का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता, अपनी मौजूदा राशि का इस्तेमाल करना जारी रख सकते हैं। ओसीएल की ऑफलाइन मर्चेंट भुगतान नेटवर्क पेशकश, जिसमें पेटीएम क्यूआर, पेटीएम साउंड बॉक्स व पेटीएम कार्ड मशीन, पहले की भांति जारी रहेगी। आरबीआई की पाबंदी का असर, कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। पेटीएम के शेयर पर लोअर सर्किट लगा हुआ है। इसमें करीब बीस फीसदी की गिरावट दर्ज की जा रही है। पेटीएम का शेयर 487.20 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। पिछले छह सप्ताह में यह सबसे बड़ी गिरावट है। पेटीएम के पास डिजिटल पेमेंट बाजार का करीब 17 फीसदी हिस्सा है।

# यूक्रेन को 54 अरब डॉलर की मदद के लिए यूरोपीय यूनियन में सहमति बनी, हंगरी की असहमति के बावजूद फैसला



**नई दिल्ली ।**
**यूरोपीय यूनियन के सभी 27 देशों ने यूक्रेन के लिए अतिरिक्त 50 बिलियन यूरो (54 बिलियन अमरीकी डालर) सहायता पैकेज पर आम सहमति बनाई है। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। यह सहमति विशेष रूप से ऐसे समय पर बनी है जब हंगरी ने इस मामले में वीटो के संकेत दिए थे। यूरोपीय यूनियन के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के एक विशेष शिखर सम्मेलन के बाद इस डील की घोषणा की। स्वीकृत सहायता पैकेज को यूक्रेन के लिए दृढ़, दीर्घकालिक और अनुमानित धन प्रदान करने की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।**

मिशेल ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय यूक्रेन की मदद करने में यूरोपीय संघ के नेतृत्व और जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो स्थिति की गंभीरता के अनुरूप है। यूक्रेन के राष्ट्रपति, वलोदिमिर जेलेंस्की ने सर्वसम्मति से सहायता के अनुमोदन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने यूक्रेन के लिए दीर्घकालिक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने पर जोर दिया क्योंकि यह रूस के साथ चल रहे संघर्ष की जटिलताओं से जूझ रहा है। जेलेंस्की ने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि निर्णय सभी 27 देशों में सहमति दी। एक बार फिर यूरोपीय संघ की मजबूत एकता साबित होती है।

यूरोपीय संघ ने पहले दिसंबर में सहायता पैकेज पर सहमति व्यक्त की थी। 2027 तक इस समर्थन का विस्तार किया गया है और यूक्रेन को यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए एक उम्मीदवार के रूप में भी नामित किया गया है। यह निर्णय हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान की ओर अनिच्छा से स्वीकार किया गया, वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ करीबी संबंधों के लिए जाने जाते हैं।

# अध्यक्ष ने की बजट-2024 की तारीफ, 10 मिलियन छतों पर सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य को कहा- आश्चर्यनक

**वाशिंगटन ।**
भारत को बेहद अनिश्चित दुनिया में स्थिरता के स्तंभ के रूप में देखा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत पूरे पृथ्वी को नौकरियां दे रहे हैं। यह कहना है कि यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप का। यूएसआईबीसी अध्यक्ष ने भारत में पेश हुए बजट की तारीफ करते हुए भारत के बढ़ते कद पर जोर दिया।



### 10 वर्षों में भारत का अच्छा प्रदर्शन

एक साक्षात्कार में केशप ने कहा कि आज दो लोकतंत्र पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। केशप ने भारत में पेश बजट की तारीफ की। साथ ही उन्होंने 10 मिलियन छतों पर सौर पैनल स्थापित करने वाले महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर प्रसन्नता जाहिर की। 10 मिलियन छतों पर सोलर पैनल बिजली जनरेटर का लक्ष्य बहुत शानदार है। यह असल में आश्चर्यजनक है। भारत ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। जल जीवन मिशन भी सरकार की अच्छी पहल है। मुझे याद है कि जब मैं छोटा था तो पाइप से पानी पीना मेरा सपना हुआ करता था।

### स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का ध्यान, नागरिकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव

केशप ने स्वास्थ्य सेवा के लिए सरकार पर बढ़ते धन आवंटन की भी सराहना किया। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों के कारण नागरिकों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आपातकाल में अस्पताल में भर्ती के लिए धन की उपलब्धता भी शामिल है। 800 मिलियन लोग आधार कार्ड और डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से खाद्य सब्सिडी प्राप्त कर रहे हैं। केशप ने बजट को आत्मविश्वासपूर्ण और विकास समर्थक बताया है। उन्होंने कहा कि भारत का बजट आर्थिक वृद्धि को ध्यान में रखकर बनाया गया है। केशप ने बजट के तकनीकी पहलुओं पर भी जोर दिया। केशप ने कहा कि विदेशी निवेश के लिए निवेशकों का आश्वासन बढ़ाया गया है।

# रेलवे के मिशन 2030 को मिलेगी रफ्तार, तेजी से होगा शहरीकरण

**नई दिल्ली ।**
यातायात के सभी संसाधनों पर फोकस है। मिशन 2030 के तहत रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया है। ऊर्जा, खनिज, सीमेंट, पत्तन संपर्क (आयरन-ओर) कॉरिडोर को अधिक मजबूती मिलेगी। नए बंदरगाहों तक मालगाड़ी के लिए समर्पित रेलवे ट्रैक पहुंचाया जाएगा। नए ट्रैक से आवागमन भी आसान होगा। यात्रियों की सुविधा का ख्याल भी रखा है। वंदे भारत आधुनिक तकनीक और सुविधायुक्त ट्रेन है। 40 हजार साधारण कोच भी वंदे भारत की तर्ज पर अपग्रेड होने से आम लोगों की यात्रा भी आरामदायक होगी।



हालांकि, यह इलेक्ट्रिक कोच में ही संभव हो पाएगा। अभी 65,000 किमी रेलवे ट्रैक है। इसमें 11,500 किमी स्वर्णिम चतुर्भुज रूट है, जिस पर 60 फीसदी यात्री ट्रेनें चलती हैं। अतिरिक्त ट्रैक बनने से यात्री ट्रेनें अधिक रफ्तार से चलेंगी। मेट्रो और नमो रेल का विस्तार की योजना बेहतर है। दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत रूट पर नमो रेल से मध्य वर्ग को एनसीआर में बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी और तेज गति से शहरीकरण होगा।

### विकसित राष्ट्रों में शामिल करेंगे ये कदम

जितनी कनेक्टिविटी बढ़ेगी, उतना अधिक शहरीकरण होगा। इससे 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र में अवश्य ही शुमार हो जाएगा। एयरपोर्ट दोगुने होने और 1000 से अधिक नए विमान रनवे पर उतरने से हवाई मार्ग के यात्रियों को सहूलियत होगी। निर्माण से लोगों को रोजगार मिलेगा।

### भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर दुनिया को तोहफा

भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर, भारत और अन्य देशों के लिए भी एक रणनीतिक और आर्थिक परिवर्तनकारी पहल है। यह आने वाले सैकड़ों वर्षों तक विश्व व्यापार का आधार बनने जा रहा है और इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस कॉरिडोर का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ। भू-राजनीतिक दृष्टि से, वैश्विक मामले युद्धों और विवादों के कारण और अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं।

# राजकोषीय घाटे में कमी से फिलहाल भारत के क्रेडिट प्रोफाइल में कोई बदलाव नहीं, फिच ने बजट के बाद यह कहा

**नई दिल्ली ।**
फिच रेटिंग्स ने भारत के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि राजकोषीय घाटे में थोड़ी कमी से भारत के सॉवरेन क्रेडिट प्रोफाइल में कोई खास बदलाव नहीं होता है। एजेंसी के अनुसार सरकार की ओर से घाटे में कमी पर जोर दिए जाने से मध्यम अवधि में कर्ज-जीडीपी अनुपात को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

फिच रेटिंग्स के निदेशक (सावरेन रेटिंग्स) जेरेमी जूक ने बजट के बाद टिप्पणी में कहा कि अगले पांच साल में भारत सरकार का कर्ज-जीडीपी अनुपात मोटे तौर पर जीडीपी के 80 प्रतिशत से कुछ ऊपर रहेगा। यह क्रमिक घाटे में जारी लगातार कमी पर आधारित है, साथ ही सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 10.5 प्रतिशत की मजबूत सांकेतिक वृद्धि है।




संसद में पेश अंतरिम बजट 2024-25 में, सरकार ने अपने चालू वर्ष के राजकोषीय घाटे को पहले के 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत कर दिया। राजकोषीय घाटा सरकार के राजस्व और व्यय के बीच का अंतर है, जिसके 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत और 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। फिच ने कहा कि ये आंकड़े चुनावी साल में राजकोषीय घाटे को कम रखने की इच्छा को दर्शाते हैं।


जेरेमी जूक ने कहा, पेश किया गया बजट मोटे तौर पर हमारी उम्मीदों के अनुरूप रहा, हालांकि जब हमने जनवरी में स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की बीबीबी-रेटिंग की पुष्टि की थी की तुलना में घाटे में कमी की थोड़ी तेज गति दिखी है।

उन्होंने कहा, इससे सॉवरेन क्रेडिट प्रोफाइल में कोई खास बदलाव नहीं आया है। भारत का राजकोषीय घाटा और सरकारी ऋण अनुपात अन्य मध्यस्थों के मुकाबले अधिक है, लेकिन सरकार द्वारा घाटे में कमी पर जोर दिए जाने से मध्यम अवधि में ऋण अनुपात को स्थिर करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि यह बजट राजकोषीय मजबूती और उसके पूंजीगत व्यय एजेंडे के प्रति मौजूदा सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता का संकेत देता है। सरकार ने पहले अनुमान लगाया था कि 1 अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा घटकर 5.4 प्रतिशत रह जाएगा। हालांकि, अंतरिम बजट में इसे जीडीपी का 5.1 प्रतिशत कर सरकार ने अपने अनुमान को बेहतर बनाया है। फिच, एसएंडपी और मूडीज तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की भारत में निवेश ग्रेड रेटिंग सबसे कम है। रेटिंग को निवेशकों द्वारा देश की साख और कंपनियों के प्रभाव उधार के बैरोमीटर के रूप में देखा जाता है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा था कि 2024-25 का अंतरिम बजट स्वस्थ आर्थिक विकास की पृष्ठभूमि के खिलाफ निर्धारित राजकोषीय समेकन लक्ष्यों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुजमैन ने कहा था कि सरकार ने इस साल आम चुनावों से पहले बड़े हस्तांतरण या विवेकाधीन खर्च में वृद्धि नहीं करके राजकोषीय संयम दिखाया है।

## अंतरिम बजट के बाद सोने और चांदी में गिरावट, सोना 62,900 और चांदी लगभग 72,150 रुपए

**नई दिल्ली ।** अंतरिम बजट के दूसरे दिन सोने और चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, सोने के वायदा भाव पिछले बंद भाव पर ही खुले। दोनों के भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ थी। लेकिन कारोबार के अंत में दोनों के भाव तेजी के साथ बंद हुए। इस समय सोने के वायदा भाव 62,900 रुपये और चांदी के 72,150 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 62,965 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह 75 रुपये की गिरावट के साथ 62,890 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्ती के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 60 रुपये की गिरावट के साथ 72,158 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह 66 रुपये की गिरावट के साथ 72,158 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,072 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

# उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह भी नजर आयेंगे



आगामी फिल्म उल जलूल इश्क की शूटिंग के लिए अभिनेत्री फातिमा सना शेख पंजाब लौट आई हैं। सना ने इसी राज्य में अपनी पहली फिल्म दंगल की शूटिंग की थी, जिसमें उन्होंने भारतीय पहलवान गीता फोगाट की भूमिका निभाई थी। गीता ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता था। दंगल के निर्माण के दौरान पंजाब और हरियाणा के गुज्जरवाल, नारंगवाल, किला रायपुर, डांगो और लील गांवों में शूटिंग करने का मौका पाकर फातिमा पुरानी यादों की लहर में डूब गई हैं। उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और शारिब हाशमी भी हैं। फातिमा ने पिछले महीने दंगल के साथ इंडस्ट्री में सात साल पूरे किए। यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई मनोरंजन नहीं थी, बल्कि यह एक सांस्कृतिक घटना थी, जिसमें वास्तविक जीवन की कुश्ती चैंपियन के रूप में फातिमा के चित्रण ने उन्हें समान मात्रा में प्रशंसा और प्रशंसा अर्जित की। फातिमा ने कहा, दंगल को 7 साल हो गए हैं, एक ऐसी फिल्म जिसने सिनेमा में मेरी शुरूआत की और मुझे खुशी के आंसू, खुशी और शाश्वत यादें दीं। दंगल से लेकर धक धक तक मेरा फिल्म करियर खुशियों, आंसुओं, खुशियों और दुखों के साथ भावनाओं की उतार-चढ़ाव भरी सवारी रहा है। उन्होंने कहा, गीता फोगाट हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेंगी और इस किरदार को मिले सभी प्यार के लिए मैं आभारी हूं। यहां उनके सात साल के कार्यकाल, दंगल परिवार के लिए, जिसने इसे संभव बनाया और इस अद्भुत फिल्म के जादू के बारे में बताया। बता दें कि अभिनेत्री फातिमा सना शेख को हाल ही में थिएटर फिल्म सैम बहादुर में देखा गया था। फिल्म में उनके काम की भी जमकर तारीफ हुई थी।

# वैभव और यामी आर्टिकल 370 में नजर आएंगे




अभिनेता वैभव तत्ववादी एक अद्भुत प्रोजेक्ट के साथ 2024 में कदम रख रहे हैं। वैभवन एक्ट्रेस यामी गौतम के साथ एक्शन ड्रामा, आर्टिकल 370 में नजर आयेंगे, ये फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होने वाली है। इस बारे में बात करते हुए वैभव कहते हैं, आदित्य जांभले द्वारा निर्देशित इस शानदार फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बहुत रोमांचित हूं। अद्भुत कलाकारों की टुकड़ी के साथ काम करना इसे और भी खास बनाता है। वह आगे कहते हैं, कश्मीर के सुरम्य स्थानों में शूटिंग करना सबसे अच्छी चीजों में से एक था। यह एक व्यस्त शूटिंग थी लेकिन फिल्म देखने के बाद मुझे लगता है कि सारी मेहनत सार्थक थी। आर्टिकल 370 को कश्मीर में फिल्माया गया था और यह एक स्थानीय फील्ड एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके हाथ में एक शीर्ष-गुप्त मिशन है, आतंकवाद पर नकेल कसने के लिए, और बिना किसी निर्दोष का खून बहाए। आदित्य सुहास जांभले द्वारा निर्देशित और आदित्य धर, लोकेश धर और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होने वाली है। बता दें कि साल 2023 में निर्मल पाठक की घर वापसी और कमांडो जैसे कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन देने के बाद वैभव अब राजनीतिक एक्शन ड्रामा, आर्टिकल 370 में भी अपने अभिनय का लोहा मनवाने को तैयार है

# अदा शर्मा अब बस्तर : द नक्सल स्टोरी में नजर आयेंगी




फिल्म द केरल स्टोरी के खूब सुर्खियां बटोरने के बाद अदा शर्मा की अगली फिल्म बस्तर : द नक्सल स्टोरी का फर्स्ट लुक शेयर किया और कुछ डिटेल्स भी शेयर कीं। ये फिल्म 15 मार्च को रिलीज होगी। इस फिल्म के पोस्टर में अदा काफी एग्रेसिव मोड में दिख रही हैं। उनके हाथ में बंदूक है और वे फौजियों की ड्रेस में एक गुट के साथ आगे बढ़ रही हैं। फिल्म में नक्सलियों की कहानी दिखाई जाएगी। तरण ने लिखा, केरल स्टोरी की सफलता के बाद फिल्म के मेकर्स ने अदा शर्मा के साथ एक और फिल्म करने का ऐलान किया है। फिल्म का नाम बस्तर : द नक्सल स्टोरी है। इसका निर्माण विपुल अमृतलाल शाह करेंगे और निर्देशन सुदिप्तो सेन करेंगे। दोनों केरल स्टोरी के बाद इस फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। केरल स्टोरी फिल्म को कई लोगों ने एक एजेंडा बताया था। उन्होंने कहा कि फिल्म को किसी विशेष समुदाय या धर्म को टारगेट करने के मकसद से बनाया गया। बता दें कि पिछले साल अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी ने खूब सुर्खियां बटोरी। विवाद होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। यह वर्ष 2023 की दूसरी 200 करोड़ी फिल्म थी।

# शाहिद और कृति की फिल्म का ट्रेलर खूब पसंद आया



बालीवुड एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन लंबे समय बाद अपने फेवरेट रोमांटिक जोनर में वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद आया। मोस्ट अवेटेड फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दोनों स्टार की जोड़ी को पहली बार बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं। साथ ही दो गानों लाल-पीली अंखियां और अखियां गुलाब ने भी सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। 29 जनवरी को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक आउट हो गया। फिल्म के निमार्ताओं ने फैंस के लिए इसे पेश कर दिया। राघव और तनिष्क बागची ने इस गाने को कंपोज किया है। साथ ही असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल तनिष्क ने लिखे हैं। गाने को शेख जानी बाशा ने कोरियोग्राफ किया है। गाने में शाहिद-कृति की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वे झिलमिलाती पार्टी पोशाक पहने, करिश्मा दिखाते हुए और अपने अनोखे डांस मूव्स से लोगों का दिल जीतते दिखाई दे रहे हैं।

# कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश कर रही नोरा



**शिल्पा शेट्टी भी निभाएंगी भूमिका**

बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों के लिए नई डील साइन की। यह सहयोग, तेलुगु के बाद, कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय की शुरूआत का प्रतीक है। केडी - द डेविल नाम के उद्घाटन प्रोजेक्ट में एक गतिशील डांस होगा जो नोरा की बेजोड़ डान्स को उजागर करेगी। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के दो अन्य दिग्गजों को एक साथ लाएगी। स्टार पावर की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए, संजय दत्त फुट-टैपिंग गीत में शामिल होने के लिए तैयार हैं। जहां विजय सेतुपति के कलाकारों में शामिल होने की अटकलें चल रही थीं, वहीं फिल्म में करिश्माई शिल्पा शेट्टी भी हैं। जाने-माने कन्नड़ फिल्म निमार्ता प्रेम द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक शानदार दृश्य बनने के लिए तैयार है। वह कहते हैं, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। नोरा फतेही ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर है। मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने का इंतजार नहीं कर सकती कि हमारे पास उनके लिए क्या है। केवीएन प्रोडक्शंस के बिजनेस और ऑपरेशंस के प्रमुख मोहन सुपृथ ने नोरा के उत्साह को दोहराते हुए कहा, हमें कन्नड़ फिल्म बिरादरी में नोरा फतेही का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनकी ऊर्जा और प्रतिभा अद्वितीय है, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति हमारी फिल्मों में एक अनोखापण लायेगी। उम्मीद है कि बॉलीवुड के दिग्गजों और स्थानीय कन्नड़ प्रतिभाओं के बीच तालमेल पर्दे पर जादू पैदा करेगा।

# महोत्सव का दूसरा चरण 31 मई से सेंटट्रोपेज में


सेंट ट्रोपेज में निर्वाण भारतीय संस्कृति और सिनेमा का दूसरा संस्करण, 31 मई से 2 जून 2024 तक होगा। महोत्सव के दूसरे संस्करण में शाहरुख खान अभिनीत फिल्म स्वदेस प्रदर्शित करेगा। यह महोत्सव समुद्र तटीय शहर सेंट ट्रोपेज में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक बार फिर भारतीय फिल्म निमार्ता, फिल्म सितारे, निमार्ता, लेखक, संगीतकार, कलाकार और नर्तक शामिल होंगे। स्क्रीनिंग, प्रोड्यूसर्स राउंड टेबल, बुक लॉन्च, फूड फेस्टिवल, योग सत्र और भी बहुत कुछ सेंट ट्रोपेज शहर विश्व सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अकादमी पुरस्कार-नामांकित भारतीय फिल्म निमार्ता आशुतोष गोवारिकर को मेडल ऑफ सेंट ट्रोपेज से सम्मानित करेगा।

# गिगी हदीद को पेरिस के शो में किया स्पाट



हाल ही में अमेरिकन फैशन मॉडल गिगी हदीद को पेरिस के जैकमस शो में स्पाट किया गया। इस शो में उन्होंने अपनी साल की पहली कैट वाक की। ये तस्वीरें इसी दौरान की हैं। लुक की बात करें तो हसीना ने व्हाइट शर्ट पेयर की थी। इसके साथ उन्होंने लान्ग कोट कैरी किया था जो उनके लुक को स्टाइलिश बना रहा था। मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो गिगी हदीद इन दिनों मदरहुड टाइम को एंजाय कर रही हैं। गिगी हदीद और उनके बायफ्रेंड जयान मलिक ने 19 सितंबर साल 2020 को बेटी का वेलकम किया था। बता दें कि गिगी हदीद अपने फैशन स्टेंटमेंट को लेकर हमेशा चर्चा में रहती है। माडल की बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा देती हैं।

# सावरकर आज पहले से ज्यादा प्रासंगिक : रणदीप हुड्डा




बायोपिक स्वातंत्र्य वीर सावरकर को लेकर बालीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने कहा है कि वीडी सावरकर हमेशा समय से आगे थे और आज वह पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। स्वातंत्र्य वीर सावरकर, जिसकी रिलीज इस साल 22 मार्च को तय हो गई है, वीडी सावरकर की कहानी को जीवंत करने वाली एक सम्मोहक स्टोरीलाइन पेश करती है। फिल्म का निर्देशन करने वाले रणदीप मुख्य किरदार भी निभा रहे हैं। उनका चित्रण टूर डी फोर्स होने का वादा करता है। इसमें अंकिता लोखंडे और अमित सियाल भी हैं। सावरकर के साथ कालापानी में लगभग दो साल बिताने के बाद आखिरकार उनके लिए आजादी की ओर कदम बढ़ाने का समय आ गया है। यात्रा कठिन रही है, लेकिन इसने मुझे एक अभिनेता के रूप में खुद से आगे बढ़कर एक फिल्म निमार्ता और बहुत कुछ करने में सक्षम बनाया है।

# 500 करोड़ में बनेगी फिल्म रामायण

**राम की भूमिका में नजर आयेंगे रणबीर कपूर**



बालीवुड निर्देशक नितेश तिवारी अपनी अगली मेगा बजट फिल्म रामायण को लेकर खासी चचाओं में हैं। यह फिल्म जहाँ अपने बजट को लेकर चचाओं में है, वहीं इस फिल्म की स्टार कास्ट ने भी दर्शकों को अपने साथ अभी जोड़ने में सफलता प्राप्त कर ली है। दर्शक इस फिल्म की हर छोटी से छोटी जानकारी को लेकर खासे उत्सुक हैं। बताया जा रहा है कि नितेश तिवारी की यह फिल्म लगभग 500 करोड़ के बजट में बनकर तैयार होगी और जब तक इसका प्रदर्शन होगा, तब यह हिन्दी सिनेमा की सबसे बड़ी मेगा बजट फिल्म होगी। मार्च 2024 में फ्लोर पर जाने वाली नितेश तिवारी की रामायण में राम की भूमिका के लिए रणबीर कपूर और सीता की भूमिका के लिए दक्षिण भारत की ख्यातनाम अभिनेत्री साईं पल्लवी को लिया गया है। केजीएफ से पैन इंडिया स्टार बने अभिनेता यश को रावण की भूमिका के लिए चुना गया है। वहीं अब तीन और महत्त्वपूर्ण किरदारों के लिए लारा दत्ता, सनी देओल और बॉबी देओल को लेने की बात सामने आ रही है। बड़े पैमाने पर बनाई जा रही मूवी रामायण फिल्म में कैकेयी के रोल के लिए लारा दत्ता को फाइनल किया जा सकता है। कैकेयी रामायण का वो मुख्य किरदार है, जिसके बिना रामायण नहीं होती। बताया जा रहा है कि नितेश तिवारी ऐसे अभिनेताओं को लेना चाहते हैं जो भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी कहानी के पात्रों को करने में सक्षम हों। उनका मानना है कि लारा दत्ता राजा दशरथ की तीसरी पत्नी रानी कैकेयी की भूमिका निभाने के लिए बिल्कुल सही हैं। यह एक बड़ा रोल है जो रामायण में पूरे संघर्ष को दिखाता है और लारा नितेश तिवारी की फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं। बताया जा रहा है कि निमार्ताओं ने इन दिनों अपने अभिनय और पुनः प्राप्त सफलता के चलते दर्शकों में छाए देओल बंधु–सन्नी देओल और बॉबी देओल–को अपने इस मेगा प्रोजेक्ट में जोड़ने का फाइनल निर्णय ले लिया है। सन्नी देओल को भगवान हनुमान की भूमिका में और बॉबी देओल को रावण के भाई कुंभकरण की भूमिका के लिए फाइनल किया जा सकता है। बता दें कि नितेश तिवारी ने हिन्दी सिनेमा में अपना एक अलग मुकाम अपनी फिल्मों के जरिये बनाने में सफलता हासिल की है। दर्शकों को उनकी फिल्मों का इंतजार रहता है। गत वर्ष प्रदर्शित उनके निर्देशन में बनी फिल्म बवाल, जो सीधे ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी ने दर्शकों को अपने साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त की थी।

## सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'फाइटर' का नया गाना 'मिट्टी...' हुआ रिलीज




सिद्धार्थ आनंद की निर्देशित और ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर फिल्म फाइटर रिलीज होने के बाद से लगातार कमाई कर रही है। पावर पैक्ड एक्शन सीन्स से भरपूर यह फिल्म देशभक्ति की भावना से सराबोर है। ऐसे में मेकर्स ने अब इस फिल्म के एक गाने मिट्टी... को जारी कर दिया है। यह एक ऐसा गीत है, जो देशभक्ति की भावना के साथ वायुसेना के वॉरियर्स की बहादुरी को दशार्ता है। फिल्म फाइटर का यह गाना वास्तव में दिलों को छूता है और हमारे देश के लिए प्यार की भावना पैदा करता है। राष्ट्र को सभी रिश्तों से ऊपर रखना ही 'मिट्टी...' गाने का असली सार है। सिद्धार्थ आनंद की निर्देशित और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग से वायाकॉम18 स्टूडियोज की प्रस्तुति, 'फाइटर' देशभक्ति से जुड़ी है।

# मुंबई के मेट्रो स्टेशन पर दिखीं रवीना टंडन, वीडियो वायरल



90 के दशक में अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से सभी को प्रभावित करने वाली रवीना टंडन के प्रशंसक काफी कम हो गए हैं। फिलहाल रवीना वेबसीरीज 'कर्मा कॉलिंग' के कारण चर्चा में हैं। ऐसे में रवीना टंडन को अब मुंबई मेट्रो स्टेशन पर देखा गया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुंबई मेट्रो स्टेशन पर रवीना टंडन के एक वीडियो में कहती दिख रही हैं कि, 'यात्रियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।' इस वीडियो को देखकर उनके फैंस हैरान रह गए। कुछ नेटिजन्स ने उनकी प्रशंसा की। कुछ लोगों ने कहा कि यह पब्लिसिटी स्टंट था। लग्जरी गाड़ियों में सफर करने वाले सितारे पब्लिक ट्रांसपोर्ट से सफर करने को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। इससे पहले भी अक्षय कुमार, ऋतिक रोशन को मेट्रो से सफर करते देखा जा चुका है। रवीना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने ओटीटी पर डेब्यू किया है। रवीना इंद्राणी कोठारी वेब सीरीज "कर्मा कॉलिंग" में एक शक्तिशाली महिला की भूमिका निभा रही हैं। सीरीज में मर्डर, रोमांस, सस्पेंस, थ्रिल सब कुछ है। फैंस इस सीरीज को हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6691

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6690 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्दजाल - 7438

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ए | का | धि | का | र | क | गो |
| न | का | मे | म | इं | भा | र | त | ति | ना | ला |
| अ | दा | र | रि | मा | ग | अं | द | ह | ड्ड | का |
| फ्रां | स | ल | का | का | न | स | ध | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | न | मे | इ | ट | ली | दे |
| अ | ना | का | इं | व | प | का | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | डो | अ | ला | र | ची | न | ज |
| इं | न | भा | र | न | ने | स | रा | न | वि | र्म |
| क | ग्लैं | बा | अ | लं | का | शि | ह | न | जू | नी |
| र | का | ड | मा | न | सिं | ब्रा | या | का | प | श |
| बां | र | ल | प | स्पे | न | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में सर्वाधिक थिएटरों वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए, नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

चीन, अमेरिका, भारत, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ईंग्लैंड, इटली, कनाडा, इंडोनेशिया

### शब्दजाल - 7437 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | पु | णे | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | य |
| रा | वि | ली | प्रे | दि | ल्ली | मे | ष | बा | दी | छ |
| मि | आ | ब | वृ | क | इं | मु | ब | न | को | वा |
| बें | थु | ल | ना | क | डि | आ | ब | ल | ल | चा |
| न | ग | न | भ | ग | या | ल | न | ई | का | क |
| ली | ती | लो | सू | र | पु | सिं | निं | ग | ता | न |
| र | स | बा | र | स | क | र | ऊ | ई | है | ब |
| क | फ | चो | त | क | रा | म | तु | ला | द | म |
| स | या | औ | र | आ | क | गॉ | ल | प | रा | जी |
| कुं | भ | म | प | द | अ | ह | म | दा | बा | द |
| र्त | चे | न्न | ई | ग | र | ल | स | प | द | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6391

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | 6 | 2 |
| | 31 | 1 | 25 | 5 | 33 | |
| 3 | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 27 | | 28 | 1 | 37 | 6 |
| 2 | | | 1 | | 5 | |
| | 36 | 6 | 37 | 3 | 35 | |
| | | 4 | | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6390 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 6 | 33 | 1 | 25 | 5 | 31 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 39 | 4 | 31 | 6 | 34 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 |
| 2 | 36 | 7 | 36 | 7 | 30 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सुरक्षा के चलते भारत–पाकिस्तान मैच की नहीं हो रही खूब चर्चा, भारतीय उच्चायोग ने किया टीम का स्वागत

**इस्लामाबाद।** भारतीय उच्चायोग ने यहां 60 साल में पहली बार आई भारतीय डेविस कप टीम का स्वागत किया। भारतीय टेनिस टीम पाकिस्तान से डेविस कप मुकाबला खेलने आई है। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायुक्त गीतिका श्रीवास्तव ने भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों का स्वागत किया। पिछली बार भारतीय डेविस कप टीम 1964 में पाकिस्तान आई थी। दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण खेल संबंध अवरूद्ध हैं। श्रीवास्तव ने कहा ,' भारतीय राष्ट्रीय टीम का यहां स्वागत करना गर्व की बात है। यह ऐतिहासिक मौका है कि भारतीय टीम इतने लंबे समय बाद पाकिस्तान आई है। हम टीम को शुभकामना देते हैं। उच्चायोग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों से बातचीत की और खेल के बारे में सवाल भी पूछे। भारत और पाकिस्तान 3 और 4 फरवरी को डेविस कप विश्व ग्रुप वन मुकाबला खेलेंगे। विजेता ग्रुप वन में ही रहेगा जबकि हारने वाली टीम ग्रुप टू में खिसक जाएगी। भारत डेविस कप के इतिहास में कभी पाकिस्तान से हारा नहीं है। पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) को इससे पहले कभी खैबर पख्तूनवा और ब्लूचिस्तान जैसे इलाकों से डेविस कप मैचों के लिए पास का आग्रह नहीं आया था। बावजूद इसके भारत और पाकिस्तान के बीच यहां स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 3-4 फरवरी को होने वाले टेनिस मैचों को लेकर इस्लामाबाद कोई ज्यादा प्रचार नहीं करना चाहता। इस शहर में एक पोस्टर नहीं है जिससे यह झलके कि 60 साल बाद भारतीय टेनिस टीम पाकिस्तान का दौरा कर रही है। स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में स्थानीय मीडिया को भी अनुमति नहीं है। पीटीएफ को लगता है कि भारतीय टीम के दौरान से पाकिस्तान में खेलों का विकास होगा लेकिन मुकाबले को लेकर प्रचार की कमी दिखती है।

आमतौर पर किसी भी भारत–पाकिस्तान मैच को लेकर जो उत्साह नजर आता है, वो नहीं दिख रहा सुरक्षा का यह आलम है कि भारतीय खिलाड़ी कहीं घूमने नहीं जा सकते। उन्हें स्टेडियम से होटल तक ही सीमित रहना पड़ रहा है। हालांकि खिलाड़ियों ने मरगाला हिल का दौरा जरूर किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अल नस्र ने इंटर मियामी को 6-0 से रौंदा, मुस्कुराते दिखे रोनाल्डो, सऊदी अरब के लोगों ने मेसी को चिढ़ाया



**नई दिल्ली ।** अल नस्र ने इंटर मियामी को 6-0 से रौंद दिया। चोट की वजह से क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी यह दोस्ताना मैच नहीं खेल रहे थे। हालांकि, दोनों स्टेडियम में इस मुकाबले को देखने के लिए जरूर मौजूद थे। रोनाल्डो की पिंडली की चोट के कारण अल नस्र को पिछले हफ्ते चीन का दो मैचों का दौरा रद्द करना पड़ा था। अब इसी वजह से वह अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मेसी की टीम इंटर मियामी के खिलाफ भी नहीं खेल पाए। मैच में अपनी टीम को शानदार हालत में देख रोनाल्डो मुस्कुराते दिखे, जबकि मेसी को मैच के बाद सऊदी अरब के लोगों ने छह गोल का इशारा कर चिढ़ाया। रोनाल्डो और मेसी ने मिलकर 13 बैलन डी ओर पुरस्कार जीते हैं, जिसमें मेसी ने पिछले साल रिकॉर्ड आठवीं बार पुरस्कार जीता था। रोनाल्डो और मेसी एकदूसरे के सामने पिछली बार 2023 में आए थे, जब रोनाल्डो की अल नस्र टीम का सामना मेसी की पुरानी टीम पीएसजी से हुआ था। पीएसजी ने उस मैच में अल नस्र को 5-4 से हराया था। मैच में क्या हुआ अल नस्र के लिए खेलने वाले ब्राजील के तालिस्का ने तीन गोल दागे और इंटर मियामी के लिए मैच में वापसी करना मुश्किल हो गया। इसके अलावा ओटावियो, अयमेरिक लापोर्टे और मोहम्मद मारान ने भी गोल दागे। अल नस्र ने तीसरे ही मिनट में गोल का खाता खोल दिया था। यह देखकर रोनाल्डो ने खड़े होकर ताली बजाई। वहीं, तालिस्का ने 10वें मिनट में गोल दाग बढ़त को 3-0 कर दिया। इसके बाद लापोर्टे ने 12वें मिनट में मियामी के गोलकीपर ड्रेक कैलेंडर को छका कर फ्री हिट पर शानदार गोल किया। फिर तालिस्का का कहर देखने को मिला। उन्होंने 51वें मिनट में मिले पेनल्टी पर और फिर 73वें मिनट में शानदार फील्ड गोल किया। वहीं, मारान ने 68वें मिनट में गोल दागा। इंटर मियामी में स्टार प्लेयर्स भले ही मेसी यह मैच नहीं खेल रहे हों, लेकिन लुईस सुआरेज, सर्जियो बुस्केट्स और जोर्डी अल्बा इंटर मियामी टीम का हिस्सा थे, लेकिन ये भी अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके।

### चेन्नई ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सुमित नागल, ऑस्ट्रेलिया ओपन में रचा था इतिहास

**चेन्नई।** चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई सुमित नागल करेंगे। विश्व में 121वीं रैकिंग के सुमित ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 31वीं वरीय कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया था। उनके अलावा रामकुमार रामानाथन और शशिकुमार मुकुंद भी खेलेंगे। दोनों को वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश दिया गया है। इटली के ल्यूका नार्डी को शीर्ष वरीयता दी गई है। युगल में अर्जुन खाडे और जीवन नेदुनचेझियन को शीर्ष वरीयता मिली है। चैलेंजर सीरीज के तहत अगले तीन टूर्नामेंट बंगलूरू, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में इतिहास रचा था। वह 1989 के बाद से ऑस्ट्रेलियन ओपन में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए थे। नागल ने पहले दौर में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2, 7-6 (7-5) से हराया था। हालांकि, दूसरे दौर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।



### सरफराज को पसंद है विराट , डिविलियर्स और रिचर्ड्स की बल्लेबाजी

**विशाखापत्तनम ।** बल्लेबाज सरफराज खान को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है हालांकि वह अंतिम ग्यारह में जगह नहीं बना पाये हैं। सरफराज ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं, इसके बाद से ही उन्हें भारतीय टीम में शामिल किये जाने की मांग उठती रही है। सरफराज को विराट कोहली, एबी डिविलियर्स और विवियन रिचर्ड्स और जावेद मियांदाद की बल्लेबाजी पसंद है। सरफराज के अनुसार वह जो रूट की बल्लेबाजी को भी देखते हैं। इस बल्लेबाज के अनुसार जो भी सफल बल्लेबाज होता है उसे देखकर वह सीखने का प्रयास करते हैं। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह भविष्य में चाहे रणजी ट्रॉफी खेले या भारत के लिए खेलें। सीखने का क्रम जारी रखेंगे। सरफराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता नौशाद अहमद को दिया है जिन्होंने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई घंटे मेहनत की। साथ ही कहा कि इसी कारण वह भारतीय टीम तक पहुंचे हैं। सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान भी क्रिकेटर और इस समय अंडर 19 विश्व कप खेल रहे हैं।



**तीसरे अनऑफिशियल टेस्ट में भारत–ए 192 रन पर सिमटा**

# पोट्स–कार्स ने मिलकर चटकाए 10 विकेट ; पहली पारी में इंग्लैंड लायंस का स्कोर 98/1

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीसरे और आखिरी अनऑफिशियल टेस्ट में इंडिया–ए की शुरुआत खराब रही। टीम पहली पारी में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 विकेट हासिल किए। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड लायंस ने एक विकेट पर 98 रन भी बना लिए हैं। एलेक्स लीस 48 और ओलीवर प्राइस 20 रन के निजी स्कोर पर नाबाद हैं। लायंस पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है। अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के कप्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले खेलने उतरी भारतीय टीम सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में दो सेशन के अंदर ऑलआउट हो गई।



### 19 रन पर पवेलियन लौटे भारतीय ओपनर्स

अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने मैच की पहली ही गेंद पर ही कप्तान का विकेट गंवा दिया। उन्हें पोट्स ने आउट किया। उन्होंने साई सुदर्शन (07 रन) को भी आउट करके भारतीय ओपनर्स को 19 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। पोट्स ने तीसरे नंबर पर उतरे तिलक वर्मा (22 रन) और रिंकू सिंह (00) को भी पवेलियन भेजा। इस टीम से डेब्यू सीरीज खेल रहे रिंकू लगातार दूसरी पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे। 19 रन पर पवेलियन लौटे भारतीय ओपनर्स अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने मैच की पहली ही गेंद पर ही कप्तान का विकेट गंवा दिया। उन्हें पोट्स ने आउट किया। उन्होंने साई सुदर्शन (07 रन) को भी आउट करके भारतीय ओपनर्स को 19 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। पोट्स ने तीसरे नंबर पर उतरे तिलक वर्मा (22 रन) और रिंकू सिंह (00) को भी पवेलियन भेजा। इस टीम से डेब्यू सीरीज खेल रहे रिंकू लगातार दूसरी पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे।

### पड्डीकल और सारांश जैने अर्धशतक जमाए

शुरुआती विकेट गंवाने के बाद मिडिल ऑर्डर पर उतरे कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल (96 गेंद में 65 रन) और सारांश जैन ने 64 रन की अहम पारियां खेली।

### पोट्स को 6 और कार्स को 4 विकेट

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर छह विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार छह विकेट हासिल किए। वे तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ निभाते हुए 52 रन देकर चार विकेट चटकाए।

### आकाशदीप ने तोड़ी ओपनिंग साझेदारी

इंडिया–ए को 192 पर ऑलआउट करने के बाद ओपनर लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने लायंस को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। फिर लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा।

### जडेजा तीसरा टेस्ट भी शायद ही खेल पायें

**बेंगलुरु ।** ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी खेलना तय नहीं है। जडेजा को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी कारण वह शुरु हुए दूसरे टेस्ट से भी बाहर हैं। जडेजा अभी यहां राष्टीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने इलाज और पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं। जडेजा के अलावा केएल राहुल भी जांच में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था जबकि राहुल की दायीं जांच में खिंचाव आया था। बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनो का ही उपचार कर रही है। जडेजा की चोट को लेकर टीम प्रबंधन कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता है। इसी लिए उन्हें तीसरे टेस्ट से भी हटा लिया गया है। वहीं राहुल सुधार होने पर होने पर तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी की भी संभावना नहीं है क्योंकि वह अभी तक चोट से उभर नहीं पाए हैं। जडेजा गेंदबाजी के साथ ही शानदार बल्लेबाज भी करते हैं। इसके अलावा वह एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। तीसरा टेस्ट राजकोट में होना है जोकि जडेजा का घरेलू मैदान है पर वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल नहीं पाएंगे।

# एफआईएच प्रो लीग के लिए हरमनप्रीत को भारतीय हॉकी टीम की कमान, दो चरणों में खेले जाएंगे मुकाबले



**नई दिल्ली। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए बृहस्पतिवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया।**

भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया से दो–दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे।

गोलकीपिंग का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक संभालेंगे। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हमने काफी संतुलित टीम चुनी है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। हमारा लक्ष्य एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना है । यह शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का सुनहरा मौका है।'

### टीम

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक।

**डिफेंडर्स:** हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह।


**मिडफील्डर्स :** हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांत शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम।

**फॉरवर्ड :** ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अरिजीत सिंह हुंदल।

# मैनचेस्टर सिटी की लगातार आठवीं जीत, बर्नले को 3-1 से हराया, जूलियन अल्वारेज ने दो गोल दागे

**मैनचेस्टर। स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज (16 और 22वां मिनट) के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मुकाबले में बर्नले को 3-1 से हराया। सिटी के अहम स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड लगभग दो महीने के बाद खेलने उतरे। वह चोट के चलते मैदान से दूर थे और 71वें मिनट में केविन डि ब्रून की जगह खेलने आए। ब्रून ने अल्वारेज के दूसरे गोल करने में मदद की। सिटी ने सभी टूर्नामेंट में खेलते हुए लगातार आठवीं जीत दर्ज की और साथ ही यह उसकी बर्नले के खिलाफ लगातार 13वीं जीत है।**

इस बार खिताब को लेकर सिटी और लिवरपूल के बीच टक्कर है। लिवरपूल 51 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर कायम है। वहीं, सिटी और आर्सेनल के 46 अंक हैं। सिटी गोल अंतर में आगे होने के चलते दूसरे नंबर पर है। सिटी के लिए मैच में तीसरा गोल रोड्री ने



फिल फोडेन के पास पर 46वें मिनट में किया। वहीं, बर्नले के लिए एकमात्र गोल अमीन अल दाखिल ने मैच के इंजुरी समय 90+3वें मिनट में किया, लेकिन यह सिर्फ हार का अंतर ही कम कर पाया। अल्वारेज अपने जन्मदिन पर ईपीएल में दो या इससे ज्यादा गोल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए।

### लिवरपूल ने चेल्सी को दी शिकस्त

ईपीएल के एक अन्य मैच में लिवरपूल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को 4-1 से शिकस्त दी। लिवरपूल के लिए डियागो जोटा (23वें मिनट), कोनोर ब्रेडली (39वें मिनट), डोमोनिक जोबोस्लाई (65वें मिनट) और लुइस डियाज (79वें मिनट) ने एक–एक गोल दागे। वहीं, चेल्सी के लिए क्रिस्टोफर नकुंकु (71वें मिनट) ने एक गोल किया।

# ऋषभ,शमी सहित इन खिलाड़ियों का आईपीएल में खेलना संदिग्ध

**मुम्बई ।** अगले माह मार्च में होने जा रहे आईपीएल में प्रशंसकों को एक बार फिर फटाफट क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा हालांकि आईपीएल के इस 17 वें सत्र में कई बड़े खिलाड़ियों के खेलने पर अभी भी संदेह बना हुआ है। इसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव भी हैं ये दोनो ही अभी चोटिल हैं और इसी कारण टीम से बाहर हैं। इसके अलावा कार हादसे के बाद से ही टीम से बाहर चल रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी भी तय नजर नहीं आती है। ऋषभ आईपीएल से वापसी के लिए अभ्यास में लगे हुए हैं। आईपीएल 22 मार्च से शुरु हो रहा है। ऐसी संभावना है कि कुछ खिलाड़ी इस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे जबकि कुछ को पूरे सत्र से ही बाहर रहना पड़ सकता है।

**ऋषभ पंत** – दिल्ली कैप्टिलस के कप्तान ऋषभ पिछले एक साल से अधिक समय से खेल के मैदान से दूर है। कैपिटल्स को इस बल्लेबाज के खेलने की उम्मीद है पर जिस प्रकार से उनकी रिकवरी चल रही है उसको देखते हुए उनका खेलना तय नजर नहीं आत है। ये भी हो सकता है कि वह शुरुआती मैच नहीं खेल पायें।

**मोहम्मद शमी** – गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल मोहम्मद शमी को हाल ही में चोट लग गई थी और उसके बाद से वह फिट होने के लिए रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर हैं। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हैं। शमी ने आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। ऐसे में अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो ये गुजरात के लिए करारा झटका



होगा।

**सूर्यकुमार यादव** – मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पैर की चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर हैं। वह अफगानिस्तान के साथ सीरीज से भी बाहर रहे थे। सूर्यकुमार यादव को अभी भी कम से कम दो महीने के आराम की आवश्यकता होगी, ऐसे में तय है कि वह शुरुआती मैच न खेल पायें।

**राशिद खान** – गुजरात टाइटस टीम में शामिल अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान की हाल ही में सर्जरी हुई थी जिससे उबरने में उन्हें समय लगेगा। इसी कारण वह भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज भी नहीं खेल पाये थे। राशिद आगामी पीएसएल 2024 में भी नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनका आईपीएल 2024 में भी खेलना बेहद संदिग्ध नजर आता है।

**डब्लूसीएल में एक साथ खेलेंगे युवराज, ब्रेट ली और रैना**

# फिल्म एक्टर अजय देवगन ब्रांड एंबेसडर, जुलाई में इंग्लैंड में खेली जाएगी लीग

**एजबेस्टन। युवराज सिंह, सुरेश रैना, शाहिद अफरीदी, केविन पीटरसन और ब्रेट ली जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स एक बार फिर खेलते नजर आएंगे। ये सभी सितारे इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स में एक साथ खेलते नजर आएंगे। यह लीग में 3 से 18 जुलाई तक इंग्लैंड के एजबेस्टन में मैदान पर होगी।**

इस लीग से जाने माने फिल्म एक्टर अजय देवगन का नाम भी जुड़ गया है। वे इस लीग के ब्रांड एंबेसडर बने हैं। उन्होंने कहा- एक क्रिकेट प्रेमी के तौर पर लीजेंड्स क्रिकेटर्स को फिर से



एक्शन में देखना एक सपना है। जो सच हो गया। यह टूर्नामेंट न केवल क्रिकेट की पुरानी यादों को सामने लाता है, बल्कि सिनेमा और क्रिकेट के बीच एक अद्वितीय सहयोग का भी प्रतीक है।

### बड़ी क्रिकेटिंग कंट्रीज के खिलाड़ी शामिल होंगे

इस लीग में भारत, पाकिस्तान और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भी ऐसे खिलाड़ी शिरकत कर सकेंगे जो या तो रिटायर हो चुके हैं या इस समय किसी बोर्ड के कॉन्ट्रैक्ट में नहीं बंधे हैं। बॉलीवुड फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन कंपनी जबावा एंटरटेनमेंट इस टूर्नामेंट को ऑर्गेनाइज कर रही है।

### 90 और 2000 के दशक के सितारे दिखेंगे

लीग के संस्थापक हर्षित तोमर ने कहा- इस लीग में वैसे खिलाड़ी खेलेंगे जिनके दुनियाभर में करोड़ों फैंस हैं। इन खिलाड़ियों ने 90 और 2000 के दशक में अलग–अलग देशों में अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता है। डब्लूसीएल के प्लेटफॉर्म पर दर्शकों को इन्हें फिर से देखने का मौका मिलेगा। युवराज, अफरीदी और पीटरसन से कॉन्ट्रैक्ट हो चुका है। बाकी सितारों के नाम की घोषणा भी जल्द होगी।

### टी-20 क्रिकेट के पहले पावर हिटर हैं युवराज

भारतीय सितारे युवराज सिंह की गिनती टी–20 क्रिकेट में पावरहिटिंग की शुरुआत करने वाले बल्लेबाजों में होती है। उन्होंने 2007 टी–20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के जमाए थे। युवराज इस फॉर्मेट के इंटरनेशनल क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। वहीं शाहिद अफरीदी ने 1996 में नैरोबी में श्रीलंका के खिलाफ 37 गेंदों पर शतक जमाया था।

# मन को शांत करता है भ्रामरी प्राणायाम



**मन** को शांत कर तनाव और अवसाद दूर करने में बहुत फायदेमंद आसन है भ्रामरी प्राणायाम। भ्रामरी प्राणायाम करते समय भ्रमर अर्थात भंवरे जैसी गुंजन होती है, इसी कारण इसे भ्रामरी प्राणायाम कहते हैं। भ्रामरी प्राणायाम से जहां मन शांत होता है वहीं इसके नियमित अभ्यास से और भी बहुत से लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

## कैसे करें यह आसन

भ्रामरी प्राणायाम करने के लिए सुखासन, सिद्धासन या पद्मासन में बैठकर सबसे पहले दोनों हाथों की अंगुलियों में से अनामिका अंगुली से नाक के दोनों छिद्रों को हल्का सा दबाकर रखें। फिर तर्जनी को पाल पर, मध्यमा को आंखों पर, सबसे छोटी अंगुली को होठ पर और अंगुठे से दोनों कानों के छिद्रों का बंद कर दीजिए। फिर सांस को धीमी गति से गहरा खींचकर अंदर कुछ देर रोककर रखें और फिर उसे धीरे-धीरे आवाज करते हुए नाक के दोनों छिद्रों से निकालें। सांस छोड़ते वक्त अनामिका अंगुली से नाक के छिद्रों को हल्का सा दबाएं जिससे कंपन उत्पन्न होगा। जोर से पूरक करते समय भंवरी जैसी आवाज और फिर रेचक करते समय भी भंवरी जैसी आवाज उत्पन्न होनी चाहिए। पूरक का अर्थ सांस अंदर लेना और रेचक का अर्थ सांस बाहर छोड़ना।

## इस आसन के फायदे

भ्रामरी प्राणायाम करने से मन शांत होता है और तनाव दूर होता है। इस ध्वनि के कारण मन इस ध्वनि के साथ बंध सा जाता है, जिससे मन की चंचलता समाप्त होकर एकाग्रता बढ़ने लगती है। यह मस्तिष्क के अन्य रोगों में भी लाभदायक है।

इसके अलावा यदि किसी योग शिक्षक से इसकी प्रक्रिया ठीक से सीखकर करते हैं तो इससे हृदय और फेफड़े मजबूत बनते हैं। उच्च-रक्तचाप सामान्य होता है। हकलाहट तथा तुतलाहट भी इसके नियमित अभ्यास से दूर होती है। इससे पर्किन्सन, लकवा, इत्यादि स्नायुओं से संबंधी सभी रोगों में भी लाभ पाया जा सकता है।



### बरतें थोड़ी सावधानी

भ्रामरी प्राणायाम को लेटकर नहीं किया जाता है। नाक या कानों में किसी प्रकार का संक्रमण होने कि स्थिति में यह अभ्यास ना करें। नहीं तो संक्रमण बढ़ सकता है। भ्रामरी प्राणायाम को शांत माहौल में ही करें, ताकि आप निकलने वाली आवाज हो आसानी से महसूस कर सकें।

## फेसबुक फ्रेंड वजन घटाने में मददगार



ये युग टेक प्रेमियों का है और इसमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स का महत्वपूर्ण स्थान है। फेसबुक इन साइट्स में सबसे अव्वल है। इन सोशल साइट्स का हमारे जीवन में खासा दखल है और ये हमें कई प्रकार से प्रभावित भी करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फेसबुक फ्रेंड से भावनात्मक जुड़ाव आपका अतिरिक्त वजन कम करने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

## सर्दी जुकाम में लाभप्रद है तुलसी



सर्दी जुकाम होने पर तुलसी की पत्तियों को चाय में उबालकर पीने से राहत मिलती है। तुलसी का अर्क तेज बुखार को कम करने में भी कारगर साबित होता है। करीब सभी कफ सीरप को बनाने में तुलसी का इस्तेमाल किया जाता है। तुलसी की पत्तियां कफ साफ करने में मदद करती हैं। तुलसी के कोमल पत्तों को चबाने से खांसी और नजले से राहत मिलती है।

# काम के साथ आंखों का रखें ख्याल



**वर्तमान** दिनचर्या में कंप्यूटर के बिना काम करना शायद असंभव है, लोग घंटों कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं। घंटों कंप्यूटर के सामने बैठने के कारण इससे निकलने वाली नीली रोशनी से सबसे अधिक नुकसान आंखों को होता है। इसके कारण आंखों की रोशनी कम होती है। इसके अलावा लगातार कम्प्यूटर पर काम करने से आंखों में थकान, धुंधला दिखाई देना, सिर में दर्द और आंखों के आसपास काले घेरे की समस्या आम बात है। ड्राई आई सिंड्रोम भी घंटों कंप्यूटर के प्रयोग के कारण होती है। इसलिए काम के साथ-साथ आंखों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

## अंधेरे में काम न करें



कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि जिस कमरे में आप हों वहां पर अंधेरा या कम रोशनी न हो। आपके कमरे की रोशनी कंप्यूटर स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी से कम न हो। अगर कमरे में अंधेरा होगा या कमरे की रोशनी कम होगी तो कंप्यूटर से निकलने वाली किरणें आंखों को अधिक प्रभावित करेंगी। कंप्यूटर से आंखों की दूरी काम करते वक्त अपनी कुर्सी की ऊंचाई को कम्प्यूटर के हिसाब से ही रखें। कंप्यूटर को अपनी आंखों से 30 सेमी की दूरी पर रखें।

## पलकों को झपकाते रहें

काम के दौरान पलकों को झपकाते रहें, इससे आंखों की नमी बरकरार रहेगी और आंखें सूखेंगी नहीं। लंबे समय तक पलक नहीं झपकाने से आंखों से पानी बहने लगता है।

## काम के बीच ब्रेक लें




अगर आप लगातार कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं तो बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। कोशिश करें कि 30-40 मिनट के बाद अपनी नजर को दूर किसी वस्तु पर ले जाएं, अपने से लगभग 20 फिट की दूरी पर दूसरी वस्तु को देखें। एक घंटे तक काम करने के बाद 10 मिनट के लिए कंप्यूटर की स्क्रीन बंद कर दें।

## हेल्दी स्नैक लेते रहें



आंखों को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन बहुत जरूरी है। खाने में विटामिन ए, ई और सी को जरूर शामिल करें। ये आंखों के लिए आवश्यक हैं। दूध और दूध से बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडा, पपीता, गाजर विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं, इनको अपने आहार में शामिल करें। काम के बीच में भी स्वस्थ और विटामिन युक्त हेल्दी स्नैक लेते रहें।

## आंखों के व्यायाम



काम के बीच में आंखों में थकान हो जाती है, इससे बचाने के लिए काम के दौरान ही आंखों के व्यायाम कीजिए। अपनी हथेली और उंगली से आंखों को बंद करके उनपर मालिश करें। बीच-बीच में आंखों की पुतलियों को चारों ओर घुमाएं। इससे आंखों को आराम मिलता है। बीच-बीच में पानी के छींटे भी मार सकते हैं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए भरपूर नींद जरूरी है, कम से कम आठ घंटे की नींद लें, आंखों में अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों का ही प्रयोग करें। अपनी आंखों की नियमित रूप से जांच कराएं।

# भोजन के समय पानी पीने के नुकसान



**यूं तो** पानी पीना एक अच्छी आदत है। किसी भी रोग को दूर भगाने के लिए पानी एक रामबाण इलाज है। लेकिन क्या आपको पता है खाना खाते समय पानी पीना कितना हानिकारक है आपके स्वास्थ के लिए? इसका सीधा असर आपकी पाचन शक्ति पर होता है। कभी भी खाना खाने के आधे घंटे या 1 घंटे तक पानी नहीं पीना चाहिए।

## क्यों न पीएं भोजन के दौरान पानी

भोजन के समय पानी पीने से यह पेट की सतह द्वारा सोख लिया जाता है। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहती है जब तक कि पेट में पाचन के लिए जरूरी द्रव्य इतने अधिक गाढ़े न हो जाएं कि वे भोजन को पचा सकें। लेकिन खूब सारे पानी पीने के कारण यह द्रव्य पेट में मौजूद भोजन से भी अधिक गाढ़ा हो चुका होता है, ऐसे में भोजन पचाने के लिए पेट में गैस्ट्रिक जूस बनना शुरू हो जाता है। परिणाम स्वरूप भोजन नहीं पचता और सीने में जलन होती है।



## महत्वपूर्ण बातें

- यदि भोजन सादा हो तो भोजन के समय पानी न पीना लाभकारी होता है। लेकिन जब भोजन अधिक तीखा, मिर्च-मसालेदार, नमकीन, खट्टा हो तो पानी पीना आवश्यक है, ऐसे में पानी पीने से आपके शरीर को कोई नुकसान नहीं होगा।
- इसके विपरीत यदि भोजन प्राकृतिक हो और भोजन को अच्छी तरह से चबा-चबाकर खाते हैं तो भोजन के बीच पानी पीने की कोई आवश्यकता नहीं होती।
- तीखा या चटपटा भोजन करते समय ध्यान रखें कि प्यास लगने पर एक या दो घूंट पानी ही पीएं। ज्यादा पानी से पाचन सही से नहीं हो पाता है।
- भोजन करते समय अगर आपको खांसी आती हो और भोजन के बीचमें पानी पीने की जगह दूध, मट्ठा व दही का सेवन करें। इससे आपका भोजन सही से पच सकेगा।
- सर्दियों के मौसम में ठंडा पानी पीने से बचें क्योंकि इस मौसम में आपकी पाचन शक्ति काफी कमजोर होती है।
- भोजन के बीच में पानी पीने से शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है।
- भोजन के बाद एक कप गर्म पानी पीने से आपकी पाचन शक्ति ठीक रहती है और खाने को पचने में मदद मिलती है।
- अगर आप खाने के साथ अन्य कोई पेय पदार्थ जैस कोल्ड ड्रिंक य दूध लेते हैं तो यह आपके पाचन शक्ति के लिए ठीक नहीं हैं। क्योंकि खाना खाने के साथ यह पेय पदार्थ भी कुछ हद तक वैसा ही काम करते हैं जैसा कि पानी।

कुल मिलाकर पानी पीना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है, लेकिन दिन में पानी तो आप खूब पिएं लेकिन भोजन के साथ ज्यादा पानी न पिएं। आप सुबह उठकर खूप पानी पी सकते हैं, या दिन में थोड़ा-थोड़ा कर 3 से 4 लीटर पानी पी सकते हैं।

# डिलीवरी के बाद महिलाओं में होते हैं ये बदलाव

**जैसे कि** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं ठीक उसी प्रकार प्रसव के बाद भी महिला के शरीर में कई बड़े बदलाव आते हैं, विशेषकर पहले हफ्ते में। प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में बदलाव होना स्वाभाविक है। कुछ महिलाएं गर्भधारण के शुरूआत से ही अपना पूरा ख्याल रखती हैं, ऐसी महिलाओं के शरीर में प्रसव के बाद काफी कम बदलाव होते हैं। कई बार ऐसा लगता है कि यह महिला गर्भवती हुई ही नहीं थी। जबकि कई महिलाओं के शरीर में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलते हैं। फिर भी आमतौर पर प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में छोटे-छोटे बदलाव तो जरूर होते हैं।

## त्वचा में बदलाव

बच्चे के जन्म के बाद जिन महिलाओं की त्वचा रूखी होती है, उनकी त्वचा पहले से और भी अधिक रूखी हो जाती है। गर्भावस्था में स्तन, पेट और जांघों की त्वचा खिंच जाती है। इस खिंचाव के कारण महिलाओं के शरीर की त्वचा पर हल्के रंग के दाग दिखाई पड़ने लगते हैं।

## वजन बढ़ना

गर्भावस्था की अवधि के दौरान लगभग सभी महिलाओं का वजन बढ़ जाता है। प्रसव के बाद भी महिलाओं का वजन अधिक ही बना रहता है। अधिक चिकनाईयुक्त भोजन करने, मेवे आदि के सेवन के कारण महिलाओं का भार बढ़ता चला जाता है। जिन महिलाओं का वजन अधिक होता है। उनके शरीर पर पके हुए लाल रंग के घाव दिखाई पड़ने लगते हैं। शरीर के वजन को कम करने के लिए किसी विशेषज्ञ की देखरेख में व्यायाम करना चाहिए।

## बालों का झड़ना

बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के सर के बालों का टूटना, पतला होना, बालों का सफेद होना, बालों का न बढ़ना जैसी परेशानियां आम बात है। आमतौर पर यह खुद ही ठीक हो जाते हैं। इस समस्या से बचने के लिए पौष्टिक आहार लें और बालों की उचित देखभाल करें।

## दांतों में परेशानी

प्रसव के बाद महिलाओं के दांतों की चमक कम हो जाती है। दांतों में दरारे, दांतों में छेद, मसूड़ों का सूजना एवं मवाद का आना आदि समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती है।

## पैरों में बदलाव

महिलाओं में प्रसव के बाद शरीर के लिंगामेंट मांसपेशियों तथा दो हड्डियों के बीच बांधने वाली नलिकाएं ढीली हो जाती है, जिससे पैरों के आकार में परिवर्तन हो जाता है। प्रसव के बाद हड्डियों का आकार बदल जाता है। इस कारण महिलाओं के चाल में भी परिवर्तन आ जाता है। इसकी वजह से कमर तथा कूल्हों में दर्द है।

## मानसिक बदलाव

कई बार प्रसव के बाद महिलाओं को रोने का मन करता है। या कई अलग-अलग तरह के विचार दिमाग में आते हैं। यह शरीर में हुए हार्मोनल बदलाव के कारण हो सकता है।

# चुस्त रहने के लिए जरूरी है शरीर में पर्याप्त हो आयरन



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अन्य विटमिन की ही तरह आयरन से भरपूर आहार लेना भी बहुत जरूरी होता है। आयरन की जरूरत हीमोग्लोबिन बनाने के लिए होती है। यह लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है जो अंगों व ऊत्तकों में ऑक्सीजन वहन करने का काम करता है। पर जब भी आयरन की बात आती है तो बेस्ट सोर्स के तौर पर पालक का नाम ही दिमाग में आ जाता है। लेकिन जानना होगा कि सिर्फ पालक ही आयरन का बेस्ट सोसज़ नहीं है। तो आइए आज हम आपको बताते हैं कि कैसे पोषक तत्वों और सप्लीमेंट्स के जरिए हम खून में आयरन की मात्रा बढ़ा सकते हैं।

## गुड़ खाकर दूर करें आयरन की कमी

अगर आयरन की पयाज़्त मात्रा न हो, तो इसका असर हमारे शरीर के कई अंगों पर पड़ता है। गुड़ एक ऐसा आहार है जिसमें आयरन बहुत अधिक पाया जाता है। गुड़ गन्ने से तैयार एक शुद्ध, अपरिष्कृत चीनी है। यह खनिज और विटमिन है जो मूल रूप से गन्ने के रस में ही मौजूद हैं। गुड़ को चीनी का शुद्धतम रूप माना जाता है। गुड़ आयरन का एक प्रमुख स्त्रोत है और अनीमिया के शिकार व्यक्ति को चीनी के स्थान पर इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

## आयरन अवशोषण ऐसे बढ़ाएं

शाकाहारी खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन आपके शरीर के ज्यादा से ज्यादा काम कैसे आए यह जानना भी जरूरी है। इसमें विटमिन सी आपकी मदद कर सकता है। ताजा सब्जियां और खट्टे फल विटमिन सी के सबसे अच्छे ीत हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो मसूर के सूप में लाल शिमला मिर्च व अन्य सब्जियां डालकर पिएं।

## इतने आयरन की जरूरत

सामान्य महिला को एक दिन में 18 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है, गर्भावस्था के दौरान महिला को 27 मिलीग्राम आयरन लेना चाहिए। वहीं, पुरुषों को रोजाना 8 मिलीग्राम आयरन की जरूरत होती है। 14 से 18 साल की आयु की लड़कियों को 15 मिलीग्राम आयरन की रोजाना आवश्यकता होती है।

यह सोचना गलत है कि पालक में ही सबसे ज्यादा आयरन होता है। रेड मीट में ज्यादा मात्रा में आयरन होता है जो फायदेमंद है। पर इसे ज्यादा मात्रा में नहीं खाना चाहिए।

– **डॉ सरनजीत सिंह,** स्पोर्ट्स मेडिसिन स्पेशियलिस्ट

### आयरन की कमी के लक्षण

■ जीभ में दर्द ■ बालों का झड़ना ■ सिर में दर्द ■ चक्कर आना ■ थकान लगना ■ भूख न लगना ■ नाखूनों में सफेदी आ जाना ■ कमजोरी

### इन फूड्स से मिलेगा आयरन

- **वेज:** फलियां, नट्स, बादाम, पालक और हरी पत्तेदार सब्जियां।
- **नॉनवेज:** रेड मीट और मछली
- **फल:** खजूर, तरबूज, सेब, अंगूर, अनार

# रेसिपी

## करेले का चटपटा अचार



### सामग्री

1 किलो करेला
2 चम्मच नमक
1 चम्मच हल्दी
1 चम्मच सोंठ
1/4 कप मिर्च पावडर
1/4 कप भुनी और कुटी अजवायन
2 चम्मच सौंफ, भुना और पावडर किया हुआ
2 कप नींबू का रस एक कांच का जार

### विधि

करेले के ऊपर का कठोर हिस्सा चाकू से घिस लें, फिर उसे लंबा लंबा काट लें। करेले को नमक में मिलाएं और 3-4 घंटे के लिए रख दें। फिर करेले को हाथों से दबा कर निचोड़ लें और उसक बीज को निकाल कर साफ पानी से धो लें। उसके बाद फिर से करेले को निचोड़ें। अब मसाले में नींबू का जूस मिक्स करें, जिससे उसमें नमी आ जाए। फिर इस मसाले को करेले के अंदर भर कर उसे धागे से कटस कर लपेट दें, जिससे वह बंध जाए। अब इन करेलों को जार में भर दें और ऊपर से नींबू का रस मिला कर कवर कर दें। इसे 3-4 दिन धूप दिखा कर तीन चार हफ्तों बाद खाएं। एक बार जब करेले का अचार तैयार हो जाए तब इसे छोटे छोटे पीस में काट कर सर्व किया जा सकता है।

## रागी डार्क चॉकलेट



### सामग्री

100 ग्राम कंपाउंड डार्क चॉकलेट
2 अंडे 1/2 कप कैस्टर शुगर या ब्राउन शुगर
1/2 कप पिघला बटर
1/2 कप रागी आटा
1/2 चम्मच बेकिंग पावडर
2 टी स्पून विस्की

### विधि

ओवन को पहले 100 डिग्री सेल्सियस पर गरम कर लें। फिर कंपाउंड चॉकलेट को छोटे टुकड़ों में तोड़कर डबल बॉइलर में पिघला लें। फिर इसे किनारे रखें और ठंडा होने के लिए किनारे रख दें। एक बाउल में अंडे अच्छे से फेटें और उसमें शक्कर धीरे धीरे मिलाएं। अब पिघला चॉकलेट और पिघला बटर एक साथ मिक्स करें। फिर इस मिश्रण को अंडे और शक्कर वाले मिश्रण में मिक्स करें। अब रागी और बेकिंग पावडर को छान लें। फिर इसे पहले बताए गए मिश्रण में धीरे धीरे मिक्स करें। ध्यान रखें कि गांठे ना पड़ें। साथ ही ओवर मिक्स भी ना करें। अब आखिर में विस्की मिलाएं और आखिरी बार चलाएं। इस मिश्रण को बेकिंग टिन जो कि 6 इंच की चौड़ाई में हो, उसमें पलटें। इसे ओवन में 15 मिनट तक पकाएं और जब यह हो जाए तब उसमें फोर्क घुसा कर चेक कर लें। फिर इसे ओवन से निकाल कर ठंडा होने के लिये रखें। फिर इसे सर्व करें।

# ऑल टाइम फेवरेट शॉर्ट मिडी और वन पीस ड्रेसेज



**इस** बार सर्दी कम है, इसलिए पार्टी में ड्रेस का स्टाइल भी कुछ डिफरेंट होगा। यंगस्टर्स सेलिब्रेशन में लेटेस्ट फैशन कैरी कर रहे हैं। इसे देखते हुए मैटेलिक टच में वन पीस ड्रेस और गाऊन का ट्रेंड देखा जा रहा है। साथ ही लांग टॉप्स, शॉर्ट मिडी और लाइक्रा ड्रेस को भी गर्ल्स पसंद कर रही हैं। पार्टी में शॉर्ट ड्रेस के साथ ही स्पेशल दिखने के लिए सिल्वर और गोल्डन कलर में ड्रेसेस डिजाइन यूथ ने सबसे ज्यादा कराई हैं।

## लांग टॉप

यह एक तरह का टॉप है, जो थोड़ा डीप लेंथ का है। इसको लेगिंग्स, जेगिंग्स और जींस के साथ मैच किया जा सकता है। स्पेशल ओकेजंस को देखते हुए ये ड्रेस परफेक्ट है, क्योंकि इसे मलमल कॉटन से बनाया गया है, जो रात में लाइट से रिफ्लेक्ट होकर काफी चमकता है।

## मक्खी नेट शॉर्ट्स

मक्खी नेट शॉर्ट्स का फैशन भी इन दिनों काफी पॉपुलर हो रहा है। फ्लॉवर इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाता है। ये ड्रेस दिखने में जितनी ट्रेंडी है पहनने में उतनी ही आरामदायक भी है। ये ड्रेस कूल और डिसेंट दोनों ही लुक देती हैं। सेलिब्रिटी से हिट हुआ शॉर्ट मिडी का फैशन अब सिटी में भी एंट्री मार चुका है। यह एक तरह का लांग टॉप होता है जिसे जींस, लेगिंग्स या जेगिंग्स के साथ तो पहना ही जा सकता है साथ ही इसको वन पीस की तरह से भी यूज किया जा सकता है। ये ड्रेस पहनने में काफी कम्फर्टेबल होती हैं।

## वेल्वेट ड्रेसेस

न्यू ईयर पार्टी के लिए लाइक्रा और वेल्वेट ड्रेसेस डिजाइन किए जा रहे हैं। वन पीस ड्रेस खासतौर पर फ्रिल पैटर्न में डिजाइन की जा रही हैं। वहीं, ईवनिंग गाउन से लेकर, वन पीस ड्रेसेस, स्कर्ट्स ज्यादातर ड्रेसेस फ्रिल पैटर्न में अवेलेबल हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**